# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
सोमवार 22 सितम्बर 2025
आश्विन कृष्ण 01 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 17, अंक 02
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in


## खास खबर

### उपमुख्यमंत्री का एक्स अकाउंट हुआ हैक

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। हैकर्स ने उनके सोशल मीडिया हैंडल से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों की तस्वीरें पोस्ट कीं। शिंदे के कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत साइबर क्राइम पुलिस को सूचना दी। उनकी टीम ने कहा कि शिकायत के बाद 30 से 45 मिनट के अंदर अकाउंट का कंट्रोल हमें वापस मिल गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस मामले की जांच कर रहा है और हैकिंग के पीछे के लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि हैकिंग के दौरान कोई संवेदनशील जानकारी शेयर नहीं हुई है। अकाउंट अब पूरी तरह से सुरक्षित है और सामान्य रूप से काम कर रहा है।

### मिथुन मनहास बनेंगे बीसीसीआई अध्यक्ष

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली टीम के पूर्व कप्तान मिथुन मनहास ने रविवार को मुंबई स्थित बोर्ड मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख रविवार दोपहर थी। 45 वर्षीय मनहास भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने 1997-98 से लेकर 2016-17 तक के लंबे करियर में 157 फर्स्ट क्लास, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मुकाबले खेले हैं। उनके नाम 9714 फर्स्ट क्लास रन दर्ज हैं।

### 200 खाते साइबर ठगों को बेचे

मुजफ्फरनगर। गरीब लोगों से उनके बैंक खाते खरीदकर विदेश में बैठे साइबर ठगों को बेचने वाले मास्टरमाइंड बागपत के बामनौली निवासी अंकित तोमर को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी 200 से ज्यादा खाते खरीदकर साइबर ठगों को भेज चुका है। उसकी डायरी से पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी का हिसाब किताब मिला है। वह विदेश में बैठे केलविन नाम के साइबर ठग के संपर्क में था। एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने पुलिस लाइन सभागार में बताया कि साइबर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बागपत जिले के बामनौली निवासी अंकित तोमर को शामली बाईपास के पास शाहपुर कट से गिरफ्तार किया। उससे 32 बैंक खातों के एटीएम, 26 सिम, पांच फोन, एक पासबुक, दो चेक बुक, एक डायरी, एक बिल बुक, एक स्टांप, उसके दो फर्जी आधार कार्ड, एक वाइफाई, आई-10 कार और 2540 रुपये बरामद हुए हैं।

# देशभर में आज से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें

## नवरात्र के पहले दिन घट जाएंगे कई वस्तुओं के दाम...रसोई के जरूरी सामान से लेकर ऑटोमोबाइल तक लगभग 375 वस्तुओं की कीमतें हो जाएंगी कम

नई दिल्ली। जरूरत के सामानों पर सोमवार से अब केवल दो स्लैब में जीएसटी लगेगा- 5 प्रतिशत या 18 प्रतिशत। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। जीएसटी की नई दरों के लागू के बाद रसोई के जरूरी सामान से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और उपकरणों से लेकर ऑटोमोबाइल तक लगभग 375 वस्तुओं की कीमतें कम हो जाएंगी।

गौरतलब है कि केंद्र और राज्यों की जीएसटी परिषद ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 22 सितंबर यानी नवरात्रि के पहले दिन से वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरें कम करने का फैसला किया है। इस फैसले के लागू होने के बाद घी, पनीर, मक्खन, नमकीन, केचप, जैम, सूखे मेवे, कॉफी और आइसक्रीम जैसी आम उपभोग की वस्तुएं और टीवी, एसी, वाशिंग मशीन जैसी जरूरी वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।




### सेवाएं भी होंगी सस्ती

सेवाओं की बात करें तो सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं जिनमें हेल्थ क्लब, सैलून, नाई, फिटनेस सेंटर, योग आदि सेवाओं पर जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) 18 प्रतिशत से घटाकर बिना टैक्स क्रेडिट के पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, हेयर ऑयल, टॉयलेट सोप बार, शैंपू, टूथब्रश, टूथपेस्ट जैसे दैनिक उपयोग के उत्पाद भी सस्ते होने की संभावना है, क्योंकि इन पर कर वर्तमान 12/18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। टैल्कम पाउडर, फेस पाउडर, शेविंग क्रीम, आफ्टर-शेव लोशन जैसी अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी कमी देखने को मिलेगी। इन उत्पादों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है। 22 सितंबर से प्रभावी जीएसटी एक द्वि-स्तरीय संरचना होगी। जिसमें अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर पांच और 18 प्रतिशत का कर लगेगा। अति विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत कर लगाया जाएगा, जबकि तंबाकू और संबंधित उत्पाद 28 प्रतिशत और उपकर की श्रेणी में बने रहेंगे।




### कार और टू-व्हीलर की कीमतों में होगी कमी

नवरात्रि के पहले दिन यानी सोमवार से देशभर में कार और टू-व्हीलर खरीदारों सस्ती होने वाली हैं। अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियां मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंडई मोटर इंडिया ने अपने वाहनों की कीमतों में कटौती का एलान किया है। इसी तरह लग्जरी कार निर्माता मर्सिडीज-बेंज और बीएमडब्ल्यू के साथ-साथ टू-व्हीलर कंपनियां भी कीमतें घटा रही हैं। यह बदलाव 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी दरों के कारण हो रहा है।

### दवाओं से लेकर घर बनाने वाले सामान तक हुए सस्ते

विभिन्न एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने के लिए कीमतें कम करने का एलान पहले ही कर दिया है। अधिकतर दवाओं और फॉर्मूले व ग्लूकोमीटर और डायग्नोस्टिक किट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत कर दिए जाने से आम आदमी के लिए दवाओं की कीमतें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, घर बनाने वालों को भी लाभ होगा क्योंकि सीमेंट पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने पहले ही दवा की दुकानों को निर्देश दिया है कि वे जीएसटी कटौती के लाभों को ध्यान में रखते हुए अपनी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) संशोधित करें या कम दरों पर दवाइयां बेचें।

### एसी, डिशवॉशर के दाम 1,610 से 8,000 तक घटे

वोल्टास, डाइकिन, हायर गोदरेज और पैनासोनिक जैसी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों ने भी एयरकंडीशनर एवं डिशवॉशर की कीमतों में न्यूनतम 1,610 से 8,000 रुपये तक कटौती की है। कंपनियों को नवरात्र में 10 फीसदी से ज्यादा बिक्री होने की उम्मीद है। गोदरेज अप्लायंसेज कैसेट और टावर एसी पर 8,550 से 12,450 रुपये के बीच दाम घटाए हैं। हायर ने 3,202 से 3,905 रुपये, वोल्टास ने 3,400 से 3,700 रुपये, डाइकिन ने 1,610 से 7,220 रुपये, एलजी इलेक्ट्रॉनिक ने 2,800 से 3,600 और पैनासोनिक ने 4,340 से 5,500 रुपये तक एसी के दाम कम किए हैं।

### अमूल ने दूध समेत 700 उत्पादों के दाम घटाए

अमूल ने भी 700 से ज्यादा उत्पादों की कीमतों में कटौती की है इनमें घी, मक्खन, बेकरी व अन्य उत्पाद शामिल हैं। 610 रुपये किलो वाला घी अब 40 रुपये सस्ता होगा। 100 ग्राम मक्खन 62 रुपये के बजाय 58 रुपये व 200 ग्राम पनीर 99 रुपये के बजाय 95 रुपये में मिलेगा। पैकेज्ड दूध दो-तीन रुपये सस्ता होगा। इससे पूर्व मदर डेयरी भी दाम में कटौती की घोषणा कर चुकी है।

### रेल नीर भी सस्ता, एक रुपये कम होगी कीमत

भारतीय रेलवे ने रेल नीर सस्ता कर दिया। अब एक लीटर की बोतल की कीमत 15 से घटकर 14 रुपये होगी। आधा लीटर की बोतल 10 के बजाय नौ रुपये में मिलेगी। रेलवे परिसरों/ट्रेनों में आईआरसीटीसी व अन्य ब्रांडों की पेयजल बोतलों के दाम भी 14 और नौ रुपये हो गए हैं।

### शिकायतों के लिए पोर्टल पर विशेष सेक्शन

सरकार ने संशोधित जीएसटी दरों से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने और उनके निवारण के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के इनग्राम पोर्टल पर एक समर्पित श्रेणी बनाई है। इसमें ऑटोमोबाइल, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, एफएमसीजी और अन्य उप-श्रेणियां हैं।

## जीएसटी सुधारों को बचत उत्सव बताकर बोले पीएम मोदी

# मेड इन इंडिया पर दें जोर, स्वदेशी पर गर्व

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीएसटी सुधारों को लेकर रविवार को देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में हैं। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही पीएम ने देशवासियों को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधारों के लागू होने की जानकारी दी। साथ ही कहा कि यह कदम नागरिकों के जीवन में सरलता और बचत लाएगा।



पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 11 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को मात दी है और नए मिडिल क्लास समूह ने देश की अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाई है। सरकार ने इस साल 12 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को शून्य कर दिया है, जिससे मध्यम वर्ग के लिए काफी राहत मिली है। अब जीएसटी में कमी के कारण घर, वाहन और यात्रा पर खर्च कम होगा और नागरिकों के सपनों को पूरा करना आसान होगा।

व्यापार और निवेश को बढ़ावा पीएम मोदी ने कहा कि जीएसटी सुधार से कारोबार और निवेश दोनों आसान होंगे। यह बदलाव भारत की ग्रोथ स्टोरी को आगे बढ़ाएगा। इस दौरान उन्होंने याद दिलाया कि 2017 में जीएसटी लागू होने के समय देश में दर्जनों अलग-अलग टैक्स थे, जैसे कि एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट, सर्विस टैक्स आदि। नए सुधार इन जालों को सरल बनाएंगे और व्यापारियों को राहत देंगे।

### देश के हर वर्ग को फायदा

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए जीएसटी सुधारों से गरीब, मध्यम वर्ग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार और व्यापारी सभी को लाभ मिलेगा। त्योहारों के इस मौसम में इस बचत उत्सव से लोगों के चेहरे पर मुस्कान आएगी। होटल, यात्रा, वाहन और सामान की खरीद पर कम जीएसटी होने से आम जनता की जेब पर बोझ कम होगा।

### लागू होने की तारीख और महत्व

प्रधानमंत्री ने बताया कि ये सुधार कल यानी 22 सितंबर, नवरात्रि के पहले दिन सूर्योदय के साथ लागू होंगे। इस सुधार के साथ ही देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा। पीएम ने सभी नागरिकों को इस सुधार के लाभ लेने और खरीदारी को आसान बनाने का संदेश दिया। उन्होंने इसे देश के विकास और आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पीएम मोदी के संबोधन पर खड़गे का पलटवार, कहा- जनता से माफी मांगे सरकार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में 22 सितंबर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस पहल से हर वर्ग को फायदा मिलेगा। पीएम मोदी के संबोधन पर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि यह जीएसटी उत्सव जनता को दिए गए गहरे घाव में मामूली बैंडऐड लगाने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान लोगों से अपील की कि वे वही सामान खरीदें, जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो। अपने 20 मिनट के संबोधन में उन्होंने जीएसटी सुधार, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अभियान पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से भी आग्रह किया कि वे मैन्युफैक्चरिंग को गति दें और निवेश का माहौल बनाएं। हालांकि, प्रधानमंत्री के इस संबोधन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए, कहा, कि नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली।



## ईवीएम हैकिंग पर सीएम रेखा गुप्ता का अजीब बयान वायरल

# 70 साल तक किया तो कुछ नहीं, हमने ईवीएम हैक किया तो बुरा मान बैठे

नई दिल्ली। ईवीएम हैकिंग को लेकर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का दिया गया एक अजीब बयान सुर्खियों में आ गया है। दरअसल दिल्ली की मुख्यमंत्री से राहुल गांधी की तरफ से लगाए जा रहे वोट चोरी और ईवीएम हैक को लेकर सवाल पूछा गया। इसका जवाब देते हुए रेखा गुप्ता ने कहा कि 70 साल से वो ईवीएम हैक कर रहे थे तो कुछ नहीं हो रहा था। हमने ईवीएम हैक कर लिया तो बुरा लग गया।



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, मतलब वो अगर जीते तो जनता का आदेश और हम जीत गए तो ईवीएम हैक। यह फॉर्मूला कौन सी किताब में लिखा है? राहुल गांधी ने यह पढ़ाई कहां से की है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, देश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने के अलावा राहुल गांधी को और कुछ आता है। राहुल गांधी ने कहा था कि वोट चोरी के खिलाफ जेन-जी आवाज उठाएंगे। इस सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा, अभी दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में पता चल गया कि जेन-जी किसके साथ हैं।

### राहुल गांधी पर साधा निशाना

सीएम रेखा गुप्ता ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने लगातार देश को लूटा। साथ ही उन्होंने कहा, देश की जनता मोदी जी के साथ है। साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, केजरीवाल सिर्फ मीडिया में दिखते हैं।

## एयरपोर्ट पर 11 करोड़ का गांजा पकड़ा

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने आज 11 करोड़ रुपए के गांजे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कस्टम विभाग को युवक के पास से 11 किलो हाइड्रोपोनिक वीड (उच्च गुणवत्ता वाला गांजा) मिला है। आरोपी युवक ट्रॉली बैग में गांजा लेकर बैंकॉक से आने वाली फ्लाइट संख्या एफडी 130 जयपुर एयरपोर्ट पर उतारा था। ट्रॉली बैग में वैक्यूम पैक छिपाकर लाए गए इस ड्रग का बाजार मूल्य करीब 11.50 करोड़ रुपए है। जांच के दौरान आरोपी ने शुरू में मना किया लेकिन जब कस्टम के अधिकारियों ने बैग की जांच की तो उस में बड़ी मात्रा में गांजा मिला। आरोपी युवक से कस्टम के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। आरोपी युवक हाइड्रोपोनिक वीड के साथ जयपुर एयरपोर्ट पर डिटेक्ट किया गया। आरोपी इस की डिलीवरी कहां करने वाला था, किसको करने वाला था, पहले भी क्या वह इस की सप्लाई जयपुर एयरपोर्ट पर कर चुका है। इस संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पिछले सप्ताह भी हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) एवं सोना तस्करी के दो अलग अलग मामलों में राजस्व खुफिया निदेशालय, जयपुर ने 2 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

## चुनाव लड़ने की उम्र घटाने की सिफारिश से चुनाव आयोग नहीं रखता इत्तेफाक -कहा-

# इस अवस्था में परिपक्वता नहीं आती कि युवा अहम जिम्मेदारी संभाल सकें

नई दिल्ली। चुनाव लड़ने की उम्र 21 साल करने को लेकर संसद की स्थायी समिति की सिफारिश से चुनाव आयोग इत्तेफाक नहीं रखता। चुनाव आयोग को इस बाबत समिति के सुझाव वाली रिपोर्ट मिली तो उसने सहज प्रतिक्रिया राय समिति को भेजी कि वह चुनाव लड़ने की उम्र घटाने के पक्ष में नहीं है, क्योंकि 18 साल की उम्र में अगर एक वोट देने की हैसियत हासिल की, हो भी दिया तो इस अवस्था में इतनी परिपक्वता नहीं आती कि युवा संसद या विधान मंडल जैसे अहम पद की जिम्मेदारियों को संभालने और समझने की गंभीरता हासिल कर ले।

संसद की स्थायी समिति की अगुआई बीजेपी सांसद बृजलाल कर रहे हैं। समिति की रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित और नए जमाने की सोच वाले युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से रूबरू कराने देश को चुनाव लड़ने की न्यूनतम उम्र 25 साल से घटाकर 21 साल करने पर फिर से विचार करना चाहिए। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव को गति देने के बाद देशभर में कम से कम आठ करोड़ और युवा चुनाव लड़ने की योग्यता पूरी करने लायक हो जाएंगे।

स्थायी समिति ने विधि और न्याय मंत्रालय को मशविरा देने के लिए भेजी रिपोर्ट के साथ उम्मीद जताई कि कई विभागों के बीच इस प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा होनी चाहिए। इससे युवा संगठनों, संविधान विशेषज्ञों, सामाजिक और नागरिक संगठनों के हितधारकों को शामिल कर उनकी राय ली जाए। बता दें चुनाव लड़ने की उम्र घटाने की एक सिफारिश 2023 में भी गई थी, तब चुनाव लड़ने की उम्र 25 साल से घटाकर 18 साल करने की सिफारिश की गई थी। अगस्त 2023 में संसद की स्थायी समिति ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु 25 से घटाकर 18 साल करने की सिफारिश की थी।

## कुछ ना कहना




# अभी नहीं खुलेगा करतारपुर कॉरिडोर

## केंद्र ने दिया सुरक्षा कारणों का हवाला

अमृतसर। पाकिस्तान के नारोवाल जिले में बने करतारपुर साहिब गुरुद्वारे को आम श्रद्धालुओं के लिए खोला गया है। हालांकि भारतीय सिख श्रद्धालु अभी यहां नहीं जा पाएंगे। केंद्र सरकार ने कॉरिडोर खोलने पर कोई फैसला नहीं लिया है। पंजाब कांग्रेस, आम आदमी पार्टी के साथ-साथ एसजीपीसी ने केंद्र के इस रवैये पर विरोध जताया है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हाल में आई बाढ़ के दौरान करतारपुर साहिब गुरुद्वारा परिसर में 11 फीट तक पानी भर गया था। इसलिए गुरुद्वारे को बंद करना पड़ा। अब बाढ़ का पानी उतरने के बाद मरम्मत और सफाई का काम पूरा करके श्रद्धालुओं को यहां दर्शन की अनुमति दे दी गई है। इसके बावजूद भारतीय श्रद्धालु यहां नहीं जा पा रहे क्योंकि मई महीने में हुए ऑपरेशन सिंदूर के समय से ही करतारपुर कॉरिडोर बंद पड़ा है।

## चुनाव आयोग ने राज्यों के अधिकारियों को दिए निर्देश

# एसआईआर से जुड़े सभी काम तक निपटाएं

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। माना जा रहा है कि आयोग अक्टूबर-नवंबर से मतदाता सूची की सफाई और अपडेट करने की इस बड़ी कवायद की शुरुआत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने 10 से 15 दिन में एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अब स्पष्ट डेडलाइन तय करते हुए 30 सितंबर को अंतिम तारीख घोषित किया गया है। सभी राज्यों को पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।




### पुरानी मतदाता सूचियों का उपयोग

कई राज्यों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद की मतदाता सूची पहले ही वेबसाइट पर डाल दी है। दिल्ली के सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची मौजूद है, जब राजधानी में आखिरी बार एसआईआर हुई थी। उत्तराखंड में 2006 की मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। बिहार में 2003 की सूची को गहन पुनरीक्षण के आधार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### राज्यों में मैपिंग का काम पूरा

अधिकांश राज्यों ने 2002 से 2004 के बीच एसआईआर कराई थी। अब वहां वर्तमान मतदाताओं को उन पुरानी सूचियों से मिलान करने का काम लगभग पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग का कहना है कि बिहार के बाद यह प्रक्रिया पूरे देश में लागू की जाएगी।

### आगामी चुनावों से पहले तैयारी

गौरतलब है कि 2026 में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया इन चुनावों से पहले मतदाता सूची की सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिहाज से अहम मानी जा रही है।

### विदेशी घुसपैठियों पर निगरानी

चुनाव आयोग का कहना है कि गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची से विदेशी घुसपैठियों को हटाना है। इसके लिए मतदाताओं के जन्मस्थान की जांच की जाएगी। यह कदम उस समय और भी अहम हो जाता है जब कई राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई की जा रही है।

# रिटायर्ड बैंकर को ठगों ने रखा महीने भर डिजिटली अरेस्ट और ठग लिए 23 करोड़

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने एक रिटायर्ड बैंकर नरेश मल्होत्रा से डिजिटल अरेस्ट के जरिए करीब 23 करोड़ रुपये हड़प लिए। यही नहीं पीड़ित को एक महीने तक लगातार डर और दबाव में रखा गया। जानकारी के अनुसार, मामला 4 अगस्त से शुरू हुआ, जब मल्होत्रा को एक महिला का फोन आया। उसने खुद को एक टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि उनका नंबर गैर-कानूनी गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद ठगों ने मुंबई पुलिस, ईडी और सीबीआई अधिकारी बनकर उनसे संपर्क बनाए रखा। ठगों ने पीड़ित को कथित कानूनी कार्रवाई और जेल भेजने की धमकी देकर पूरी तरह से अपने कब्जे में कर लिया। 4 अगस्त से 4 सितंबर तक वे लगातार मल्होत्रा से जुड़े रहे और उन्हें पैसे अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करने को मजबूर किया। ठगों ने उनसे कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी और कैनरा बैंक खातों से रकम निकलवाई। जब सारे खाते खाली हो गए, तो उन्होंने संपर्क तोड़ लिया। मामले की जानकारी शुरुआत में तो पीड़ित ने किसी को नहीं दी, लेकिन बाद में एनसीआरपी पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। मामला दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट आईएफएसओ को सौंपा गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अलग-अलग खातों में भेजी गई 12.11 करोड़ रुपये की रकम को फ्रीज करवा दिया।

# मरार माली महासभा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 संपन्न

## प्रतिभावान छात्र-छात्रा प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति-पत्र से हुए सम्मानित, आने वाली पीढ़ी ने हमारा सिर फक्र से किया ऊंचा- प्रदेशाध्यक्ष कावरे



**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। मरार माली महासभा मध्यप्रदेश के तत्वाधान में माता सवित्री बाई फुल कन्या छात्रावास भवन बुढी में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 संपन्न हुआ। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सवित्री बाई फुले के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चन की गई। पश्चात संपूर्ण प्रदेश के मरार माली समाज के मेधावी छात्र व छात्राओं को कक्षा 10 वीं और 12 वीं में राज्य व जिला स्तर पर सर्वोच्च अंक लाने पर बालक और बालिकाओं को अलग-अलग महासभा के प्रदेश स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर मे कक्षा 12 वी में 3 बालिका एवं 3 बालक कक्षा 10 वी में 3 बालिका एवं 3 बालक को चयनित किया गया। जिला स्तर मे भी 12 वी के 3 बालिका एवं 3 बालक तथा 10 वी के 3 बालक एवं 3 बालिका का चयनित हुए। जिसमें प्रदेश स्तर के प्रथम स्थान वाले छात्र-छात्राओं को 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार की राशि दी गई। उसी प्रकार जिला में प्रथम पुरस्कार 7 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 3 हजार की राशि, प्रशस्ति पत्र और छात्रों को राष्ट्रपिता महात्मा ज्योति फुले एवं छात्राओं को माता सावित्री बाई फुले पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के 7 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आईआईटी और एमबीबीएस में प्रवेश लेने पर 5 हजार की प्रोत्साहन राशि महासभा द्वारा भेंट की गई। इसी प्रकार प्रदेश और जिले के कक्षा 10 वीं और 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले होनहार लगभग 33 छात्र-छात्राओं को प्रशिस्त पत्र से सम्मनित किया गया। श्रृंखला में महासभा ने इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।**

### प्रदेश स्तरीय सम्मानित

जिसमें प्रदेश स्तरीय बालिका वर्ग 12 वीं शोभा दांदरे पिता सरोज दांदरे प्रथम, रिया पंचतिलक पिता डीलन पंचतिलक द्वितीय, दिक्षिका पंचेश्वर पिता सुनील पंचेश्वर तृतीय, बालक वर्ग शुभम नागेश्वर पिता श्यामलाल नागेश्वर प्रथम, कुशल पंचतिलक पिता खेमकरण पंचतिलक द्वितीय, धूमेंद्र नागेश्वर पुत्र योगी प्रसाद नागेश्वर तृतीय 10 वीं बालिका वर्ग- जान्हवी पिता इंद्र कुमार टिकेश्वर प्रथम, रोमा पिता बिहारीलाल खरे द्वितीय, महिमा बल्यंत काबरे तृतिय, बालक वर्ग- आशीष पिता सावनलाल तामेश्वर प्रथम, कुशल पिता स्व रोहित पचौरी, द्वितीय, वेदान्त पिता मुरारी मातरे तृतीय शामिल है।

### जिला स्तरीय सम्मानित

जिला स्तरीय 12 वीं बालिका वर्ग- मयूरी कटनकर पिता केवलप्रसाद कटनकर प्रथम, नेहा पिता नंद किशोर पांचे, द्वितीय, तारणी बाहे पिता सेवकराम बाहे तृतीय, बालक वर्ग- गीतांशराज चौधरी पुत्र राधेश्याम चौधरी प्रथम, साहिल पीचे पिता महेश पाँचे, द्वितीय, निलेश पिता छगनलाल नागेश्वर तृतिय, जिला स्तरीय 10 वी, बालिका वर्ग- शबनम, पिता भूमेश्वर कावरे प्रथम, भूमिका पिता कमलकिशोर मातरे द्वितीय, श्रद्धा पिता फतेचंद मातरे तृतीय, बालक वर्ग- मोहित पिता कुंवलाल खैरवार प्रथम, रौनक पिता सियाराम पांचे द्वितीय, रूद्र पिता गोपाल धुपे तृतीय शामिल है।

### आईआईटी और एमबीबीएस में चयनित

टीना सुभाष कावरे, अमिता धर्मचंद नागेश्वर, लक्ष्य लालचंद दांद्रे, लक्ष्मी नारायण सुनिल कावरे, सृष्टि सुरेश पंचेश्वर, देवेन्द्र राजेश नागेश्वर को एमबीबीएस और तनीष श्याम मातरे को आईआईटी में चचनित होने पर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप 5 हजार की राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### शिक्षित, संगठित समाज हमारी बुनियाद- रामकिशोर कावरे

सम्मान समारोह में मरार माली महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए कहा कि, आज आपके परिश्रम, लगन और योग्यता को महासभा वंदन-अभिनंदन और स्वागत करती है। आपकी यह प्रतिभा समाज को नव सोपान अर्जित करेंगी ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है। इस गर्व और गौरव की अनुभूति वाले पल में हमारी आने वाली पीढी ने हमारा सिर फक्र से ऊंचा कर दिया, जिसकी आपकी जितनी भी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम होगी। आप दिनदुनी रात चौंगनी उन्नति और प्रगति करों ऐसी ईश ?वर से आराधना है। श्री कावरे ने कहां हमारे बच्चे हमारा आना वाला कल है। आपको हर क्षण महासभा की ओर से मदद की जांएगी। बस आप मन लगाकर पढाई करों, अच्छे नागरिक बनों और सत्मार्ग पर चलों हमारी येही विनती है। उन्होंने कहा महासभा अपने लक्ष्य के मुताबिक समाज और राष्ट्रनिर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सामाजिक जनों को इसी प्रकार मान-सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। आखिर शिक्षित, संगठित समाज हमारी बुनियाद है। इसके आधार पर हम सभी राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फुले के स्वप्न को साकार कर सकेंगे।

### अमूल्य योगदान

समारोह में मरार माली महासभा के प्रदेश महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, महासभा प्रदेश प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष सुरेश पंचेश्वर, डाली कावरे, जयराम पंचेश्वर, कुश्याल पांचे, प्रदेश पदाधिकारी शिवप्रसाद कावरे, संतराम पांचे, कपील बाहेश्वर, पवन बोहश्वर, कुंदन चौधरी, ललित माने, पुष्पा नागेश्वर, लालदास कावरे, भगतलाल पंजरिया, सरिता दांदरे, लक्ष्मी पांचे, धनीराम नागेश्वर, अनुराधा बाहे, जिलाध्यक्ष झामसिंग नागेश्वर, महेश मात्रे, अशोक भावरे, फुलेश्वर चौधरी, तिलक कावरे, बालचंद मानेश्वर, कमलेश पांचे सहित बडी संख्या में सामाजिक जनों ने इस सहराहनीय आयोजन को सफल बनाने अमूल्य योगदान दिया।

# पहला सुख निरोगी काया, फिट रहें, नशे से बचें -मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तन और मन की शुचिता के साथ इनका स्वस्थ रहना भी हम सबके लिए बेहद जरूरी है। मनुष्य को पहला सुख निरोगी काया से ही मिलता है। इसलिए हमेशा फिजिकली फिट रहने की कोशिश करें और किसी भी प्रकार के नशे के सेवन से बचें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार की सुबह अटल पथ पर आयोजित



कार्यक्रम में प्रदेश के सभी नागरिकों विशेषत- युवाओं से यह अपील की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संकल्प पूर्ति एवं जन-जागरूकता के लिए आयोजित नमो युवा रन (मैराथन दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान नमो युवा रन का आयोजन हम सबको देश की सेवा के लिए आगे आने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में नमो युवा रन के मोमेंटों (लोगो) का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने स्वयं स्पोर्ट्स ट्रेक सूट में मैराथन दौड़ में शिरकत कर हजारों की संख्या में नमो युवा रन में शामिल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। हम सदैव अपनी सोच में, अपने विचारों में, अपने मूल्यों में देश सबसे पहले की भावना रखें। हमेशा स्वदेशी वस्तुओं का ही उपयोग करें, तभी हमारा राष्ट्र पूरी दुनिया का सिरमौर बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर एक अलग प्रतिष्ठा स्थापित की है। मध्यप्रदेश ने भी प्रधानमंत्री मोदी की सोच और उनके विजन से कदम से कदम मिलाते हुए देश-दुनिया में अपनी अलग जगह और नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने खेलों के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है। देश के साथ मध्यप्रदेश का भी खेल स्पर्धाओं में प्रदर्शन दिनों-दिन सुधर रहा है। मध्यप्रदेश के हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर, ऑलिम्पिक में पदक विजेता टीम के सदस्य रहे। यह हमें खेल के क्षेत्र में और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि यह संकल्प लें कि हम खुद को फिट रखेंगे, नशे से दूर रहेंगे और अपने-अपने काम और कर्तव्यों में भी हमेशा अव्वल रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट और नशामुक्त भारत अभियान के संबंध में एक वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने देश के सभी युवाओं से फिट रहने और नशा नहीं करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत के लिए हमने राष्ट्रीय योजना तैयार की है। जो एडिक्ट्स हो चुके हैं उन्हें शिक्षित कर उनके उपचार और पुनर्वास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकारों के सभी विभाग भारत को नशामुक्त बनाने की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं। वीडियो संदेश में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने भी देश के सभी युवाओं से शरीर की तंदरूस्ती के लिए रोजाना व्यायाम करने और नशे से बचने का विशेष आह्वान किया। नमो युवा रन मैराथन दौड़ कार्यक्रम में खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय, हितानंद शर्मा, वैभव पंवार, रविन्द्र यति, रणजीत चौहान, महेन्द्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# उपभोक्ता संरक्षण समिति की प्रबंधकारिणी की मासिक बैठक सम्पन्न

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। उपभोक्ता संरक्षण समिति की प्रबंधकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन कर विभिन्न निर्णय लिए गए ।संतोष असाटी की अध्यक्षता में सुरेश रंगलानी के कार्यालय में अपरान्ह 3-00 बजे से आयोजित बैठक में समिति के परसवाडा तहसील अध्यक्ष हेतु महेन्द्र सिंह धुर्वे के प्राप्त आवेदन पत्र को सर्वसम्मति से स्वीकृत करते हुये महेन्द्र सिंह धुर्वे को उपभोक्ता संरक्षण समिति का परसवाडा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।बैठक में अध्यक्ष संतोष असाटी द्वारा बताया गया कि शहर के विभिन्न मोहल्लों/कालोनियों में आवारा कुत्तों के कारण मानव जीवन के लिये उत्पन्न खतरों व परेशानियों का निराकरण किये जाने, शहर की विभिन्न गलियों/सडकों में पशुओं के झुंडों का विचरण एवं जमावडा होने के कारण आवागमन बाधित होने, वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति बनी रहने संबंधी समस्या के निराकरण किये जाने, शहर की गलियों/सडकों में तकनीकी मापदण्डों का पालन नहीं कर बनाये गये स्पीड ब्रेकरों को तकनीकी मापदण्ड के अनुसार बनाये जाने व पूर्व में लगाये गये क्षतिग्रस्त हो चुके प्लास्टिक के स्पीड ब्रेकरों व उनकी कीलों को हटाये जाने के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी बालाघाट को पत्र दिया गया था ।जिसके परिणामस्वरूप नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस समस्या के निवारण हेतु कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है । जबकि तकनीकी मापदंडों के विपरीत बनाये गये स्पीड ब्रेकरों को हटाये जाने तथा आवश्यकतानुसार तकनीकी मापदंड के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के संबंध में समिति की ओर से लोक निर्माण विभाग बालाघाट को 30 अगस्त 2025 को पत्र दिया गया था ताकि किसी भी प्रकार की वाहन दुर्घटना से मानव जीवन को होने वाली क्षति को रोका जा सके किन्तु लोक निर्माण विभाग की ओर से अभी तक इस दिशा में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हो पाई है ।**



### इन मद्दों पर भी हुई चर्चा

बताया गया कि ब्रांडेड दवाईयों व जेनरिक दवाईयों की कीमतों में भारी अंतर रहता है जबकि दवाओं में कोई अंतर नहीं होता है ।जिस पर की गई चर्चा में यह बात भी सामने आई कि विभिन्न क्षेत्रों में दवाओं की प्रिंट मूल्यों से काफी कम में भी ब्रांडेड दवायें विक्रय की जा रही हैं ।जिससे यह स्पष्ट होता है कि वास्तव में ब्रांडेड दवाओं का उत्पादन मूल्य काफी कम होता है लेकिन उन पर अधिकतम विक्रय मूल्य उससे काफी अधिक रखते हुये प्रिंट किया जाता है ।इस संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विभिन्न जीवनरक्षक ब्रांडेड दवाईयों के उत्पादन मूल्य और विक्रय मूल्य की विसंगति को दूर करने के लिये एक पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखा जाये।

### अन्य सदस्यों ने भी रखे प्रस्ताव

समिति सदस्य श्रीमति सरिता पिल्लई द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि उपभोक्ताओं को जागरूक करने व उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिये जिले के विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों व ग्राम पंचायतों में कैम्प आयोजित किये जायें ।जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के पश्चात से ही सर्वप्रथम बैहर व लालबर्रा क्षेत्र में व उसके पश्चात जिले के अन्य स्थानों में उपभोक्ता जागरूकता अभियान के कैम्पों का आयोजन किया जायेगा साथ ही जिले में लगने वाली लोक अदालतों के समय पर भी समिति की ओर से टेंट लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा ।बैठक में ही समिति के कार्यकारिणी सदस्य थानीराम कटरे को कार्यकारिणी सदस्य के स्थान पर कृषक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर चर्चा की गई ।जिस पर सर्वसम्मति से थानीराम कटरे को उपभोक्ता संरक्षण समिति के कृषक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने का निर्णय लिया गया ।

### 11 अक्टूबर को होगी आगामी बैठक

बताया गया कि समिति की आगामी बैठक दिनांक 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से समिति कार्यालय प्रेमनगर बालाघाट में आयोजित होगी।

सम्पन्न बैठक में उपभोक्ता संरक्षण समिति के संरक्षक लोचनसिंह देशमुख, अध्यक्ष संतोष असाटी, शिवशंकर तिवारी, भीवाजी उके, सुरेश रंगलानी, डॉ0 गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव, संतोष जैन (देवडिया), ओमप्रकाश भारती, हेमराज शर्मा, पवन चंदानी, संजीव जैन (चीनू), यू.एस. मर्सकोले, एम.आर. रामटेके, सुरेश टांक, एड. संदीप नेमा, एड. जितेन्द्र जैन, हीरासिंघ भाटिया, मोनिल जैन, सुश्री शोभारानी पिल्लई, श्रीमति सरिता पिल्लई और एड. श्रीमति वीणा डोंगरे सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।अन्नपूर्णा दुर्गा उत्सव समिति वार्ड नंबर 20 बालाघाट द्वारा गोल्डन जुबली ईयर 50 वर्ष में दुर्गा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाने जा रही है। आज माता रानी गोंदिया से बालाघाट पधार रही है , उनकी आगमन यात्रा हनुमान चौक से प्रारंभ होकर मेन रोड होते हुए राजघाट चौक, काली पुतली चौक ,राम मंदिर चौक से अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचेगी जहां- जगह-जगह उनका स्वागत ढोल नगाड़ा आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा से किया जाएगा। विशेष पुष्प वर्षा रॉयल कलेक्शन सामने राजघाट में होने जा रही है, सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर माता रानी का स्वागत, अभिनंदन, वंदन करें। कल रात्रि से प्रतिदिन दशहरा तक माता रानी को महाभोग लगाकर भंडारा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा जाएगा। बालाघाट के इतिहास में पहली मर्तबा 10 दिन तक लगातार अन्नपूर्णा माता की कृपा से महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम बालाघाट, पटवारी हल्का बालाघाट, प.ह.नं. 13/2, रा.नि.मं. बालाघाट, तह व जिला बालाघाट में स्थित उधोगिक डायवर्टिड भूमि रकवा 0. 4050 हैक्टेयर जिसका ख. नं. 19/1/2 (एस) में स्थित भूमि मेरे पक्षकार नंदकिशोर बलिराम पिपलेवार निवासी मोतीनगर, वार्ड नं. 25, बालाघाट द्वारा बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिविल लाईन जबलपुर में बंधक की जा रही है।

यदि उक्त भूमि पर किसी संस्था / शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक / वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा हक अधिकार है या उक्त संपत्ति किसी विवाद, झगडे या इकरारनामा या रहन में है तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्मथा नियत अवधि पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त कृषि भूमि को बैंक में बंधक करने हेतु स्वतंत्र होगा तथा समयअवधि के पश्चात मेरे पक्षकार पर कोई आपत्ति/दावा बंधनकारी नहीं होगा।

**अधिवक्ता**

## बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ( बी.पैक्स ) सिहोरा पं. क्र. ६४८

क्रमांक / आमसभा/२०२५ दिनांक - ०१.०९.२०२५

### वार्षिक आमसभा की सूचना

महोदय,

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी.पैक्स), सिहोरा पं.क्र. ६४८ के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक २२.०९.२०२५ दिन सोमवार को समय १ बजे दिन से संस्था कार्यालय के प्रांगण में किया गया है।

अत: समस्त अंशधारी सदस्यों से सविनय निवेदन है कि उक्त सभा में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

नोट - यदि निश्चित समय पर साधारण सभा के लिये गणपूर्ति नहीं होती है तो सहकारी समिति नियम १९६२ की धारा ३७/३ के प्रावधान अनुसार ठीक आधा घंटे बाद उसी स्थान एवं दिनांक पर पूर्व निर्धारित विषयों पर ही साधारण सभी की कार्यवाही प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

अतएव आपसे अनुरोध है कि निश्चित स्थान दिनांक एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट कीजिए।

**-: विषय सूची :-**

१. सोसायटी के क्रियाकलापों का जो कि संचालक मण्डल द्वारा आगामी वर्ष २०२६-२७ के लिए तैयार किया गया है, अनुमोदन करने बाबद्।

२. संपरीक्षा रिपोर्ट के अनुमोदन बाबद् विचार।

३. वार्षिक रिपोर्ट वर्ष २०२४-२०२५ के वित्तीय पत्रक के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

४. आगामी सहकारी वर्ष २०२६-२०२७ के लिए अनुमानित बजट की स्वीकृति बाबद्।

५. वित्तीय वर्ष में कार्य संचालन के कारण हुए हानि के कारणों का परीक्षण करने बाबद् विचार।

६. वर्ष २०२४-२०२५ का पूरक बजट की स्वीकृति बाबद्।

७. लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद् विचार।

८. संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन कराया जाने बाबद् विचार।

९. किसी अन्य विषय पर जो उपविधि के अनुसार लाया जावे विचार करने के लिये।

**-: भवदीय :-**

आर.एल. एड़े — संस्था प्रबंधक

राजेश दुबे — प्रशासक

**एवं समस्त कर्मचारीगण**
**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित ( बी.पैक्स ) सिहोरा पं. क्र. ६४८।**

## आम सूचना

हमारे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की बालाघाट शाखा की ओर से समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि हितग्राही / बंधककर्ता / भूमिस्वामी श्री नंदकिशोर ज जयासवाल पिता श्री लाला शंकरलाल जायसवाल निवासी ग्राम वार्ड नंबर 27 बालाघाट तहसील जिला बालाघाट द्वारा हमारे पक्षकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बालाघाट से ऋण सुविधा सुविधा प्राप्त की जा रही है जिसकी प्रतिभूति स्वरूप उनके मालकी एवं कब्जे ग्राम बालाघाट पहन 13/2 तहसील एवं जिला बालाघाट में स्थित संपत्ति खसरा नंबर 366 / 7 / 2, 366/8/2 एरीया 0.037 हेक्टर को साधारण बंधक (रजिस्टर्ड मारगेज ) द्वारा संपत्ति को बंधक कर बैंक के पक्ष में भार उत्पन्न किया जाना है, अतएव हमारे पक्षकार शाखा बैंक की ओर से यह आम सूचना दी जाती है किसी भी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्था को इस बंधक कार्यवाही में कोई आपत्ति हो तो, तो आगामी एक सप्ताह के भीतर के मेरे नीचे वर्णित शाखा कार्यालय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उपरोक्त भूमि पर वैधानिक भार उत्पन्न करते हुए शाखा बैंक द्वारा हितग्राही को ऋण प्रदान किया जावेगा।

**आर. के. सावलानी**
**एडव्होकेट**
**मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बालाघाट**

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# शक्ति की भक्ति का महा पर्व शारदीय नवरात्र आज से

## माता रानी के 9 रूपो की होगी विशेष आराधना, मंदिरों में रोजाना होने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, माता के पहले स्वरूप ,शैलपुत्री की पूजा आज

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख पर्वो में से एक शक्ति की भक्ति का महापर्व शारदीय नवरात्र आज 22 सितंबर सोमवार से 02 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।इस बार यह पर्व 9 दिनों की जगह 10 दिनों का होंगा।इस पर्व विशेष पर जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा 10 दिनों तक माता रानी के अलग अलग स्वरूपो की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी।शक्ति की भक्ति के इस महापर्व शारदीय नवरात्र में जहां विभिन्न माता मंदिरो में अखंड ज्योति कलश, ज्वारे स्थापना, महाआरती, हवन-पूजन भंडारा सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन किए जाएंगे ,तो वही इस विशेष पर्व पर घर-घर ज्योति कलश, ज्वारे स्थापित कर माता रानी की विशेष आराधना की जाएगी।सोमवार से शुरू हो रहे इस शायदीय नवरात्रि पर्व पर माता के भक्तों द्वारा 10 दिनों तक उपवास कर माता रानी के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना कर विभिन्न अनुष्ठान किए जाएंगे।जहा पर्व समापन पर विजय दशमी से जिले भर में माता रानी की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। जो आगामी 3 दिनों तक जारी रहेगा।





### 9 साल बाद 10 दिनों की होंगी नवरात्र

मां दुर्गा को समर्पित शारदीय नवरात्र कल 22 सितम्बर सोमवार से शुरू हो रहा है।इस साल का शारदीय नवरात्र 10 दिन का होगा।ऐसा संयोग 9 साल बाद पड़ा है,जब नवरात्र दस दिन के हो रहे हैं। इससे पहले 2016 में नवरात्र 10 दिन के थे।इस वजह से इस साल दो चतुर्थी तिथि पड़ रह है।शारदीय नवरात्र में 10 दिनों तक मां शैल पुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी। इस बार माता हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। देवी पुराण के अनुसार हाथी को ज्ञान और समृद्धि का कारक माना गया है।

### शक्ति की प्रतीक है माँ दुर्गा

आपको बताए कि नवरात्रि पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है।इस दौरान मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में मां दुर्गा को शक्ति का प्रतीक माना गया है। मान्यता है कि नवरात्रि में विधि विधान पूवर्क पूजा अर्चना करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और कष्ट, रोग, शत्रु भय से मुक्ति मिलती है।जिसकी शुरुवात आज 22 सितंबर से हो चुकी है।जहां आज माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा की जाएगी।

### माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आज

नवरात्रि के प्रथम दिन आज माता के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की जाएगी। मां शैलपुत्री को सौभाग्य और शांति की देवी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा करने से हर तरह के सुख और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।इस तरह इस बार 10 दिनों तक रोजाना शक्ति की देवी माता दुर्गा के शक्ति स्वरूपों की पूजा अलग-अलग दिन की जाएगी।

### मंदिरों में की गई विशेष सजावट

आराधना के इस महापर्व को देखते हुए नगर के विभिन्न माता मंदिरों में विशेष साफ-सफाई कर मंदिरों को आकर्षक रंग बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया है।वहीं मंदिरों में ज्वारे व ज्योति कलश स्थापना के लिए विशेष व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा हवन-पूजन, यज्ञ, महा प्रसाद वितरण,भंडारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियां मंदिर समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई है।जहां आज से पूरे 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे।

### 10दिनों तक माँ के अलग अलग रूपो की होगी आराधना

शारदीय नवरात्र के पहले दिन - 22 सितंबर को मां शैलपुत्री पूजा, दूसरे दिन 23 सितंबर को मां ब्रह्मचारिणी की पूजा, तीसरे दिन 24 सितंबर को - मां चंद्रघंटा की पूजा, चौथे दिन 25 सितंबर को तिथि में बढ़ोतरी के चलते पुन: चंद्रघंटा की पूजा, 26 सितंबर को चतुर्थी -मां कुष्माण्डा की पूजा, 27 सितंबर को मां स्कन्दमाता की पूजा, 28 सितंबर को मां कात्यायनी की पूजा, 29 सितंबर को मां कालरात्रि की पूजा, आठवे दिन 30 सितंबर को महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा, और नौवे दिन 1अक्टूबर को मां सिद्धिदात्री स्वरूप की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। तो वही नवरात्र के 10 वे अंतिम दिन 02 अक्टूबर को विजयदशमी दशहरा पर्व मनाया जाएगा।जिसके साथ ही माता जी की प्रतिमाओं के विसर्जन दौर शुरू होगा।

### रोजाना होंगे विभिन्न कार्यक्रम

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नगर के समस्त माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे जिसमें अखंडज्योति कलश स्थापना, दीपो से महाआरती, प्रसाद वितरण, नवमी पर, हवन पूजन यज्ञ व कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।वही शोभायात्रा निकालकर, कलश ज्योति विसर्जन व महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### पंडालों को दिया आकर्षक रूप

इस बार 10 दिनों तक चलने वाले इस महानवरात्रि पर्व के आरंभ के कुछ दिनों पहले से ही भक्तों द्वारा माता के दरबारों, पंडालो का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिनके द्वारा पंडालों को आकर्षक रूप दिया जा चुका है। इन पंडालों का सुसज्जित स्वरूप इस महापर्व की शोभा को बढ़ा रहा है।

### जगमगाये चौराहे और मार्ग

नवरात्रि के पर्व को लेकर एक ओर जहां माता की स्थापना के लिये विशालकाय दरबार बनाये गए है। वहीं विभिन्न चौक चौराहो और मार्गो को रंग बिरंगी लाईटो से सुसज्जित कर जगमगाया गया है जो अब निरंतर 10 दस दिनों तक देखने को मिलेगी।

### घरो में बोये जायेंगे ज्वाले

एक ओर जहां विभिन्न चौक चौराहो पर मां की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। वहीं माता के उपासकों द्वारा विभिन्न घरो में विधि विधान के साथ ज्वाले बोये जायेंगे। वहीं कलश स्थापना कर 10दिनों तक भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जायेगी।

### प्रतिमा को दिया अंतिम रूप

नवदुर्गा महा पर्व के लिये मुर्तिकारो द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है, जिनको चित्रकारो और मूर्तिकारो द्वारा अंतिम स्वरूप दिया गया है जो स्थापना के लिये पूरी तरह तैयार हो चुकी है।

# पवार समाज का शरद पूर्णिमा समारोह 12 अक्टूबर को




बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला पवार क्षत्रिय संगठन बालाघाट द्वारा बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।नगर के नर्मदा नगर वार्ड नंबर 32 स्थित पवार मंगल भवन में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम की रूपरेखा 21 सितंबर को पंवार समाज के छात्रावास में जिला पंवार क्षत्रिय संगठन पदाधिकारियो द्वारा बनाई गई है।जहा संगठन जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।बताया गया कि शरद पूर्णिमा कार्यक्रम के दौरान संगठन की नई समिति गठन के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम,व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।जिसमें पवार समाज के विशिष्टजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिकजन के साथ ही समाज के प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति की अपील स्वयं जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन ने की है।

### नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पांडूतला में तोड़फोड़ मारपीट, लूटपाट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में आने वाले नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पांडुतला में करीब एक दर्जन तत्वों ने हमला किये ओर तोड़फोड़ मचाते हुए इस टोल प्लाजा के दो कर्मचारियों को डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए वहीं टोल प्लाजा के काउंटर में रखें 1 लाख 13 हजार रुपये लूट लिए गए। 19 एवं 20 सितंबर की दरमियानी रात यह वारदात दो ट्रैकों से ओवरलोड चार्ज लेने के विवाद को लेकर बताई जा रही है। ।गढ़ी पुलिस ने टोल प्लाजा के मैनेजर वरुण प्रताप सिंह द्वारा की गई रिपोर्ट पर 5 नामजद सहित एक दर्जन तत्वों के विरुद्ध तोड़फोड़ मारपीट और लूटपाट का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। टोल प्लाजा में हुई इस वारदात को वहा लगे सीसीटीवी ने कैद किया है।

# पति-पत्नी के विवाद में पति ने गटका चूहामार

## शराब के नशे में किया कीटनाशक का सेवन,उपचार के दौरान मौत, पीएम के बाद सौपा गया शव, मामले की जांच में जुटी कोतवाली

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच उपजा विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि आवेश में आकर पति ने शराब के नशे में चूहामार का सेवन कर लिया।जिसकी देर रात जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गर्रा मशीन टोला का है। जहां 24 वर्षीय युवक कुलदीप पिता धनराज यादव की चूहामार के सेवन से मौत होने पर गांव में शोक का माहौल है।उधर युवक की मौत होने पर रविवार की सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर, शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।तो वही मामले की जांच के लिए डायरी कोतवाली थाना पहुंचाई गई है।जिसके आधार पर पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।**



### कुलदीप ने अप्रैल माह में किया था प्रेम विवाह

प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्रा मशीनटोला निवासी कुलदीप यादव पेशे से ड्राइवर था, जो लोकल में पिकअप वाहन चलाने का काम करता था।बताया गया कि कुलदीप मोहल्ले में ही रहने वाली युवती नीलम से प्रेम करता था।जहा दोनो के बीच प्रेम प्रसंग के चलते नीलम गर्भवती हो गई थी,जिसकी जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने उनका विवाह कर दिया।बताया गया कि अप्रैल माह में कुलदीप ने नीलम के साथ प्रेम विवाह किया था। जिनकी एक माह की बेटी भी है।

### किसी बात को लेकर पति पत्नी में हुआ था विवाद

जानकारी के अनुसार बेटी की तबियत खराब होने पर शनिवार की दोपहर कुलदीप ,अपनी पत्नी नीलम यादव को लेकर बेटी के उपचार के लिए बालाघाट आया था। जहां उपचार करने के बाद पति-पत्नी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद वे घर गए। जहां हुए विवाद के बाद कुलदीप शाम करीब 5 बजे शराब का सेवन कर नशे की हालत में घर आया था।जिसपर कुलदीप की भाभी तुलसी यादव और पत्नी नीलम यादव ने शराब पीकर क्यों आए हो कहकर डांट फटकार लगाई, तो कुलदीप नाराज हो गया और शाम करीब से 7 बजे मेडिकल दुकान से जाकर चूहामार खरीदकर उसका सेवन कर लिया।

### रात करीब 9 बजे उपचार के लिए कराया गया था भर्ती

बताया गया कि शराब के नशे में चूहामार का सेवन कर कुलदीप घर वापस आया था।जिसने घर जाकर चूहामार का सेवन करने की बात अपने परिजनों को बताई और कमरे में जाकर सो गया। जिसकी जानकारी मिलने पर उसके परिजनों ने उसे रात्रि करीब 9 बजे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया था, जहां रात्रि करीब 2 बजे के दरमियान उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पीएम के बाद सौपा गया शव

उधर अस्पताल से मर्ग तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने, परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की।वही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में सुरक्षित रखवा दिया। इसके अगले दिन रविवार को मर्ग कायम कर ,अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया है।तो वही मामले की जांच के लिए डायरी कोतवाली थाना पहुंचाई गई है।जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# वन्यप्राणी भालू के हमले से किसान घायल

## हट्टा थाना क्षेत्र के ग्राम गरदा खुर्दाटोला का मामला, गम्भीर रूप से घायल विजय का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, मामले की जांच में जुटे वन विभाग के कर्मचारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गरदा में रविवार की सुबह उस वक्त हंगामा मच गया, जब वन्य प्राणी भालू ने खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला कर दिया। जहां भालू के प्राण घातक हमले से ग्राम गरदा ,खुर्दाटोला निवासी 36 वर्षीय किसान विजय पिता निंगर कोड़ापे गंभीर रूप से घायल हो गया।गनीमत यह रही कि आसपास खेतो में काम करने वाले ग्रामीणों ने शोर मचाते हुए भालू को जंगल की तरफ भगा दिया।जिसके चलते किसान की जान बच सकी। जिसे गम्भीर अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### जंगल किनारे खेत की मेढ़ बाधने गया था विजय

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गरदा खुर्दाटोला निवासी विजय कौंड़ापे किसान है जो खेती बाड़ी के साथ साथ भवन निर्माण में राजमिस्त्री का भी काम करता है।जंगल किनारे उसकी खेती है जिसमें उसने धान की फसल लगाई है।जानकारी के मुताबिक शनिवार को हुई बारिश के चलते वह रविवार की सुबह घर से जंगल किनारे खेत में मेढ़ बाधने के लिए गया था। बताया गया की खेत में काम करने के दौरान जंगल की तरफ से आए एक वनप्राणी भालू ने उसपर एकाएक हमला कर दिया। जहां भालू के प्राण घातक हमले से विजय की गर्दन, पैर और पेट में गम्भीर घाव लगे हैं।जिसकी जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने निजी वाहन से उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।



### शोर मचाते हुए आसपास के ग्रामीणों ने दौड़ाया, तो जंगल की ओर भागा भालू

बताया जा रहा है कि जब वन्य प्राणी भालू ने विजय पर हमला किया तो विजय जोर-जोर से चिल्लाने लगा, जिसकी आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान दौड़कर आए,जिन्होंने भालू को हमला करते हुए देखा। इस पर आसपास के किसान ग्रामीण एकत्र हो गए और उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया। जहां ग्रामीणों के शोर से भालू, विजय को छोड़ थोड़ा दूर जाकर खड़ा हो गया। जिसपर ग्रामीणों ने उसे शोर मचाते हुए दौड़ा दिया, जहां ग्रामीणों के शोर से भालू जंगल की तरफ भाग गया। उधर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना विजय के परिजनों को दी गई। वन विभाग को भी मामले से अवगत कराया गया है। जिसके आधार पर वन विभाग के कर्मचारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है।तो वही घायल के परिजनों द्वारा निजी वाहन की मदद से उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

# काली पुतली चौक को मिलेगी एक और पहचान

## चौक परिसर में स्थापित की जाएगी भारत माता की प्रतिमा, 25 सितंबर को प्रतिमा का कराया जाएगा नगर भ्रमण, 6 अक्टूबर शरद पूर्णिमा पर 10 फिट की प्रतिमा का होगा अनावरण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । नगर के हृदय स्थल कालीपुतली चौक को अब एक और नई पहचान मिलने जा रही है।जहां काली पुतली चौक परिसर में अब जल्द ही 10 फिट ऊची भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।जिसको लेकर रविवार 21 सितंबर की दोपहर नगर के काली पुतली चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में विहिप, बजरंग दल, सहित विभिन्न धार्मिक व सामजिक संगठनों की एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया।आयोजित इस बैठक में आगामी 6 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारत माता की प्रतिमा का काली पुतली चौक परिसर स्थित चौपाटी गार्डन में बनाए गए कार्नर पर अनावरण किए जाने का निर्णय लिया गया है।जहां प्रतिमा स्थापना के पूर्व नवरात्र पर्व के दरमियान 25 सितंबर को भारत माता की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। जिसकी शुरुवात नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से की जाएगी। जहां से भारत माता की प्रतिमा को नगर भृमण के लिए एक विशाल रैली निकाली जाएगी।जो नगर के विभिन्न चौक चौराहो व मार्गों का भ्रमण करते हुए भारत माता की जय घोष के साथ सीधे काली पुतली चौक पहुंचेगी। जहां चौक परिसर में चिह्नित किए गए स्थान पर भारत माता की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।जिसका अनावरण 6 अक्टूबर को होगा।



### खैरागढ़ से आ रही प्रतिमा

बताया गया कि नगर के हद्रयस्थल, काली पुतली चौक पर नगरपालिका तकरीबन 10 फीट उंची भारत माता की प्रतिमा स्थापित करने जा रही है।जो खैरागढ़ से बनकर आ रही है। बताया गया कि नगर में भारत माता की प्रतिमा लगाने की नगरपालिका, निमित्त मात्र है, नगर में भारत माता की प्रतिमा को खैरागढ़ में बनाया गया है।उपस्थित पदाधिकारियों ने नगर की जनता से राष्टीयता के प्रतिक तिरंगे झंडे के साथ, भारत माता की शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान करते हुए बताया कि भारत माता की प्रतिमा शेर पर सवार स्वरूप में तैयार की गई है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम से बच्चों का बढ़ता है हौसला - अनुभा

## मोहगांव (ध.) में प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. स्थित हनुमान चौक में यूथ फ्रेंडस क्लब के तत्वाधान में शनिवार की रात में प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, बालाघाट डीएसपी संतोष पटेल, जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे के प्रमुख आतिथ्य एवं श्रीमती हिरकन नगपुरे सरपंच, रूपलाल नगपुरे उपसरपंच मोहगांव (ध), धनेन्द्र नगपुरे जनपद सदस्य, बुग्लेश्वर नगपुरे, कनकी सरपंच दुर्गा पगरवार, सुनील जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती सहित अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के हस्ते कक्षा १० वीं एवं १२ वीं में ८५ प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों, नवचयनित शास. कर्मचारी-अधिकारी, प्रदेश संभाग स्तरीय खेल प्रतिभागी, सांस्कृतिक, सामाजिक, शिक्षा, कृषि एवं पारम्परिक सारोकारों, वरिष्ठजनों का अतिथियों के हस्ते शाल, श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। जिसके बाद





सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आर्केस्ट्रा प्रारंभ हुआ। जिसमें आर्केस्ट्रा के कलाकारों के द्वारा भक्तिगीतों की एक से बढ़कर एक गीतों व नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि हमारे देश में लोकतंत्र है, जनता के द्वारा ही शासन-प्रशासन चलता है, जनता ही अपना शासन चुनती है, जो जनता के लिए ही काम करते हैं इसलिए जनता का सम्मान जरूरी है। जनता इस देश के शासन के निर्माता है, हमारा भारत सबसे बड़ा लोकतंत्रात्मक देश है। साथ ही यह भी कहा कि आज प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया है, भविष्य में उनके अंदर छुपी प्रतिभाओं के चलते उनका प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान हो यहीं शुभकामनाएं देते है और इस तरह के प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम होने से बच्चों का हौंसला बढ़ता है। वारासिवनी विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हर बच्चें में प्रतिभाएं छुपी हुई है, उन्हें बस परखकर सामने लाने की आवश्यकता है और सबसे जरूरी है बज्चों को अज्छा संस्कार अपने माता-पिता एवं परिवार से मिलते है इसलिए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ाये। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक राधे नगपुरे, समिति अध्यक्ष श्रवण लिल्हारे सहित अन्य पदाधिकारी, सदस्य एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अंतिम छोर के बच्चों की प्रतिभाएं आयेगी सामने - लोकेश

जीएसटी कमिश्नर जबलपुर लोकेश लिल्हारे ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम छात्रों के हित में है और इस तरह के आयोजन से बच्चें एवं गांव की दिशा और दशा सुधरेगी। ऐसे आयोजनों से अंतिम छोर के बच्चों की प्रतिभा भी निखरकर सामने आयेगी। श्री लिल्हारे ने कहा कि छू लो आसमान किसने रोका हैं और आलोक संघ के द्वारा नि:शुल्क शिक्षा,शिक्षण सामग्रियों का वितरण करना, टेस्ट सामग्रियां, होस्टल सुविधा जैसी अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं, कैरियर गाइडेन्स कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता, रोजगार मेला लगाकर रोजगार दिलाने सहित अन्य शिक्षा के क्षेत्र में कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से कर रहे है। साथ ही यह यह मुहीम कई राज्यों में चल रही हैं, अब छात्रों को किसी भी कारण से पढ़ाई छोड़ने की जरूरत नहीं हैं। हम हर सुविधा और हर संभव मदद करने तैयार है।

### लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी - संतोष

डीएसपी संतोष पटेल ने कहा कि कामयाबी की बुलंदियों पर जब आप होंगे कभी आपकों घमंड नहीं आयेगा, भगवान ने इंसान को जन्म दिया इससे सुंदर कोई स्वरूप नहीं हो सकता। इस जन्म में कुछ अच्छा करके इस दुनिया से विदा ले लो, आपकों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तरह पुजेंगे। साथ ही यह भी कहा कि बज्चें लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करें सफलता अवश्य मिलेगी।

## नमों युवा मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल लालबर्रा में जिला खेल और युवा कल्याण विभाग बालाघाट जिला खेल अधिकारी अभिषेक चौधरी के निर्देशानुसार २१ सितंबर को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नमों मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित नमों मैराथन दौड़ में खिलाड़ी, सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही खिलाड़ी एवं विद्यार्थियों



ने फिट इंडिया, स्वच्छ भारत, नशा मुक्त भारत की थीम पर दौड़ लगाई। खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लव नगपुरे ने बताया कि सेवा पखवाड़ा २०२५ के तहत आयोजित नमों रन मैराथन दौड़ में खिलाड़ियों ने फिट इंडिया और स्वच्छ भारत, नशा मुक्त भारत की थीम पर दौड़ लगाई। यह सिर्फ दौड़ नहीं, बल्कि युवा शक्ति का संकल्प है। नशा मुक्त भारत की ओर कदम बढ़ाने का है इसलिए रविवार को नमों युवा मैराथन दौड़ कर आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ व सशक्त भारत का संदेश देना है ताकि वे अपने जीवन को अनुशासन और फिटनेस की दिशा में आगे बढ़ाये। श्री नगपुरे ने बताया कि नमों युवा मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग में प्रथम आर्यन, जिगर, लविराज, तुषार, सुमित, विकास विजेता रहे। महिला वर्ग में डिंपल यादव, खुशी काव्य, जूही, शिवानी, दिग्यावंशी विजेता रही। इस अवसर पर सांदीपनी स्कूल लालबर्रा प्रभारी प्राचार्य सनत दुबे, पारस राहंगडाले, ललित ब्रम्हे, छतरसिंह, जय ठाकरे पीटीआई, लव पटेल नगपुरे ब्लॉक समन्वयक, मिथलेश मेश्राम, सोहेल कुरैशी, कमलेश तुमसरे, राधिका नायक, श्रध्दा बाहेश्वर सहित खिलाड़ी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पांढरवानी पंचायत में दिव्यांग प्रमाण पत्र पंजीयन शिविर आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी में २२ सितंबर को दोपहर १ बजे से दिव्यांग प्रमाण पत्र पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया है। चर्चा में पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पांढरवानी पंचायत भवन में २२ सितंबर को दोपहर १ बजे से दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र पंजीयन एवं नवीनीकरण करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। श्री खान ने क्षेत्र के दिव्यांगजनों से अपील की है कि दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाना हो, पुराना प्रमाण पत्र का रिनिवल करना है ऐसे हितग्राही समय पर पहुंचकर पंजीयन करवाकर शासन की योजना का लाभ ले।

## आज विराजेंगी माँ जगदम्बे, मंदिरों में कलश प्रज्वलित कर बोये जायेगें जवारे

### आकर्षक लाईटिंग से सजा माता का दरबार, नौ दिनों तक की जायेगी माता-रानी की आराधना





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नौ दिनों तक चलने वाले माँ जगदम्बा की भक्ति व आराधना का शारदेय नवरात्र पर्व २२ सितंबर को शुभ मुहूर्त में माँ दुर्गाजी की प्रतिमा, जवारे व कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हो जायेगा। जिसके बाद नौ दिनों तक क्षेत्र में भक्तिमय माहौल निर्मित रहेगा और माँ जगदम्बे की श्रध्दालुओं के द्वारा आराधना की जायेगी। दुर्गा उत्सव पर्व को लेकर नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समितियों, विभिन्न देवी मंदिरों एवं घरों में जवारे व कलशों की स्थापना के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। जिसमें अधिकांश दुर्गा उत्सव समितियों व देवी मंदिरों के द्वारा तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। माता रानी के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है जिसमें लाइटिंग, पाल, पर्दे सहित अन्य सामग्रियों का इस्तेमाल कर भव्य माता रानी के पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी लालबर्रा के वार्ड नं. १७ कुम्हारी मोहल्ला में मूर्तिकारों के द्वारा माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं को मनमोहक स्वरूप प्रदान कर उसमें रंग-रोगन व साज-सज्जा कर प्रतिमा को तैयार कर दिया गया है। २२ सितंबर को सुबह से ही सार्वजनिक समिति के पदाधिकारी मुर्तिकारों के घर पहुंचकर मातारानी की प्रतिमा को ले जाकर शुभ मुहूर्त में प्रतिमा विराजित करेगें। नवरात्र पर्व को भक्तिभाव और धूमधाम से मनाने के लिए समितियों के द्वारा आवश्यक रूप से तैयारी की गई है जिसमें नौ दिनों तक सुबह-शाम पूजा-अर्चना व आरती कर माता-रानी की आराधना की जायेगी और धर्मलाभ अर्जित किया जायेगा।

### लालबर्रा कृषि उपज मंडी काम्पलेक्स परिसर में प्रतिमा स्थापना होगी आज

नगर मुख्यालय के हाई स्कूल मार्ग स्थित राजाभोज जैविक/प्राकृतिक कृषि उपज मंडी काम्पलेक्स परिसर सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर समितियों के द्वारा माता रानी का दरबार सजाया जा रहा है। जहां २२ सितंबर को शुभ मुहूर्त पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर माता रानी की प्रतिमा की स्थापना की जायेगी। प्रतिमा स्थापना के एक दिन पूर्व मूर्तिकारों के द्वारा माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप प्रदान किया गया। मूर्तिकारों के द्वारा सार्वजनिक समितियों के आर्डर पर बनाई गई प्रतिमाओं को आकर्षक सुंदर रूप प्रदान किया गया है। शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेगें और दिन-रात माता रानी के जयकारों व गीतों से क्षेत्र गुंजमान्य होगा।

## महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन






लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण, शुक्रवार को जैविक खेती के संबंध में जागरूकता रैली एवं शनिवार को सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को जैविक खेती के लाभ एवं कृषि को लाभकारी बनाने पर बल दिया गया और किसान मुन्नालाल बिसेन ने खेती के कार्यों को करने एवं जैविक खाद्य के इस्तेमाल के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। वहीं सामाजिक कुरूतियों के प्रति जागरूकता विषय पर व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों के द्वारा समाज में व्याप्त सामाजिक कुरूतियों जिसमें पर्दा प्रथा, बाल विवाह, छुआ-छुत, जातिवाद, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरूतियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। ताकि समाज में बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके एवं मानव कल्याण के लिए समानता व सुसंस्कारित व्यवस्थाओं को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमन बरवा, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, रेड रिबन प्रभारी नरेश सौलखे, श्रीमती संध्या परते, डॉ. ऋषिकेष पटेल, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, पीतम मुरते, वेंकटरमन नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, श्रीमती वंदना कुर्वे, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, मिनेश पंचेश्वर, कु. सोनम हरिनखेड़े, निशांत तलवरे का सराहनीय योगदान रहा।

## यातायात नियम तोडने् में भोपाल नंबर-4, हादसे नहीं हो रहे कम

भोपाल। मध्यप्रदेश सडक् हादसों में देश में दूसरे नंबर पर और हादसों से मौतों में चौथे नंबर पर है। यही वजह है कि डीजीपी कैलाश मकवाना ने 8 से 22 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियम तोडने् वालों पर कार्रवाई के साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने 8 से 18 सितंबर तक की गई कार्रवाई के आंकड़े जारी किए हैं। इसमें ग्वालियर ने यातायात नियम तोडने् वालों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई की है, जबकि छतरपुर में सबसे कम चालान काटे गए। ग्वालियर में 6255 चालान के माध्यम से 24,66,200 रूपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं जबलपुर में 6047 चालान से 20,73,900, शिवपुरी में 3733 चालान से 14,56,200, भोपाल में 3630 चालान से 13,35,500 और इंदौर में 3587 चालान से 13,44,600 रूपए जुर्माना वसूला गया है। लगातार हो रहे हादसों से पुलिस ने अब सख्त रवैया अपनाया है। ऐसे करीब चालक चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने हादसे किए हैं। इनका ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। भोपाल यातायात नियम तोडने् वालों पर कार्रवाई में चौथे स्थान पर है। शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस की तैनाती रहती है और रोजाना चालान काटे जा रहे हैं। इसके बावजूद हादसे रुक नहीं रहे। हेलमेट न लगाने वाले दोपहिया चालक, तेज रफ्तार वाहन और शराब पीकर ड्राइविंग करने वाले नियम तोडने् से नहीं चूक रहे। वजह है इन पर सख्त कार्रवाई का अभाव।

## नवरात्रि से धनतेरस तक बाजार में होगी लक्ष्मी की बरसात

भोपाल। जीएसटी के नए स्लैब 22 सितंबर से लागू होंगे। ऑटोमोबाइल सेक्टर में 10 फीसदी तक जीएसटी कम होना है। इसका फायदा सीधे आम लोगों को होगा। इसको देखते हुए लोगों ने इस सप्ताह की जगह अगले सप्ताह नवरात्रि से वाहनों की डिलीवरी लेने के लिए कहा है। इसकी तैयारियों में ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े लोग लगे हुए हैं। ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े लोगों ने कहा कि नवरात्रि से लेकर धनतेरस-दीपावली तक जिन लोगों को वाहन खरीदना है, उन्होंने अभी से बुकिंग कर दी है ताकि वाहन, कलर और वेरिएंट आसानी से उपलब्ध हो। अच्छी बात यह है कि टू-व्हीलर और फोर व्हीलर में इस बार पिछले साल से 20 फीसदी तक ज्यादा बुकिंग है। टू-व्हीलर, फोर व्हीलर में पुराने के साथ नए सेगमेंट में डिमांड काफी ज्यादा है। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के सचिव विशाल पमनानी ने कहा जीएसटी कम होने से लोगों को फायदा होगा। इसके लिए नई गाड़ी जो खरीदने वाले थे, उसकी प्लानिंग लोग कर रहे हैं। त्योहारी सीजन के लिए 3500 से ज्यादा टू-व्हीलर की बुकिंग है। फोर व्हीलर की बात करें तो साढ़े 7 हजार बुकिंग है। यह आने वाले समय में और बढ़ेगी। 20 फीसदी से ज्यादा वाहनों की बुकिंग पिछले साल से ज्यादा है। ऑटोमोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण पटेल ने कहा जीएसटी कम होने के कारण इस साल वाहनों की डिलीवरी बढ़ रही है। जो लोग आगे वाहन खरीदने वाले थे, वे भी इस साल प्लान कर रहे हैं, क्योंकि 10 हजार रुपए तक का फायदा टू-व्हीलर में और फोर व्हीलर में 50 हजार रुपए तक का फायदा होगा।

### सोमवार से डिलीवरी, शोरूम भी तैयार

22 सितंबर से नवरात्रि के साथ वाहनों की डिलीवरी होगी, इसकी तैयारियों में शोरूम संचालक लगे हैं। ऑफर की जानकारी लोगों को दी जा रही है। एक शोरूम संचालक ने कहा कि अभी बुकिंग काफी हो रही है। वाहनों की डिलीवरी नवरात्रि से शुरू होगी जो धनतेरस तक लगातार चलेगी।

### इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में अब 18 प्रतिशत जीएसटी

इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जैसे एअर कंडीशनर, टीवी (32 इंच से ऊपर, एलईडी और एलसीडी समेत), मॉनिटर और प्रोजेक्टर, डिश वॉशिंग मशीन अब 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत स्लैब में आ जाएंगे। लोटस इलेक्ट्रॉनिक्स के गौरव पाहवा ने बताया कि हमारे पास अभी से अच्छी इन्क्वायरी आना शुरू हो चुकी है। इस बार दिवाली और दशहरे पर अच्छी बिक्री का अनुमान है। जो भी ग्राहक अभी अपने ऑर्डर बुक कर रहे हैं, उन्हें भी 10 परसेंट का डिस्काउंट दिया जा रहा है। वहीं सोमवार से एमआरपी में बदलाव किया जाएगा और सभी को फायदा दिया जाएगा।

### बाजार में ये सामान हुआ सस्ता

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में घोषणा की थी कि जीएसटी में बदलाव के बाद 99 फीसदी सामानों पर लगने वाली दर 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दी जाएगी। इसमें बटर, चीज, मिठाइयां, और नमकीन शामिल हैं। इसके अलावा बिस्कुट, कॉफी, आइसक्रीम, हेयर ऑयल, शैपू, और साबुन पर लगने वाली 18 फीसदी की दर को भी घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। नई दरें सोमवार से लागू होंगी, लेकिन कंपनियों ने पहले ही कम कीमतों वाले उत्पाद वितरकों और खुदरा विक्रेताओं तक पहुंचाना शुरू कर दिया है।

# सेवानिवृत्त तहसीलदार वाय आर ठवरे के घर को चोरों ने बनाया निशाना

## वारासिवनी थाना क्षेत्रों में चोरो ने मचाया आंतंक नगर वासी भयभीत







वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। बीते चार दिनों से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर की जा रही चोरी का सिलसिला रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। फिर एक बार नगर के वार्ड नंबर चार निवासी सेवानिवृत नायब तहसीलदार के मकान में चोरी की वारदात होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें परिजनों के द्वारा थाने में घटना की शिकायत कर दी गई है मामले में पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है। यह वारदात को लेकर वर्तमान तक बीते चार दिनों में सात मकानों में चोरी की घटना सामने आ चुकी है। इस प्रकार अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद देखकर लोग भय में हैं ,आगे नवरात्र का त्यौहार है हर किसी को डर लगा हुआ है। हालांकि पुलिस के द्वारा उक्त घटनाओं में गंभीरता से जांच प्रारंभ कर दी गई है। किंतु अपराधी आज भी कानून के हाथों से दूर समझ आ रहे हैं।

### सुना मकान देख चोरों ने तोड़ा मकान का ताला

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर ४ स्थित विवेकानंद कॉलोनी में सेवानिवृत्ति नायाब तहसीलदार वाय आर ठवरे का मकान स्थित है। जहां वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ निवास करते हैं। उनका एक बेटा जबलपुर में निवास करता है यह पूरे परिवार के साथ करीब १३ अगस्त को अपने बेटे के पास घर में ताला लगा कर गए हुए थे। इस दौरान पूरा मकान सुना पड़ा हुआ था जहां पर शनिवार और रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा दबीस देकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। रविवार की सुबह पड़ोसी रिश्तेदार के द्वारा देखा गया कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है,उसके द्वारा घटना की जानकारी तत्काल मकान मालिक और पुलिस को दी गई। जिसमें पुलिस के द्वारा सुबह मौका स्थल का निरीक्षण किया गया किंतु परिजन ना होने से मकान के अंदर की तलाशी नहीं ली गई। इसमें परिवार के लोग शाम करीब ५ बजे अपने घर आए और देखा तो दरवाजे का सामने का ताला लगाने वाला कुंदा टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखें तो अंदर की सभी अलमारी पेटी का ताला टूटा हुआ था और उसका सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद परिवार के द्वारा पुलिस को वारासिवनी आने की सूचना दी गई।

### नवरात्र में घर की सुरक्षा को लेकर आम व्यक्ति परेशान

बीते करीब चार दिनों से चोरी का सिलसिला लगातार चल आ रहा है अभी तक ७ मकान में चोरी की वारदात हो चुकी है। जहां से जेवरात और नकद राशि चोरों के द्वारा चुरा ली गई है ऐसे में लोग दहशत में जी रहे थे। परंतु अब और ज्यादा भय उनका बढ़ गया है क्योंकि २२ सितंबर से नवरात्र पर्व प्रारंभ हो रहा है। यह महोत्सव वारासिवनी नगर और क्षेत्र में भव्य स्तर पर मनाया जाता है। ऐसे में महिलाएं सुबह और शाम मंदिर और गरबा कार्यक्रम में व्यस्त हो जाती है तो वहीं पुरुष वर्ग अपने व्यापार कार्य के साथ मंदिर और सार्वजनिक पंडाल में भी व्यस्त रहते हैं। कई मर्तबा सुना मकान उन्हें छोड़ना पड़ता है परंतु अब वह घर छोड़ने से घबरा रहे हैं। नवरात्र में इतना ज्यादा यातायात और लोगों की भीड़ नगर में हो जाती है की कई बार ट्रैफिक अस्त व्यस्त हो जाता है। ऐसे में चोरों के लिए सुना मकान में चोरी करना आसान हो जाता है। तो वहीं आगे और कितनी चोरियां बढ़ेगी इसको लेकर हर कोई का चेहरा सहमा हुआ हैं।

### कुछ दिन पहले लड़के के पास रहने चले गये थे- वाय आर ठवरे

सेवानिवृत नायब तहसीलदार वाय आर ठवरे ने बताया कि यह मेरा मकान है पूरे परिवार के साथ मैं यहां पर रहता हूं मेरा लड़का जबलपुर में रहता है। अभी बारिश के मौसम में अपने लड़के के पास हम सभी गए हुए थे सुबह हमारे पड़ोसी रिश्तेदार का फोन आया कि घर का ताला टूटा हुआ है। अभी हम आए हैं तो ज्यादा कुछ देखा नहीं है परंतु सामने का ताला टूटा था। घर के अंदर सभी ताले टूटे हुए हैं सामान बिखरा पड़ा है घर में केवल महिलाओं के द्वारा जो १० हजार रुपए रखे जाते हैं वहीं रखे हुए थे जो चोरी हुए होंगे बाकी जेवर हमारे द्वारा नहीं रखा गया था।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को चौक बाजार में करेंगे व्यापारियों से संवाद



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार (22 सितंबर को) भोपाल के ऐतिहासिक चौक बाजार में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी के प्रचार अभियान में शामिल होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 2:30 बजे भवानी मंदिर, सोमवारा चौक पर होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जीएसटी प्रचार अभियान का स्वागत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शारदीय नवरात्र की घट स्थापना अवसर पर यहां कर्फ़्यू वाली माता मंदिर में दर्शन-पूजन कर शुभाशीष प्राप्त करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव चौक बाजार में ही पुलिस चौकी से दीपाली साड़ी प्रतिष्ठान तक पैदल भ्रमण करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री बाजार में खरीददारी करने आये ग्राहकों और व्यापारियों से जीएसटी के बारे में चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व्यापारियों को जीएसटी रेजोल्यूशन की प्रतियां वितरित करेंगे और व्यापारियों को समझाइश देकर जीएसटी को लेकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रचार अभियान के दौरान स्वदेशी हैंडलूम्स और खादी कपड़े से बने परिधानों की खरीददारी करेंगे। साथ ही विभिन्न भुगतान माध्यमों के बारे में जानकारी देकर आमजन को डिजिटल पेमेंट प्रणाली अपनाने का संदेश भी देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपरान्ह 3 बजे मोतीलाल मन्नूलाल धर्मशाला पहुंचेंगे, जहां वे व्यापारिक, वाणिज्यिक एवं सामाजिक संगठनों के करीब 300 प्रतिनिधियों से रूबरू होकर संवाद करेंगे। संवाद के दौरान केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती किए जाने से क्रेता-विक्रेता को होने वाले लाभों की जानकारी दी जायेगी।

# आये नवरात्रे माता के : नौ शक्ति की भक्ति का पर्व आज से प्रारंभ





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नवदिवसीय नवरात्र पर्व का प्रारंभ २२ सितंबर से होना है। ऐसे में सार्वजनिक समितियों के द्वारा माता रानी के दरबार को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तो वहीं मंदिरों में भी विभिन्न प्रकार की तैयारी की जा रही है ,साथ ही नगर के मूर्तिकारों ने जगत जननी मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे है। यह जगत जननी मॉ दुर्गा का नवदिवसीय नवरात्र पर्व २२ सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। पर्व के नजदीक आते ही माता रानी के भक्तों में खासा धार्मिक उत्साह देखा जा रहा है। मूर्तिकार भी माता रानी की प्रतिमाओं को शीघ्र पूर्ण करने की तैयारी में जुटा हुआ है। बताया जा रहा है कि मूर्तिकारों के निवास से माता रानी की प्रतिमाओं को ले जाने का क्रम २२ सितंबर की सुबह से प्रारंभ हो जायेगा। वह बारीकी से प्रतिमाओं पर अब कार्य किया जा रहा है वहीं सार्वजनिक पंडाल में भी विभिन्न तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

### १ दर्जन से अधिक सार्वजनिक पण्डालों में विराजेंगी माता रानी

नगर में करीब १ दर्जन से अधिक सार्वजनिक पण्डालों में जगत जननी माता रानी की प्रतिमाऐं विराजित की जायेंगी। वहीं मंदिरों में भी मनोकामना ज्योतिकलश जगमगायेंगे। खासकर नगर स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में माता रानी के भक्त अपनी मनवांछित इच्छाओं की पूर्ति के लिये कलश स्थापना बैठकी के दिन करेंगे। इसके आलावा बालाघाट रोड़ स्थित काली मंदिर, बनियाटोला स्थित वैष्णव माता मंदिर ,लालबर्रा रोड़ स्थित गायत्री मंदिर सहित बंजारी माता मंदिर में भी भक्तगण मनोकामना ज्योतिकलश की स्थापना विधि विधान से करेंगे। जिनका विसर्जन नवमी के दिन विशाल शोभायात्रा निकालकर किया जायेगा।

### नगर के सार्वजनिक पंडालों में गरबा नृत्य की रहेगी धूम

नगर के दो सार्वजनिक पण्डालों में इस मर्तबा गरबा नृत्य की अच्छी खासी धूम रहने की बात कहीं जा रही है। इसमें नवदुर्गात्सव समिति सिविल क्लब और सम्राट नगर दुर्गात्सव समिति में विशाल प्रांगण में गरबा नृत्य का संचालन किये जाने की तैयारी अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। प्रतिदिन रात्रि आरती के बाद होने वाले इस नृत्य में नगर ही नही आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर माता रानी के दरबार में हाजरी लगाने आतुर दिखाई दे रहे है। इस मर्तबा गरबा महोत्सव को और भव्य रूप देने का प्रयास समिति के द्वारा किया गया है। इसके अलावा अनाज गंज, भाजी मंडी व विभिन्न दुर्गा पंडालो पर भी यह आयोजन होते हैं।

### रौशनी से जगमगायेगा नगर

नवदिवसीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर सार्वजनिक पण्डालों ने अपने अपने पण्डालों को आकर्षक व सुंदरता प्रदान करने के लिये विशेष सॉज सज्जा की सजावट की है। सार्वजनिक समितियों ने इस दौरान पण्डालों में विशेष लाईटिंग का प्रबंध भी किया है। जिसकी टेस्टींग प्रारंभ हो गई है। जिससे शाम के समय पूरा शहर विशेष रौशनी से जगमगाता हुआ दिखाई दे रहा है। यह सार्वजनिक पंडाल एवं मंदिर तक ही सीमित नहीं है समिति के द्वारा इसे मार्ग में लंबी दूरी तक लगाया गया है।

# राजस्थानी समाज महिला मंडल वारासिवनी की अध्यक्ष बनी किरण शर्मा

## कार्यकारिणी और सामाजिक कार्यक्रमों की हुई घोषणा





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर की मारवाड़ी समाज ने संयूक्त रूप से सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल का गठन किया है। जिसमें किरण शर्मा को अध्यक्ष का दायित्व प्रदान कर अन्य पदो पर सर्वसम्मति से मनोनयन किया है। साथ ही वरिष्ठजनो की संरक्षक टीम के साथ अपनी एकता को प्रदर्शित कर जल्द पुरी कार्यकारिणी बनने के संकेत दिये है। पं जुगलकिशोर शर्मा के निवास पर श्रीमती ज्योति शर्मा जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष श्रीमती मनोरमा माहेश्वरी, श्रीमती पायल चौरड़िया के सानिध्य में सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल का गठन किया गया है। डॉ. हरी प्रसाद शर्मा ने बताया की अध्यक्ष पद पर किरण शर्मा ,उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रियंका शर्मा, श्रीमती राखी खंडेलवाल, श्रीमती यामिनी त्रिवेदी, श्रीमती संगीता अग्रवाल, सीमा जोशी,सीमा खंडेलवाल,सचिव पद पर श्रीमती भावना अग्रवाल, सहसचिव मनीषा शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती राधिका खंडेलवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल का मनोनयन कर दायित्व प्रदान किया गया है। इसी तरह संरक्षक मंडल में पं जुगलकिशोर शर्मा, डॉ. एच पी शर्मा, सुरेश खंडेलवाल,प्रदीप खंडेलवाल, अशोक बाठिया, राजेन्द्र अग्रवाल, राजेन्द्र खंडेलवाल, सुधीर शर्मा, संतोष चौहान,पुरषोत्तम पारीवाल, विनय सुराना, कन्हैया राजपूरोहित, दिलीप शर्मा, वरूण त्रिवेदी के नाम का चयन किया गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा ने बताया की राजस्थानी संस्कृति को मानने व राजस्थानी तीज त्योहारो के संस्कार नयी पीढी में प्रदान करने के उद्वेश्य से सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल का गठन किया गया है। जल्द पुरी कार्यकारिणी के साथ आगामी कार्यक्रमो की रूपरेखा निर्धारित की जायेगी। इस दौरान जुगल शर्मा , गोपाल खंडेलवाल, प्रकाश खंडेलवाल, जयदीप जोशी, कमलेश अग्रवाल, नरेन्द्र खंडेलवाल, सत्यम शर्मा,पंचू शर्मा, मनीष खंडेलवाल, शुभम शर्मा, राम खंडेलवाल, मधू पालीवाल,तुलसी शर्मा, कविता शर्मा, पुष्पा शर्मा, अलका खंडेलवाल, लक्ष्मी शर्मा,रीचा खंडेलवाल, कोमल व्यास,माधुरी व्यास, गीता अग्रवाल, सुमन शर्मा, गंगा शर्मा उपस्थित रहे।

### नाबालिक का पीछा करने पर सुरेन्द्र भगत पर अपराध कायम

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी थाना अंतर्गत नाबालिक ने सुरेन्द्र भगत पर पीछा कर जबरदस्ती बात करने धमकी देने का आरोप लगाकर थाने में शिकायत दर्ज करवायी हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार १६ साल १० माह की नाबालिक ने थाना आकर एक लिखित आवेदन पत्र देकर सुरेंद्र पिता राजेन्द्र भगत निवासी डोंगरिया के विरूद्ध पिछाकर जबरदस्ती बात करने के लिये परेशान कर मुझे और मेरे मम्मी,पापा को मरने और जान से मारने की धमकी देने के संबंध में प्रस्तुत किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भारतीय न्याय सहिता की धारा ७८ (२) ,३५१ (२) पक्सो एक्ट की धारा ११/१२ के तहत मामला पंजीबध्द कर जांच प्रारंभ कर दिया है।

# 22 से 1 अक्टूबर तक मनेगी नवरात्रि, 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व

## 9 साल बाद कल से नवरात्रि में दस दिन मां दुर्गा की आराधना

भोपाल। आज से 10 दिवसीय शारदीय नवरात्रि का पर्व प्रारंभ होगा। शुभ मुहूर्त में माता की प्रतिमा और घटस्थापना होगी। मां के आगमन के लिए शहर के मंदिर और गरबा पंडाल विद्युत सज्जा से जगमगाने लगे हैं। 9 साल पहले 2016 में नवरात्रि 10 दिनों की थी, वहीं इस बार भी 10 दिन की नवरात्रि होगी। विजयदशमी का पर्व 11वें दिन मनाया जाएगा। सोमवार को मां दुर्गा का आगमन हाथी की सवारी पर होगा। यह समृद्धि, संतुलन और शांति का संकेत है। प्रस्थान के समय मां नाव पर सवार होंगी, जो नए मार्ग, उत्साह और जनजीवन में उत्सव का प्रतीक है। आज शुक्ल योग व ब्रह्म योग व दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिष शास्त्र में यह योग अत्यंत शुभ व लाभकारी माने गए हैं। नवरात्रि में चतुर्थी तिथि 2 दिन है। जिससे नवरात्रि 9 दिन के बजाय 10 दिन की होगी। नवरात्रि में तिथि की वृद्धि अतिशुभ दायक मानी जाती है। राजधानी में सोमवार से 10 दिवसीय नवदुर्गोत्सव पर्व सोमवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान शहर में करीबन छोटी-बड़ी 100 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा के विभिन्न रूप जैसे काली, वैष्णोदेवी आदि की प्रतिमाएं विराजेगी। इसके अलावा लगभग 500 से अधिक मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा- आराधना और घट स्थापना की जाएगी। इसके पहले शनिवार को झांकी समितियों ने पंडालों को रंगीन झालरों और लाइटों से सजाया गया है। इधर मां दुर्गा की प्रतिमाओं को पंडाल समितियों ने शनिवार से ही गाजे-बाजे के साथ झांकी स्थल तक ले जाना शुरू कर दिया है। रविवार शाम तक सभी प्रतिमाएं झांकी स्थलों तक पहुंच गई हैं। इसके पहले राजधानी के न्यू मार्केट, पुराने शहर के लखेरपुरा, मंगलवारा, 10 नबंर मार्केट, छोला, भानपुर, अशोका गार्डन 80 फीट और करोंद क्षेत्र में पूजन सामग्री की दुकानों पर रौनक बढ़ गई है।माता रानी की पूजन सामग्री समेत वस्त्रों की मांग रही। मातारानी की पोशाकें 25 रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक में उपलब्ध है। पूजन सामग्री में नारियल इस साल 30-35 रुपए हो गया है। इसके अलावा छत्री, गजरे, हवन सामग्री, फूल-फल की मांग बनी हुई है।

### दुर्गोत्सव में जुटा बंगाली समाज

राजधानी में न्यू मार्केट और भेल स्थित कालीबाड़ी में हर साल बंगाली समाज मां दुर्गा की स्थापना 26 सितंबर पंचमी से करता है, जोकि दशहरा तक रहता है। इसके मद्देनजर बंगाली समाज ने तैयारियां पूरी कर ली है। टीटी नगर स्थित बंगाली दुर्गा उत्सव समिति 69 वें वार्षिक दुर्गा महोत्सव को धार्मिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक रंग देने जा रही है। राजधानी में दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा देश के प्रसिद्ध मंदिरों की प्रतिकृति आधारित पंडाल सजाए गये हैं। विट्ठल मार्केट में पंडाल को जहां उड़ीसा को भगवान जगन्नाथ मंदिर का आकार दिया गया है। वहीं न्यूमार्केट में वृंदावन के प्रसिद्ध राधा कृष्ण मंदिर की झांकी सजाई गई है।

### कलश स्थापना के मुहूत

आज सुबह 6.09 बजे से कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त, सुबह 6.09 से 8.06 बजे तक (1 घंटा 56 मिनट) श्रेष्ठ, अभिजीत मुहूर्त - 11. 49 से 12.38 बजे तक (49 मिनट) सर्वश्रेष्ठ , शुभ चौघडिया मुहूर्त - सुबह 09.11 बजे से सुबह 10.43 बजे तक, सुबह 10.42 से दोपहर 12.11 तक, दोपहर 12.11 से 01.39 तक, शाम 04.35 से 06.05 तक - शाम 06.05 से 07.37 तक रहेगा।

# आलंद, राहुल गांधी का प्रेस कॉफ्रेंस और निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया

एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस में, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) और भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर गंभीर इल्जाम लगाये। उन्होंने 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले आलंद निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूचियों से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले में आयोग पर कोई कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। इससे पहले कर्नाटक के महादेवपुर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में विसंगतियों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके इल्जाम, वास्तव में यह एहसास नहीं करा सके कि किसी दल विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए कोई चाल पक्के तौर पर थी, लेकिन आलंद पर उनके आरोप इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि भाजपा के साथ करीबी मुकाबले में, कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने के लिए, हेरा-फेरी की कोशिशें की गयीं। आलंद के बारे में पता चले तथ्यों का, जो सबसे पहले इसी माह 'द हिंदू' की एक खोजी रिपोर्ट में सामने आये, चुनाव पर किसी वास्तविक असर से कोई सरोकार नहीं था। क्योंकि, आयोग ने लगभग 6,000 मतदाताओं का नाम धोखाधड़ी से हटवाने की कोशिश को नाकाम बना दिया। शरारती तत्वों ने वैध मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 आवेदन दायर किये थे। लेकिन राहुल गांधी के आरोप, जो 'द हिंदू' की रिपोर्ट से लिये गये हैं, इस तथ्य पर केंद्रित हैं कि इस धोखाधड़ी भरी हरकत में सीआईडी जांच बाधित की गयी है, क्योंकि आयोग ने बेहद अहम तकनीकी दस्तावेजों तक पहुंच देने से मना कर दिया है। इसने जांचकर्ताओं को धोखाधड़ी के उन डिजिटल पदचिन्हों का पीछा करने में अक्षम बना दिया है जो बदलते आईपी एड्रेसों और फोन नंबरों की भूलभुलैया में दबे हैं। निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया काफी उलझाऊ है – वह मानता है कि मतदाताओं के नाम हटाने के लिए धोखाधड़ी भरी कोशिशें की गयीं और यह भी कि उसने इस मामले की जांच कर रही पुलिस के साथ ब्योरा साझा किया था। लेकिन वह इस मुख्य आरोप को संबोधित नहीं करता कि सीआईडी द्वारा बार-बार 卐डेस्टिनेशन आईपी और डेस्टिनेशन पोर्ट卐 डेटा के लिए अनुरोध पर उसने चुप्पी साध रखी है। ये डेटा डिवाइस डेटा को पिनप्वांइट करने, और इस तरह, धोखाधड़ी करने वालों की पहचान और लोकेशन का पता लगाने के लिए जरूरी हैं। इसके बगैर, यह भूसे के ढेर में सूई खोजने जैसा होगा। आयोग को इन आरोपों और कर्नाटक सीआईडी द्वारा किये गये अनुरोधों पर अलग से जवाब देना चाहिए। उसे फॉर्म-7 का दुरुपयोग, खासकर तृतीय पक्षों द्वारा मतदाता विलोपन, रोकने के लिए भी काम करना चाहिए। ऐसे वक्त में जब आयोग की साख को धक्का लगा है – बिहार में उसने जिस ढंग से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया है उसे देखते हुए यह मुख्यत: उसकी अपनी ही करनी है – आलंद मामले में गंभीर आरोपों पर उसकी उपेक्षात्मक प्रतिक्रिया गैरजरूरी और प्रति-उत्पादक है। राहुल गांधी और उनकी पार्टी को अपनी आलोचना निर्वाचन आयोग, एसआईआर प्रक्रिया और मतदाता सूचियों में विसंगतियों तथा ज्ञात डेटा की जुगाली तक सीमित नहीं करनी चाहिए। उन्हें निष्पक्ष और न्यायपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के बारे में जनता की सजगता बढ़ाने के लिए और बहुत कुछ करना चाहिए।

# महिलाएं : भारत की मौन शक्ति, जो हमें भविष्य की ओर ले जा रही हैं

जब हम अपने प्रधानमंत्री के जीवन के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, तो हमें उनकी यह प्रतिज्ञा याद आती है कि महिलाओं की पूरी भागीदारी के बिना भारत एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उनका स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान एक गहरी सच्चाई को दर्शाता है卐अगर मां स्वस्थ रहती है तो पूरा घर स्वस्थ रहता है। अगर मां बीमार पड़ जाती है, तो पूरा परिवार बिखर जाता है।卐यह मानना कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही हमारे राष्ट्रीय प्रगति की नींव है, भारत की विकास यात्रा का मुख्य आधार है।



### भारत की विकास गाथा के केंद्र में महिलाएं

महिलाएं सिर्फ इस यात्रा की भागीदार नहीं हैं, बल्कि इसकी असली संवाहक हैं। प्रयोगशालाओं, अस्पतालों, खेतों और बायोटेक स्टार्ट-अप्स में उनके मौन लेकिन प्रभावशाली कार्य हमारे भविष्य को गढ़ रहे हैं। उन 10 लाख आशा कार्यकर्ताओं के बारे में सोचें, जो भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं, जो अक्सर प्रकोप के दौरान सबसे पहले मदद पहुंचाती हैं या फिर आईसीएमआर, एनआईवी और एम्स की महिला वैज्ञानिकों पर विचार करें, जिन्होंने 2020 में गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम कोरोनावायरस-2 को अलग करने में मदद की और भारत के स्वदेशी टीकों का मार्ग प्रशस्त किया, जिसके कारण दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान में 2 अरब से अधिक टीकाकरण किए गए।

भारत की 62.9% महिला कार्यकर्ता कृषि में हैं, और अब इनमें से कई को सूखा-रोधी व फसल सुरक्षा जैसे बायोटेक समाधान अपनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। 2 बायोटेक उद्यमिता में भी महिलाएं सस्ते डायग्नोस्टिक, जीनोमिक्स और वैक्सीन नवाचार जैसे क्षेत्रों में स्टार्ट-अप्स की अगुवाई कर रही हैं। ये कोई अकेली कहानियां नहीं हैं, ये भारत की नारी शक्ति का जीता जागता सबूत हैं।

### नीतिगत और संस्थागत समर्थन

महिलाओं की क्षमता को उभारने में सरकारी पहल निर्णायक रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर मिशन शक्ति तक, संसद में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक नारी शक्ति वंदन अधिनियम हो, या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया और जन धन योजना के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण- महिला-प्रधान विकास की मजबूत रूपरेखा तैयार हो चुकी है।

*54 करोड़ से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं, जिनमें लगभग 56% खाते महिलाओं के हैं। वित्तीय समावेशन का ऐसा स्तर दुनिया भर में शायद ही कभी देखा गया हो।

*मुद्रा योजना के तहत 43 करोड़ ऋणों में से लगभग 70% ऋण महिला उद्यमियों को दिए गए हैं।

*नारी शक्ति वंदन अधिनियम जल्द ही यह सुनिश्चित करेगा कि संसद की एक-तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों। जिससे नीति निर्माण में उनकी आवाज़ सुनिश्चित होगी।

### विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार: वैश्विक संदर्भ में भारत

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारतीय महिलाएं सचमुच सितारों तक पहुंच रही हैं। इसरो में महिलाओं ने चंद्रयान-2 और मंगलयान जैसी मिशनों में निदेशक की भूमिका निभाई, जिससे भारत की अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरती छवि सामने आई। महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत, एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी के मामले में दुनिया में अग्रणी है:

* भारत में 43% एसटीईएम स्नातक महिलाएं हैं, जबकि अमेरिका में 34%, यूरोपीय संघ में 32% और ओईसीडी देशों में औसतन 33%

* फिर भी, वैज्ञानिक संस्थानों में केवल 19% वैज्ञानिक, इंजीनियर और टेक्नोलॉजिस्ट ही सीधे अनुसंधान और विकास से जुड़े हैं, जिससे यह ज़रूरी हो जाता है कि शिक्षा में मिली सफलता को कार्यस्थलों पर भी प्रतिनिधित्व में बदला जाए।

सरकार के बायोकेयर और वाइज किरण जैसे कार्यक्रमों ने करियर ब्रेक के बाद लौटीं महिला वैज्ञानिकों को फिर से नवाचार शुरू करने का अवसर दिया है। हाल ही में बीआईआरएसी ने 75 से अधिक महिला बायोटेक उद्यमियों को सम्मानित किया, जो नई पीढ़ी की महिला नेतृत्व का संकेत है। वैश्विक स्तर पर बायोटेक नेतृत्व पदों पर महिलाएं 20% से भी कम हैं, ऐसे में भारत की यह प्रगति विज्ञान उद्यमिता में समावेशिता के नए मानक तय कर सकती है।

### भविष्य की ओर: अग्रणी महिलाएं

विज्ञान-आधारित विकास का भविष्य उन महिलाओं द्वारा गढ़ा जाएगा जो जीनोमिक्स, मॉलिक्युलर डायग्नोस्टिक्स, बायोलॉजिक्स और सटीक उपचार को आगे बढ़ाएंगी। वे जैव प्रौद्योगिकी आपूर्ति श्रृंखलाओं, नियामक पारिस्थितिकी प्रणालियों और जमीनी स्तर के स्वास्थ्य वितरण नेटवर्क का नेतृत्व करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि किफायती चिकित्साएं दूर-दराज के गांवों तक भी पहुंचें। एक गैराज लैब से लेकर एक वैश्विक बायोलॉजिक्स कंपनी बनाने तक की मेरी अपनी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि नवाचार केवल बोर्डरूम में ही जन्म नहीं लेता। यह जमीनी स्तर से जन्म लेता है और मेहनत व धैर्य से आगे बढ़ता है, चाहे वह तकनीशियन हो, शोधकर्ता (पोस्ट-डॉक) या स्वास्थ्यकर्मी। जब उन्हें अवसर और पहचान मिलती है, तो उनका प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है।

### भारत के लिए एक अहम मोड़

जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा बनाए रखने और अंतरिक्ष व डिजिटल तकनीक के नए आयाम आने वाले दशकों में भारत की प्रगति को परिभाषित करेंगे। प्रधानमंत्री की दृष्टि स्पष्ट है: महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि इस भविष्य की सह-निर्माता के रूप में देखा जाना चाहिए।

### आह्वान

अब समय आ गया है कि सभी क्षेत्रों में नेतृत्व यह सुनिश्चित करे कि महिला वैज्ञानिक, नर्सें, स्वास्थ्यकर्मी और उद्यमी पूरी तरह से दिखाई दें, उन्हें पर्याप्त संसाधन मिलें और वे पूरी तरह सशक्त हों। जब ऐसा होगा, तो भारत न केवल अपना वादा पूरा करेगा बल्कि दुनिया की उम्मीदों से भी आगे बढ़ जाएगा। क्योंकि हम सभी द्वारा निर्मित और महिलाओं के नेतृत्व वाला भविष्य अजेय होगा।

- डॉ. किरण मजूमदार-शॉ

# नवरात्र पर घर-घर की गई सांझी की प्राण प्रतिष्ठा!

नवरात्र का पर्व नवदुर्गा पूजा के लिए देवी के विभिन्न रूपो की साधना का अवसर है।जिसमे आस्था,लोकसंस्कृति, शिल्प कला और बच्चों में कलात्मक गुणों का समावेश करने की पुरातन परम्परा है।इन्ही में से एक है,नवरात्र पर देवी रूप में सांझी की स्थापना और फिर पूरे नवरात्र सांझी की लोकगीतों के साथ पूजा।देखिए एक बानगी,

लिल्ली धोडी रे कौन फिरे सवार,मै था दुलीचन्द बोबो हे, सांझी का लेवणहार। बोबो थोडा पिला दे हे तेरा बीर प्यासा जाए। नवरात्रों पर हर घर में यह लोकगीत पुराने समय से गाया जाता है।सांझी की आरती के रूप में सुबह शाम गाये जाने वाले इस लोग गीत में कही न कही एक संदेश है,साथ ही भारतीय संस्कृति की अनूठी झलक भी इस गीत में देखने को मिलती है। श्राद्ध के अन्तिम दिन अमावस्या को देवी रूप में मिटटी से बनी मां सांझी को प्रतिष्ठित कर मां सांझी की पूरे नवरात्रों तक पूजा अर्चना की जाती है। पहले गांव हो या शहर, घर लडकियां कच्ची मिटटी से नई नई डिजाईन व नये नये साज श्रंगार के साथ सांझी तैयार करती थी। सांझी के साथ चांद तारे से लेकर कई आकृतियां सजाई जाती थी। जो शिल्पकला का अदभुत नमूना होता है।

श्राद्ध पक्ष आते ही सांझी बनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है और नवरात्र से एक दिन पहले गोबर से चिपकाकर दिवारों पर सांझी लगाई जाती है।समय के साथ सांझी भी हाईटेक हो गई है। अब सांझी घरो में बनाने के बजाए बाजार से खरीदकर लगाई जाती है।एक सांझी 50 रूपये से 500 रूपये तक आसानी से मिल जाती है। ऐसे में सांझी को घर में बनाने की परम्परा अब खत्म प्राय: हो गई है।जिससे घर की लडकियां सांझी बनाने की शिल्पकला से वंचित हो गई है। एक बोध कथा के अनुसार, सांझी एक गरीब परिवार में जन्मी एक ऐसी लडकी थी, जिसे ससुराल भी गरीब ही मिली।

ससुराल में सांझी को कई झूठे इल्जाम और ताने सहन करने पडतें थे। यानि सांझी को ससुराल में प्रताडित किया गया। सांझी को मायके लिवाने जब उसका भाई दुलीचन्द उसकी ससुराल आया तो उससे सांझी की पीडा देखी नही गई। हद तो तब हो गई जब ससुराल वालों ने सांझी को उसके भाई के साथ भेजने से इंकार कर दिया।सांझी जिद पर अड गई और भाई दुलीचन्द के साथ मायके चली गई । जहां पहुंचने पर सांझी की आरती उतारकर पूरे गांव ने स्वागत किया। सांझी के मायके में स्वागत के दौरान चना जिसे चाब कहा जाता है,का प्रसाद बाटा गया । तभी से यह पर्व मनाने और पर्व पर चाब के रूप में भीगे हुए चने बांटने की परम्परा है।

राधा बल्लभ संप्रदाय के अनुयायी सांझी को राधा कृष्ण की प्रेम भक्ति के रूप व्याख्यायित करते है तो कही कही सांझी की पूजा 16 दिनों तक किये जाने की भी परम्परा है। लोक कथाओं के साथ साथ लोक गीतों में कालजयी सांझी की कथा सहज ही समझ में आ जाती है। सांझी की आरती सुबह शाम करते समय प्रार्थना के रूप में जो लोक गीत गाए जाते है उन लोक गीतो की एक बानगी देखिए, चाब दे री चाब दे सांझी की मां चाब दे , तेरी सांझी जीवे चाब दे । इसी तरह आरता री आरता सांझी मां आरता । गाकर सांझी मां की पूजा की जाती है।

इसी सांझी मां की प्रतिमा के सामने सांझी स्थापना के अगले दिन कच्ची मिटटी में जौ बोये जाते है। प्रतिदिन सुबह शाम सांझी को स्नान कराते समय व भोग लगाते समय इन बोये गए जौ में नियमित पानी छिडकने से जौ अकुंरित होकर पौधा बनने लगता है जिसे नोरते कहते है। चूंकि दशहरे तक ये नोरते काफी बडे हो जाते है इस लिए इन्ही नोरतों से दशहरे की पूजाकर कर बहने अपने भाईयों के कानो पर नोरते रखकर उनकी दिर्धायु की कामना करती है और बदले में भाई अपनी बहन को सोगात देता है। हांलाकि सांझी प्रतिमा को दशहरे से एक दिन पूर्व ही श्राद्धाभाव से उतारकर किसी दरिया में विर्सजित कर दिया जाता है।घर की लडकिया सांझी प्रतिमा को विर्सजित करते समय उदास भी होती है क्योंकि उन्होने सांझी की प्रतिमा को बडे परिश्रम व उत्साह से बनाया था। परन्तु उन्हे यह ढांढस बंधाकर कि अगले साल फिर सांझी मां आएगी और उन्हे फिर से सांझी की एक अच्छी सी प्रतिमा बनाने का अवसर मिलेगा, लडकियों को मना लिया जाता है।सचमुच लडकियों में सांझी बनाने के नाम पर उनकी शिल्पकला प्रर्दशित करने का नवरात्र एक अच्छा अवसर है। जिसमें कन्या की पूजा के साथ ही स्त्री शक्ति सम्मान के रूप में मां दुर्गा का भावपूर्ण स्मरण किया जाता हैऔर श्रद्धालु पूरे नवरात्र उपवास रखकर मां सांझी व मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते है। साथ ही नन्ही मुन्नी बच्चियों को भोजन कराकर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया जाता है। है न भारतीय संस्कृति की यह अनूठी परम्परा ,जहां आधी दुनिया यानि स्त्री जाति के सम्मान का एक बडा अवसर है। शास्त्रों में भी उल्लेख मिलता है कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर वास करते है और जहां ईश्वर वास करते है वह स्थान स्वर्ग बन जाता है।तो आइए इस धरा को भी स्वर्ग बनाए कन्या भ्रूण हत्या होने न दे,बेटी के जन्म पर फक्र करे और उन्हें बेटो के समान पोषण व संरक्षण दे।तभी नवरात्र की सार्थकता है। ओर अंत मे,

शरद नवरात्र की बेला पर
नवदुर्गा का आव्हान करूं
अखंड ज्योति जलाकर
तेरा मै गुणगान करूं
हे शक्ति स्वरूपा प्रथम देवी
जन मन को बदल दो तुम
कन्या भ्रूण हत्या न हो
ऐसा वरदान दे दो तुम
कन्या पर जो कुदृष्टि डाले
उनकी दृष्टि को हर लो तुम
तुम्हारा प्रतिरूप हो कन्याएं
उनमें संस्कार भर दो तुम।

-डा. श्रीगोपाल नारसन

# शारदीय नवरात्रि 2025 - गज पर सवार होके आजा शेरांवांलिएं - शेरावांलिएं मां ज्योतावांलिएं

वैश्विक स्तरपर आदि अनादि काल से भारत आध्यात्मिक, आस्था का प्रतीक रहा है, जो हजारों वर्षों पूर्व के इतिहास में दर्ज है,जिसे हम कहानियों मान्यताओं के रूप में अपने पूर्वजों, पूर्वज पीडियों और वर्तमान में बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं।भारत एक सर्वधर्म धर्मनिरपेक्ष देश है जहां हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित अनेकों जातियों प्रजातियों उपजातियों द्वारा अपने-अपने स्तर व मान्यताओं के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। किसी को कोई पाबंदी नहीं है, यही भारतीय संविधान की खूबसूरती है,यह हम आज इसलिए कह रहे हैं,क्योंकि 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक शुभ नवरात्रा दिवस हैं जो प्रतिवर्ष सितंबर-अक्टूबर महीने की भिन्न-भिन्न तिथियों में मनाए जाते हैं। ज्योतिषीय गणना में कभी- कभी तिथियों की वृद्धि या क्षय होता है। 2025 में चतुर्थी तिथि दो बार आ रही है,जिसके कारण यहनवरात्रि 10 दिन की मानी जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इस स्थिति में पूजा-विधान में किसी प्रकार की कमी नहीं होती,बल्कि इसे और अधिक शुभ और मंगलकारी माना जाता है। भक्तों के लिए यह अतिरिक्त दिन साधना और देवी उपासना का अवसर है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हुँ कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आध्यात्मिक साधना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का विराट पर्व है।शारदीय नवरात्रि वर्ष में आने वाली चार नवरात्रियों में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस बार 2025 की शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर, सोमवार से प्रारंभ हो रही है और 1 अक्टूबर तक चलेगी।सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इस बार नवरात्रि 9 नहीं बल्कि 10 दिनों की होगी, क्योंकि चतुर्थी तिथि की वृद्धि (अधिमास) के कारण एक अतिरिक्त दिन जुड़ रहा है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर पृथ्वी पर आ रही हैं, जो समृद्धि, शांति और प्रगति का प्रतीक माना जाता है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में देवी का हाथी पर आगमन कृषि समृद्धि, वर्षा की प्रचुरता और सामाजिक संतुलन का द्योतक है।यह किसी एक राज्य में नहीं बल्कि अनेक राज्यों में गहरी आस्था के साथ मनाया जाता है। इस अवधि में कठोर व्रत रखा जाता है अपनी- अपनी मान्यता सार्थकता के अनुसार- चप्पल नहीं पहनना, बाल शेविंग नहीं बनाना, नीचे धरती पर सोना, ब्रह्मचर्य रहना मौन धारण करना सहित अपनी शक्ति के अनुसार अनेक प्रकारों की के बातों से दूर रहने का पालन अपनी मनोकामना पूरा करने, फल की चाहना के लिए मां दुर्गा काली से कामना करते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार मां दुर्गा गज यानें हाथी पर विराजमान होकर आ रही है।कुछ वर्षा साथ सुख शांतिसमृद्धि लेकर व विसर्जन के दौरान भी वर्षा का योग है। चूंकि इस वर्ष 9 के स्थान पर 10 दिन की नवरात्रा विशेष महत्वपूर्ण योग लेकर आई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, शारदीय नवरात्रि 2025- गज पर सवार होके आजा शेरांवांलिएं - शेरावांलिएं मां ज्योतावांलि एं नवरात्रि अब केवल भारत का त्योहार नहीं रहा, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया है। शारदीय नवरात्रि पर्व याद दिलाता है कि महिला केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज की रक्षक और ऊर्जा का स्रोत भी है।



साथियों बात अगर हम इस बार 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 तक माता की सवारी और उसके महत्व की करें तो,इसबारशारदीय नवरात्रि की शुरुआत सोमवार से हो रही है और जब सोमवार के दिन से नवरात्रि शुरू होती है तो माता का वाहन हाथी होता है। हाथी पर सवार होकर माता का आगमन अधिक वर्षा उत्सव कष्टों से मुक्ति,सुख समृद्धि का संकेत देता है। वैसे तो अलग- अलग वार याने दिन के अनुसार नवरात्रि में मां दुर्गा के वाहन डोली, नाव, घोड़ा, भैंसा, मनुष्य व हाथी होते हैं, मान्यता के अनुसार यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से शुरू हो रही है तो मां दुर्गा का वाहन हाथी होता है, जो अधिक वर्षा के संकेत देता है। वहीं यदि नवरात्रि मंगलवार और शनिवार शुरू होती है, तो मां का वाहन घोड़ा होता है, जो सत्ता परिवर्तन का संकेत देता है। इसके अलावा गुरुवार याशुक्रवार से शुरू होने पर मां दुर्गा डोली में बैठकर आती हैं जो रक्तपात, तांडव, जन-धन हानि का संकेत बताता है। वहीं बुधवार के दिन से नवरात्रि की शुरुआत होती है, तो मां नाव पर सवार होकर आती हैं। नाव पर सवार माता का आगमन शुभ होता है। अगर नवरात्रि का समापन रविवार और सोमवार के दिन हो रहा है, तो मां दुर्गा भैंसे पर सवार होकर जाती हैं, जिसे शुभ नहीं माना जाता है। इसका मतलब होता है कि देश में शोक और रोग बढ़ेंगे।वहीं शनिवार और मंगलवार को नवरात्रि का समापन हो तो मां जगदंबे मुर्गे पर सवार होकर जाती हैं। मुर्गे की सवारी दुख और कष्ट की वृद्धि को ओर इशारा करता है। बुधवार और शुक्रवार को नवरात्रि समाप्त होती है, तो मां की वापसी हाथी पर होती है,जो अधिक वर्षा को ओर संकेत करता है। इसके अलावा यदि नवरात्रि का समापन गुरुवार को हो रहा है तो मां दुर्गा मनुष्य के ऊपर सवार होकर जाती हैं, जो सुख और शांति की वृद्धि की ओर इशारा करता है।

साथियों बात अगर हम नवरात्रि के प्रत्येक दिन की देवी और पूजा को समझने की करें तो (1)प्रथम दिन- शैलपुत्री,पर्वतराज हिमालय की पुत्री, शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक।(2)द्वितीय दिन- ब्रह्मचारिणी - तप, संयम और भक्ति की देवी। (3) तृतीय दिन- चंद्रघंटा-शौर्य और साहस का स्वरूप (4) चतुर्थी- कूष्मांडा- सृष्टि की अधिष्ठात्री, उर्जा की देवी।(5) पंचमी- स्कंदमाता- मातृत्व और करुणा का प्रतीक।(6) षष्ठी-कात्यायनी-युद्ध और साहस की अधिष्ठात्री।(7)सप्तमी - कालरात्रि-भय को नष्ट करने वाली शक्ति।(8)अष्टमी- महागौरी - शुद्धता और मोक्ष की देवी।(9) नवमी- सिद्धिदात्री-सिद्धियों की अधिष्ठात्री।10)दशमी-विशेष पूजन (विजयादशमी)-दुर्गा विसर्जन, शक्ति की विजय और जीवन में संतुलन।

साथियों बात कर हम कन्याओं और देवी के शास्त्रों की पूजा को समझनें की करें तो,अष्टमी को विविध प्रकार से मां शक्ति की पूजा करें, इस दिन देवी के शस्त्रों की पूजा करनी चाहिए, इस तिथि पर विविध प्रकार से पूजा करनी चाहिए और विशेष आहुतियों के साथ देवी की प्रसन्नता के लिए हवन करवाना चाहिए. इसके साथ ही 9 कन्याओं को देवी का स्वरूप मानते हुए भोजन करवाना चाहिए, दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा को विशेष प्रसाद चढ़ाना चाहिए। पूजा के बाद रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए, 2 साल की कन्या को कुमारी कहा जाता है,इनकी पूजा से दुख और दरिद्रता खत्म होती है। 3 साल की कन्या त्रिमूर्ति मानी जाती है, त्रिमूर्ति के पूजन से धन- धान्य का आगमन और परिवार का कल्याण होता है।4 साल की कन्या कल्याणी मानी जाती है, इनकी पूजा से सुख-समृद्धि मिलती है। 5 साल की कन्या रोहिणी माना गया है. इनकी पूजन से रोग-मुक्ति मिलती है। 6 साल की कन्या कालिका होती है. इनकी पूजा से विद्या और राजयोग की प्राप्ति होती है। 7 साल की कन्या को चंडिका माना जाता है. इनकी पूजा से ऐश्वर्य मिलता है। 8 साल की कन्या शांभवी होती है. इनकी पूजा से लोकप्रियता प्राप्त होती है। 9 साल की कन्या दुर्गा को दुर्गा कहा गया है. इनकी पूजा से शत्रु विजय और असाध्य कार्य सिद्ध होते हैं। 10 साल की कन्या सुभद्रा होती है। सुभद्रा के पूजन से मनोरथ पूर्ण होते हैं और सुख मिलता है। पूरे वर्ष में,चार नवरात्रि मनाई जाती है। यह नवरात्रि शारदीय होगी, जो आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक मनाई जा रही है। इस दौरान, भक्त मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों - नवदुर्गाओं की पूजा करते हैं। यह त्यौहार नौ दिनों तक मनाया जाता है, इसलिए सही तिथियों और कलश स्थापना के सही मुहूर्त को जानना आवश्यक है। नवरात्रि के पहले दिन ही कलश स्थापना की जाती है। मान्यता है कि कलश स्थापना मुहूर्त में ही करनी चाहिए, क्योंकि नौ दिनों यह देवी के स्वरूप में आपके निवास स्थान में विराजमान रहता है।

साथियों बात अगर हम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर परनवरात्रि उत्सव 22 सितंबर से 1 अक्टूबर 2025 की करें तो,गुजरात-गरबा और डांडिया का वैश्विक प्रसिद्ध आयोजन।पश्चिम बंगाल-दुर्गा पूजा, पंडाल और कला का अद्भुत संगम।उत्तर भारत- रामलीला और दशहरा उत्सव।

दक्षिण भारत-गोलु प्रदर्शनी, भक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ। दुनिया में नवरात्रि- आज प्रवासी भारतीय समुदाय पूरी दुनिया में नवरात्रि को मनाता है।अमेरिका और कनाडा-गरबा नाइट्स और दुर्गा पूजा के विशाल आयोजन।ब्रिटेन-लंदन में दुर्गा पूजा पंडाल अंतरराष्ट्रीय आकर्षण।ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड-भारतीय प्रवासी समुदाय का सांस्कृतिक उत्सव।खाड़ी देश-दुबई,अबू धाबी और दोहा में विशाल गरबा महोत्सव मनाया जा रहा है।नवरात्रि अब केवल भारत का त्योहार नहीं रहा,बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन गया है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 2025 की शारदीय नवरात्रि अपनी 10 दिवसीय विशेषता, हाथी पर माता दुर्गा के आगमन और वैश्विक स्तर पर उत्सव के आयोजन के कारण ऐतिहासिक महत्व रखती है।यह पर्व हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति केवल बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक साधना और आत्मबल में निहित है।आज की दुनिया में नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व न होकर सांस्कृतिक एकता, स्त्री सम्मान, पर्यावरणीय जागरूकता और वैश्विक भारतीयता का प्रतीक बन चुकी है।

-किशन सनमुखदास भावनानीं

# इंदौर बाजार की साप्ताहिक समीक्षा

इंदौर। दिसावरी तेजी से आलौच्य सप्ताह के दौरान किराना जिंसों में जीरा तेजी पर रहा। सूखे मेवे सुस्ती पर रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा रहा। तिलहनों में सोयाबीन बाजार बने रहे। ऊपरी स्तरों पर दलहनों में चना घटाकर बोला गया।

**किराना** - शनिवार को समाप्त हुए आलौच्य सप्ताह के दौरान स्थानीय सियागंज किराना बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। शक्कर में लेवाली के अभाव में बाजार 20 रू. प्रति क्विंटल की मंदी दर्ज हुई। साबूदाने में नवरात्रे के लिए माँग अच्छी रहने से भावों में मजबूती देखी गयी। साबूदाने में बाजार 5000-5650 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखे गये। जीरे में लेवाली के अभाव में बाजार 5-10 रू. प्रति किलो की गिरावट आयी और जीरे में बाजार 240-250 रू. प्रति किलो पर मजबूत देखे गये। सूखे मेवों में बादाम, काजू में ऊपरी स्तरों पर लेवाली अटकने से बाजार 15-20 रू. प्रति किलो की नरमी आयी और बादाम गिरी में बाजार 825-850 रू. प्रति किलो पर आ गये। तरबूज मगज में पूछपरख से भावों में तेजी आयी। तरबूज मगज में बाजार 640-650 रू. प्रति किलो पर आ गये। हरि इलायची में पूछपरख है। ग्वाटेमाला से आवकें कमजोर रहने से बाजार मजबूती के देखे गये। हरि इलायची में शंकर बोल्ड मालों में बाजार2850-3400 रू. प्रति किलो पर आ गये। नारियलों में पूछपरख से भावों में सुर्खी देखी गयी। नारियल 120 भरती मालों में बाजार 3600-3700 रू. प्रति थैले पर आ गये।

**तेल तिलहन** - समीक्षा सप्ताह के दौरान खाद्य तेलों व तिलहनों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। सींगदाना तेलों में बाजार 1350-1370 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। सोया व कपास्या तेलों में बाजार 10-15 रू. प्रति 10 किलो का सुधार देखा गया। सोया तेलों में रिफाइंड मालों में बाजार 1240-1250 रू. प्रति 10 किलो पर आ गये। तिलहनों में सोयाबीन बाजार 4500 रू. प्रति क्विंटल पर सुर्ख देखे गये। सरसो व रायडे में बाजार बने रहे।

**दाल दलहन** - आलौच्य सप्ताह के दौरान दलहनों में चने में लेवाली ठंडी रहने से बाजार 200 रू. प्रति क्विंटल टूटकर 5900 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। तुअर में भी लेवाली कमजोर रहने से बाजार नरमी के देखे गये। उड़द में पूछपरख के अभाव में बाजार 100-200 रू. प्रति क्विंटल तक टूट गये और उड़द बाजार 7200-7500 रू. प्रति क्विंटल पर आ गये। मूंग व मसूर में टिकाव रहा।

# भारत-ओमान जल्द करेंगे सीईपीए समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली। भारत और ओमान के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत में ओमान के राजदूत इसा सालेह अब्दुल्ला अलशिबानी ने बताया कि बातचीत पूरी हो चुकी है और अब कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं। यह समझौता व्यापार को ऊर्जा क्षेत्र से आगे बढ़ाकर विविध वस्तुओं और सेवाओं तक विस्तारित करेगा। भारत, ओमान से मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद और यूरिया का आयात करता है। 2024-25 में दोनों देशों के बीच व्यापार 10.61 अरब डॉलर रहा। ओमान में 6,000 से अधिक भारत-ओमान संयुक्त उद्यम कार्यरत हैं। सीईपीए से सीमा शुल्क में कटौती, सेवाओं के व्यापार में वृद्धि और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। यह समझौता भारत और खाड़ी देशों के बीच मजबूत आर्थिक साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एनटीपीसी विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों का अधिग्रहण करेगी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश करने जा रही है। कंपनी अपनी भावी परियोजनाओं के लिए विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की योजना बना रही है, जिससे परमाणु ईंधन की सुनिश्चित आपूर्ति हो सके। एनटीपीसी ने यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के मसौदे को मंजूरी दी है। इसके तहत विदेशों में यूरेनियम खनिजों की तकनीकी और वाणिज्यिक जांच की जाएगी। यूरेनियम एक प्राकृतिक धातु है, जिसका उपयोग परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में ईंधन के रूप में होता है। एनटीपीसी, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 83,026 मेगावाट है, अब कोयला, गैस, जल और सौर ऊर्जा के साथ परमाणु ऊर्जा को भी अपने ऊर्जा मिश्रण में शामिल कर रही है। परमाणु क्षेत्र में इसकी पहली परियोजना राजस्थान के माही-बांसवाड़ा में 2,800 मेगावाट की होगी, जिसे न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम 'अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड के माध्यम से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा, कंपनी ने जनवरी 2025 में अपनी सहायक इकाई एनटीपीसी न्यूक्लियर एनर्जी लिमिटेड की स्थापना भी की है। एनटीपीसी, अमेरिका की क्लीन कोर थोरियम एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ सहयोग की संभावनाएं तलाश रही है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता स्थापित की जाए। फिलहाल देश की कुल ऊर्जा क्षमता में परमाणु ऊर्जा का योगदान सिर्फ 2 फीसदी (8,180 मेगावाट) है।

# अरब देशों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम बूना के हिस्सा बना पाकिस्तान

कराची। सऊदी अरब के साथ मेगा डिफेंस डील के बाद पाकिस्तान अब अरब देशों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम बूना का भी इस्तेमाल करेगा। बूना अरब देशों का ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम है। अरब मॉनेटरी फंड के पास इसका मालिकाना हक है। इस सिस्टम से क्रॉस बॉर्डर लेनदेन भी संभव होगा। हालांकि केवल मुल्क से बाहर रहने वाले पाकिस्तानी ही इस प्लेटफॉर्म से पैसे भेज सकते है। इसके अलावा पाकिस्तान में रहने वाले नागरिक इस प्लेटफॉर्म से देश से बाहर पैसा नहीं भेज पाएंगे। बुना अरब का क्षेत्रीय पेमेंट सिस्टम है, जो अरब मुद्रा कोष (एएमएफ) के स्वामित्व वाला एक सीमा-पार, मल्टी करेंसी प्लेटफ़ॉर्म है, जो वित्तीय संस्थानों को अरब क्षेत्र और उसके बाहर अरब और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं में भुगतान भेजने और प्राप्त करने की अनुमति देता है। अब सीमित रूप में पाकिस्तान भी इसका सदस्य बना है। इस पेमेंट सिस्टम को 2020 में लांच किया था। यह सऊदी रियाल और अमीराती दिरहम जैसी करेंसी में डील करता है और भविष्य में क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण और सीमा-पार व्यापार को बढ़ाने के लिए चीन जैसे अन्य देशों की मुद्राओं को भी इसमें शामिल करने की योजना है।




**मेष**- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में बिजनेस को लेकर यदि कुछ आइडिया आये, तो आप उससे तुरंत आगे न बढ़ाएं। किसी अजनबी से आप कोई लेनदेन करने से बचें। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है और आप किसी धन की समस्या को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ था, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आपको अपने किसी मित्र की याद सता सकती है। आप किसी पार्टी को करने की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन**- आज आपके निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। नौकरी में आपको थोड़ा सजग रहकर कामों को करना होगा। आप अपने कामों को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आप कुछ नए कामों को करने की कोशिश करेंगे, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आज आप किसी से उधार का लेन-देन ना करें, नहीं तो आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। किसी नए काम में आपको जीत मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आप आज किसी अजनबी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें।

**सिंह**- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उनकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलता दिख रहा है। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चले, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। सेहत को लेकर आपको थोड़ी एतियात बरतनी होगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले। परोपकार के कार्यों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। सगे संबंधियों से मिलने का आपको मौका मिलेगा। सामाजिक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपका धन यदि कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने के पूरी संभावना है। आपको अपने आसपास रख रहे विरोधियों से सतर्क रहना होगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप कहीं घूमने-फिरने जा सकते हैं। आपकी कोई मूल्यवान वस्तु यदि खो गई थी, तो उसको मिलने की आपको पूरी संभावना है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपको नौकरी में अपने काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से संबंधों में यदि कटुता चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपने कामों को लेकर थोड़ा सोच समझकर भी आगे बढ़ें। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने अनुभवों का कार्यक्षेत्र में पूरा लाभ मिलेगा।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चो पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें और आप अपने बिजनेस को आगे ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। नौकरी में आपको प्रमोशन मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती हैं। आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें। जीवनसाथी से आप संतान के करियर को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आज आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सामाजिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, लेकिन आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको अपनी आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी। आप अपने बिजनेस को लेकर कुछ नए निर्णय लेंगे, जो आपके लिए अच्छे रहेंगे। आप अपनी अच्छी सोच का फायदा उठाएंगे। ननिहाल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो उसे भी आप लौटने की पूरी कोशिश करेंगे।

## शब्दजाल- 8028

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स्र | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | ची | न | ते | र्व | ज | का | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | टा |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | ब | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ज | र | वा | त | थ |

शब्दजाल में 'दुनिया की प्राचीन 10 सभ्यताए' ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

मिस्र, मेसोपोटामिया, सुमेरियन, असीरिया, यूनान, बेबीलोनिया, रोम, चीन, सिंधु घाटी, वैदिक

### शब्दजाल - 8027 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | बं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | डो | शि | श | रा | क |
| च | र | द | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | बिं | त्रि |
| ब | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | कां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड़ी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | गैं | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | णे | श | च | तु | र्थी | ब | श | त्रु | घ्न | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6972



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६.फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०.संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली - 6971

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | क | रि | श्ता | | जा | न | की | बा | जी |
| क | | श्ते | | आ | न | | र्ति | | व |
| बे | टा | | ल | | व | ध | | कौ | न |
| चा | | अ | व | ता | र | | माँ | | यु |
| र | जा | जी | | ल | | रा | | यु | द्ध |
| | नू | त | न | | स | नी | | गां | |
| क | | | म | ह | ल | | अ | ध | र्म |
| वि | ना | श | क | | मा | या | | र | |
| ता | | र्मि | | शा | | रा | ज | | धुं |
| | मे | ला | | दी | वा | ना | | क्रो | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8496



**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### शब्द पहेली -8495 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | न | ब | न | | सौ | | |
| | प | | री | | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | | द | म | न | | ल |
| | ध | र | ती | | झ | | रा | ज |
| फि | | क | मा | नी | दा | र | | ला |
| त | न्हा | | र | | र | ह | म | |
| र | | म | दा | री | | ना | र | द |
| त | र | का | री | | जा | | घ | |
| | | न | | प | न | घ | ट | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**22 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.26 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | तुला | 07.41 बजे से |
| मंगल | तुला में | वृश्चिक | 09.56 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.17 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.03 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 17.36 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.07 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 20.47 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 22.45 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कर्क | 00.58 बजे से |
| बजे तक | | सिंह | 03.15 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 265 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** प्रतिपदा 02.57 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराफाल्गुनी 11.24 बजे को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 19.59 बजे को समाप्त। **करण** किस्तुघ्न 14.07 बजे तदनन्तर बव 02.57 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 0.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 18' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872475 **जूलियन दिन** 2460940.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 29 **विशेष** नवरात्रि आरंभ, घटस्थापना, शारदीय विषुव, महाराजा अग्रसेन जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सेवा का संदेश

बहुत पुरानी कथा है। मिस्त्र में सेरापियो नामक एक संत रहते थे। दूसरों की सेवा करना ही उनके जीवन का एकमात्र मकसद था। उनके शरीर पर हमेशा मोटे कपड़े का एक चोगा होता था। जरूरत पड़ने पर दीन-दुखियों की सहायता के लिए वह उसे भी बेच दिया करते थे। सेरापियो में सेवा भावना इतनी प्रबल थी कि कई बार वह स्वयं को भी एक निश्चित अवधि के लिए बेचकर गरीबों को आर्थिक मदद पहुंचाते थे। उनका यह आचरण सबके लिए आश्चर्य का विषय था। एक बार उनकी अपने घनिष्ठ मित्र से भेंट हुई। उन्हें बिल्कुल फटेहाल देखकर वह चकित रह गया। उसने प्रश्न किया, 'भाई, आपको नंगा और भूखा रहने के लिए कौन विवश करता है?' संत ने उत्तर दिया 'गरीब और असहाय लोगों की दशा देखकर मुझसे रहा नहीं जाता। मेरी धर्म पुस्तक का आदेश है कि दीन-दुखियों की सेवा के लिए अपनी सारी वस्तुएं बेच डालो। मैंने ईश्वर की आज्ञा के पालन को ही अपने जीवन का उद्देश्य बनाया है।' मित्र ने पूछा, 'पर आपकी धर्म पुस्तक कहां है?' संत बोले, 'मैंने असहायों की सहायता के लिए उसे भी बेच दिया है। जो पुस्तक सेवा के लिए सारे सामान बेच देने का आदेश देती है, जरूरत पड़ने पर उसको भी बेचा जा सकता है। इसके दो लाभ हैं, पहला जिसके हाथों में ऐसी दिव्य पुस्तक पड़ेगी, उसकी त्याग-वृत्ति निखर उठेगी और दूसरा, पुस्तक के बदले जो पैसे मिलेंगे, उनसे जरूरतमंदों की सेवा भी हो सकेगी।' उनकी बात सुनकर मित्र सोच में पड़ गया और कुछ ही दिनों बाद उसने भी सेरापियों की राह पकड़ ली।

## सूडोकु नवताल- 7281

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | 3 | 1 | | | 8 | |
| 3 | 6 | | 2 | | 7 | | 9 | |
| | | 7 | | | 6 | | 2 | 1 |
| | 7 | | 1 | | | | | |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| | | | | | 5 | | 4 | |
| 6 | 2 | | 4 | | | 9 | | |
| | 5 | | 6 | | 9 | | 1 | 8 |
| | 1 | | | 5 | 3 | | 6 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7280 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 3 |

# सेंसेक्स की प्रमुख सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

मुंबई। पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला, जिससे शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,328.29 करोड़ रुपए की बढ़त दर्ज की गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक और भारती एयरटेल को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीएसई सेंसेक्स सप्ताह भर में 721.53 अंक चढ़कर बंद हुआ। इस बढ़त का सीधा असर प्रमुख कंपनियों के मार्केट कैप पर पड़ा। एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 35,953.25 करोड़ रुपए बढ़कर 7,95,910 करोड़ रुपए हो गया, जबकि भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 33,214.77 करोड़ रुपए बढ़कर 11,18,952.64 करोड़ पहुंच गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 17,389.23 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ 19,04,898.51 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा टीसीएस (12,952.75 करोड़ रुपए), एलआईसी (12,460.25 करोड़ रुपए), इन्फोसिस (6,127.73 करोड़ रुपए) और एचडीएफसी बैंक (230.31 करोड़ रुपए) के मूल्यांकन में भी वृद्धि दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत में गिरावट आई। आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 10,707.87 करोड़ रुपए घटकर 10,01,654.46 करोड़ रह गया। बजाज फाइनेंस और एचयूएल में क्रमश: 6,346.93 करोड़ रुपए और 5,039.87 करोड़ रुपए की गिरावट हुई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बनी रही, उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एचयूएल और एलआईसी का क्रम रहा।




# चांदी ने इस साल अब तक दिया 49 फीसदी का रिटर्न, सोना और शेयर बाजार पीछे

नई दिल्ली। इस वर्ष चांदी ने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न देकर सोना और शेयर बाजार को पीछे छोड़ दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर चांदी की कीमत 19 सितंबर 2025 तक 49.14 फीसदी बढ़कर 1,30,099 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष 87,233 रुपए प्रति किलोग्राम थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तेजी वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिकी डॉलर की कमजोरी, और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों से आई है। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और स्वच्छ तकनीक क्षेत्रों से औद्योगिक मांग में तेज वृद्धि भी चांदी की कीमतों को बढ़ावा देने वाला मुख्य कारक रही। बाजार के जानकारों ने कहा कि भू-राजनीतिक तनावों के बीच सुरक्षित निवेश की तलाश ने भी चांदी को समर्थन दिया। इसके अलावा कमजोर रुपये ने घरेलू कीमतों को और ऊपर पहुंचाया। एक बाजार विश्लेषक ने बताया कि चांदी एकमात्र ऐसी धातु है जिसमें बहुमूल्य और औद्योगिक दोनों गुण मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि चांदी कॉमेक्स पर 2012 के बाद पहली बार 40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो सोना इस साल अब तक 43.2 फीसदी बढ़ा है, जबकि बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में क्रमश: 5.74 और 7.1 फीसदी की वृद्धि हुई है।

# पीयूष गोयल की इंडस्ट्री से अपील, टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों को दें

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 22 सितंबर से लागू होने वाले नए जीएसटी सुधारों से पहले उद्योगों से अपील की है कि वे टैक्स कटौती का पूरा फायदा ग्राहकों तक पहुंचाएं। नए फ्रेमवर्क के तहत मौजूदा चार टैक्स स्लैब (5, 12, 18, 28 फीसदी) को घटाकर सिर्फ दो स्लैब (5 और 18 फीसदी) किया जाएगा। इस बदलाव से कई वस्तुओं पर टैक्स कम होगा, जिससे आम लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी। सरकार ने कई वस्तुओं के टैक्स में भारी कमी की है। इसके अलावा, सिन और लग्जरी वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स निर्धारित किया गया है। मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में कहा कि टैक्स कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाना जरूरी है, जिससे उद्योगों को भी दीर्घकालीन फायदा होगा। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर पहले ही कीमतों में कटौती कर ग्राहकों को फायदा पहुंचा रहा है। सरकार व्यापार सुगमता और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है, जिनमें नई लॉजिस्टिक्स नीति, नए औद्योगिक शहरों का विकास, छोटे विवादों को अपराधमुक्त करना और उद्योगों पर अनुपालन बोझ कम करना शामिल है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने उद्योग संघों और विभिन्न मंत्रालयों के साथ बैठकों के जरिए नए जीएसटी दरों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया है।

# आदि शक्ति माता रानी की आराधना का पर्व क्वार नवरात्र आज से

## पंडालों में विराजेंगी माता रानी की प्रतिमाएं, मंदिरों एवं घरों में होगी ज्योति कलशों की स्थापना





**लांजी (पद्मेश न्यूज)। हिंदू धर्म के पवित्र पर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ आज, 22 सितंबर 2025, सोमवार से हो रहा है। इस बार चतुर्थी तिथि के कारण नवरात्रि 9 के बजाय 10 दिनों तक चलेगी, जो 1 अक्टूबर को समाप्त होगी। मां दुर्गा इस बार हाथी पर सवार होकर पधार रही हैं, जो ज्योतिषीय और धार्मिक दृष्टि से सुख, समृद्धि, शांति और धन-धान्य का शुभ संकेत माना जा रहा है। शास्त्रों के अनुसार, सोमवार को नवरात्रि शुरू होने पर मां की गज सवारी आर्थिक उन्नति, अच्छी वर्षा और फसलों की प्रचुरता का प्रतीक है, जो विशेष रूप से किसानों, व्यापारियों और मध्यम व निम्न वर्ग के लिए कल्याणकारी है।**

### घटस्थापना का शुभ मुहूर्त

नवरात्रि का आरंभ प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना के साथ होगा। प्रतिपदा तिथि 22 सितंबर को रात 1:23 बजे शुरू होकर 23 सितंबर को रात 2:55 बजे तक रहेगी। घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:09 से 8:06 बजे तक और अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:49 से 12:38 बजे तक रहेगा। सही मुहूर्त में कलश स्थापना पूजा को फलदायी बनाती है।

### मां दुर्गा के नौ स्वरूप और पूजन तिथियां

नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होगी:

22 सितंबर: मां शैलपुत्री (प्रतिपदा)
23 सितंबर: मां ब्रह्मचारिणी (द्वितीया)
24 सितंबर: मां चंद्रघंटा (तृतीया)
26 सितंबर: मां कूष्मांडा (चतुर्थी)
27 सितंबर: मां स्कंदमाता (पंचमी)
28 सितंबर: मां कात्यायनी (महा षष्ठी)
29 सितंबर: मां कालरात्रि (महा सप्तमी)
30 सितंबर: मां महागौरी (महा अष्टमी)
1 अक्टूबर: मां सिद्धिदात्री (महा नवमी)
2 अक्टूबर: विजयादशमी

### धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति, साहस और मातृत्व का उत्सव है। पुराणों के अनुसार, मां ने नौ दिनों के युद्ध के बाद महिषासुर का वध किया था। रामायण में भी भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय से पहले मां की आराधना का उल्लेख है। इस बार मां का हाथी पर आगमन भक्तों के लिए सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि का वरदान लेकर आया है।

### लांजी में उत्साह और तैयारियां

लांजी और आसपास के क्षेत्र में नवरात्रि की तैयारियां जोर-शोर से पूरी की गई हैं। मां लंजकाई मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, त्रिशक्ति दुर्गा मंदिर, गायत्री मंदिर, रेंज ऑफिस दुर्गा मंदिर, और बिसोनी, भानेगांव, साडरा, बहेला, भुरसाडोंगरी, कुम्हारीखुर्द, भाडरासुर जैसे ग्रामीण मंदिरों में ज्योति कलश स्थापना और धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार है। मंदिरों और दुर्गा पंडालों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। घरों में भी लिपाई-पुताई कर ज्योति कलश स्थापना की तैयारियां की गई हैं। खासकर मां लंजकाई मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचेंगे। यह पर्व भक्तों में आस्था, उत्साह और सकारात्मकता का संचार करता है, जो मां दुर्गा की कृपा से सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति का प्रतीक है।

# बोरे में बंद मिला लापता कलेक्शन एजेंट शुभम वाहने का शव

## हत्या की आशंका; पुलिस ने शुरू की जांच

लांजी (पद्मेश न्यूज)। स्पंदना माइक्रो फाइनेंस लि. लांजी शाखा में कार्यरत कलेक्शन एजेंट शुभम मनोहर वाहने (26) का 16 दिनों बाद बोरे में बंद शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मूल रूप से रामपायली के देवबर्रा ग्राम का निवासी शुभम 4 सितंबर से लापता था, जिसकी तलाश में पुलिस और परिवार जुटी हुई थी। अब उसके शव की बरामदगी से हत्या का संदेह जताया जा रहा है, और पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार, शुभम वाहने स्पंदना माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की लांजी शाखा में कलेक्शन एजेंट के रूप में कार्यरत था। 4 सितंबर को सुबह के लेन-देन के पैसे जमा करने के बाद वह दोपहर में अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस (क्रमांक एमएच 36 एएल 6939) पर कलेक्शन के लिए गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील रवाना हुआ था। उसकी अंतिम लोकेशन सालेकसा के ग्राम चिंचटोला-रामटोला क्षेत्र के आसपास बताई जा रही थी। शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने चिंता जताई और सालेकसा पुलिस स्टेशन में लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। 20 सितंबर की सुबह सालेकसा तहसील के दशरथ टोला क्षेत्र के एक खेत के बीचों-बीच ग्रामीणों को एक संदिग्ध बोरा नजर आया। जिज्ञासावश बोरे को खोलने पर उसमें शुभम का शव बरामद हुआ, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। प्रारंभिक जांच में शव को बोरे में बंद करके फेंक दिया गया प्रतीत हो रहा है, और अज्ञात हमलावरों द्वारा हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का अनुमान लगाया जा रहा है। शुभम की पहचान उसके कपड़ों और अन्य पहचान चिह्नों से हुई। सालेकसा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले को हत्या के रूप में दर्ज करते हुए गहन जांच शुरू कर दी है। पुलिस विभिन्न कोणों से जांच कर रही है, जिसमें लूटपाट, व्यक्तिगत दुश्मनी या अन्य कारण शामिल हैं। फिलहाल कोई आरोपी पकड़ा नहीं गया है, लेकिन शुभम की मोटरसाइकिल की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि यह मामला सुलझाना चुनौतीपूर्ण होगा, और सभी संभावित सुरागों की पड़ताल की जा रही है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शुभम के पिता मनोहर वाहने ने बताया कि बेटा परिवार का इकलौता कमाने वाला था, और इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। देवबर्रा और आसपास के गांवों में डर का माहौल है, क्योंकि कलेक्शन एजेंट के साथ ऐसी घटना ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। कंपनी प्रबंधन ने भी शोक व्यक्त किया है और पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। यह घटना बालाघाट और गोंदिया जिले में सनसनीखेज साबित हो रही है। आखिर शुभम की हत्या किसने और क्यों की? इस सवाल का जवाब पुलिस की जांच से ही मिलेगा। फिलहाल, परिजनों ने न्याय की मांग की है और दोषियों को कड़ी सजा देने की अपील की है।

# पाली अकादमिक बिसोनी में बैगलेस डे के साथ बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण और कौशल विकास कार्यक्रम

लांजी (पद्मेश न्यूज)। सी.बी.एस.ई. से संबद्ध पाली अकादमिक संस्थान, बिसोनी में 20 सितंबर 2025 को छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इस दिन सभी छात्र-छात्राएं बिना बैग के विद्यालय पहुंचे, जिसका उद्देश्य उन्हें एक दिन के लिए नियमित अध्यापन कार्य से मुक्त कर रचनात्मक और कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों में शामिल करना था। इस पहल का मुख्य लक्ष्य बच्चों को न केवल शैक्षिक ज्ञान प्रदान करना था, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और व्यावसायिक कौशलों से भी परिचित कराना था, ताकि वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें।



### कौशल विकास गतिविधियों का आयोजन

बैगलेस डे के अवसर पर विद्यालय ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों से परिचित कराने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया। इनमें कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, किराना व्यवसायी, माली, वेल्डर, और कुक शामिल थे। इन पेशेवरों ने अपने-अपने क्षेत्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और छात्रों को इन व्यवसायों की बारीकियों, चुनौतियों और अवसरों से अवगत कराया। इस सत्र में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। इस तरह की गतिविधियों ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा दिया, बल्कि उन्हें व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

कौशल विकास गतिविधियों के बाद, विद्यालय परिसर में एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की जांच करना था। इस शिविर में क्षेत्र के प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें शामिल थे: श्रीमती वर्षा सिंह (दशान क्लीनिक), जिन्होंने सामान्य शारीरिक जांच की और बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नेत्र सलाहकार चंद्रद्वीप रामटेके (द्वीप ऑप्टिकल्स), जिन्होंने बच्चों की आंखों की जांच की और आंखों की देखभाल के लिए उपयोगी टिप्स साझा किए, जैसे स्क्रीन टाइम कम करना और पौष्टिक आहार लेना। दंत चिकित्सक श्रीमती मोनिका कुचलाहे (मीठी दंत चिकित्सालय), जिन्होंने बच्चों के दांतों की जांच की और मौखिक स्वच्छता के महत्व को समझाया। चिकित्सकों ने बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया और बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। आवश्यकता पड़ने पर कुछ छात्र-छात्राओं को औषधियां भी प्रदान की गईं। इस शिविर ने बच्चों को यह समझने में मदद की कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मस्तिष्क का आधार है।

### आयोजन में सहयोग और नेतृत्व

इस समग्र आयोजन का संचालन विद्यालय की संचालिका श्रीमती वंदना वैद्य की अध्यक्षता में किया गया। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रबंधक श्री संजय चौरे और प्राचार्या श्रीमती श्रृद्धा कांड्रा ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में शैक्षिक और गैर-शैक्षिक स्टाफ ने मिलकर इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित किया। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग से यह दिन बच्चों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक, बल्कि मनोरंजक और प्रेरणादायक भी रहा।

# सिविल अस्पताल लांजी मे विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

## क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दिलाना हमारा लक्ष्य -राजकुमार कर्राहे





लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य है हमारे प्रदेश की हर नारी स्वस्थ रहे तभी प्रत्येक परिवार सशक्त रहेगा। इसी उद्देश्य को लेकर संपूर्ण प्रदेश में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप 21 सितंबर को सिविल अस्पताल लांजी मे विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमे विशेषज्ञ डाक्टर्स की टीम के द्वारा शिविर में आये मरीजों का उपचार किया जाकर दवाईयॉ प्रदान की गई। शिविर का शुभारंभ भगवान धनवंतरी, माता सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, पूर्व सरपंच समाज सेवी, योगेश रामटेक्कर, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, महेन्द्र पटले, भाजपा मण्डल अध्यक्ष लांजी आलोक चौरसिया, विधायम प्रतिनिधि समाजसेवी सोहन उपराड़े, मण्डल अध्यक्ष योगेश कुर्राहे, विधायक प्रतिनिधि एवं जिला भाजपा मंत्री मोना सिद्धू कौर, वीणा उपराडे, बिसोनी मण्डल अध्यक्ष देवेश ऐडे, सचिन अग्रवाल, उज्जवल श्रीवास्तव, नेहल गौतम, प्रेमा सिसोदिया, तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप सहित विशेषज्ञ डॉक्टर्स टीम के आतिथ्य में मंचासीन कार्यक्रम की शुस्वात की गई। मनीष पाण्डे के द्वारा मंच का संचालन करते हुये अतिथियो को स्वागत वंदन सिविल अस्पताल लांजी के डाक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा किया जाकर कार्यक्रम की रूपरेखा बताइर्ग गई। उक्त स्वास्थ्य शिविर को लेकर सीएचएमओ डॉ परेश उपलप के द्वारा इस अभियान को लेकर प्रकाश डाला गया तथा शिविर के विषय मे जानकारी देते हुये कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अन्तर्गत यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी मरीजो का उपचार किया जायेगा। आपने बताया कि यह अभियान यही नही रूकेगा आगे में 2 से 3 माह में इस प्रकार के वृहद शिविर लगाये जायेंगे। जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ प्राप्त होगा। हमारे सिविल अस्पताल से लेकर स्वास्थ्य केन्द्र उपस्वास्थ्य केन्द्र अन्य केन्द्रो में भी लगतार यह शिविर संचालित होंगे। आपने यह भी जानकारी दी की जिस किसी को गंभीर बिमारी है उनके लिये भी उच्चस्तरीय उपचार की व्यवस्था की जावेगी।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना हमारा लक्ष्य और कर्तव्य- राजकुमार कर्राहे

आयोजित कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा संबोधित करते हुये कहा गया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस 17 सितंबर से हम सेवा ही पखवाड़ा उत्सव मना रहे है इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान भी चलाया जा रहा है जो कि 2 अक्टूबर तक संचालित होगा। हम आज स्वास्थ्य सुविधाओं की बात करे तो जिले में बालाघाट के बाद लांजी सिविल अस्पताल का नंबर है जहां हजारो मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलता है। आज हमारे यहां 7 से अधिक एमबीबीएस डाक्टर्स है। सप्ताह में एक बार सोनो ग्राफी की भी सुविधा उपलब्ध है। स्त्रीरोग विशेषज्ञ डाक्टर्स सिविल अस्पताल लांजी में उप्रलब्ध है। हमाा लक्ष्य और कर्तव्य है बेहरत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना। आपने बहुतायत उदाहण भी दिये जहा मुख्य मंत्री स्वेच्छानुदान स्वास्थ्य अनुदान से क्षेत्र के लोगो को लाभ प्राप्त हुआ है किसी को 2 लाख, 1 लाख 50 हजार रूपये तक की मदद की गई है। आगे भी करते रहेंगे, हम आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे की हमारे क्षेत्र के लोगो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले और पैसो के अभाव के कारण किसी की जान ना जाये। आपने बताया कि निजी अस्पतालो में जो हजारो रूपयो के पैथोलॉजी जांच होती हे वह सिविल अस्पताल लांजी में निःशुल्क उपलब्ध है। सिर्फ आप को अस्पताल पंहुचना है यह प्रत्येक डाक्टर्स एवं स्टाफ आपकी सहायता के लिये उपलब्ध है। इसके अलावा आपने उक्त अभियान के विषय में भी उपस्थित जनों को संबोधित किय। गोंदिया बालाघाट से आये डाक्टर्स का धन्यवाद भी ज्ञापित किया जिन्होने उक्त शिविर में अपनी सेवाऐं प्रदान की तथा मरीजो का उपचार किया। आपने सभी रक्तदाताओं का भी आभार व्यक्तकिया। कार्यक्रम के अंत में खण्ड चिकित्सा अधिकारी अक्षय उपराड़े के द्वारा समस्त अतिथि गण एवं डाक्टर्स का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के विषय में अधिकाधिक जानकारी प्रदान की तथा मरीजो के सुविधाओं के लिये भी जानकारी उपलब्ध कराई ताकि वे अपनी बिमारी से संबधित डाक्टर्स के पास उपचार करा सके।

### 1000 से अधिक मरीजो का हुआ उपचार, 65 यूनिट रक्तदान

सिविल अस्पताल लांजी में 21 सितंबर को आयोजित विशाल स्वास्थ्य मेले में 1000 से भी अधिक मरीजो ने अपना उपचार करवाया। बतादे कि शिविर में विशेषज्ञ डाक्टर्स की टीम जिनमें हृदय रोग विशेष डॉ प्रमेश गायधने गोंदिया, हड्डीरोग डॉ राजेश खापरे गोंदिया, डॉ अंकित राणा, डॉम्राजु माहुले, शुभम पटले, डॉ स्वेतल माहुले, डॉ अक्षय उपराडे, अंकित खरोले, डॉ रजनी शेंडे, डॉ सृष्टि गुप्ता, डॉ रूप्रेन्द्र गिरीया, डॉ अंकित तुरकर, डा हितेश नगपुरे, डॉ प्रशात पाटिल, डॉ ओमप्रकाश नेवारे, डॉ राजेश रणदिवे, डॉ किशोर सोनवाने, डॉ अमित खरोले, डा निशांत चितावत, डॉ अनिल राठौर इन सभी डाक्टर्स के द्वारा मरीजो को उपचार किया जाकर आवश्यक सलाह उपचार संबधी दी गई। मरीजो को अस्पताल प्रबंधन के द्वारा दवाईया भी वितरीत की गई तथा जिन जिन मरीजो को स्वास्थ्य संबधी पैथालॉजी जांच कराना था उनकी जांच भी गई। शिविर को सफल बनाने में उक्त डाक्टर्स सहित सिविल अस्पताल लांजी से राजेश्वर नारनौरे, इन्द्राणी पारधी, आशिष भरने, बीएल हनौते, हेमन्त उपराड़े, मीनाक्षी रामटेक्कर, दीपक श्रीवास, अजित यादव, ईमरान शेख, राहुल खोबरागडे, सचिन रावल, मनीष पाण्डे, अरूणा रणदिवे, इन्द्रजीत अहिरवार,आर एस धारणे, अजेन्द्र सिरामे, रोशन लाल उपराड़े, आरिफ हुसैन, विजय पटले, श्यामलाल डोहरे एवं अस्पताल से आशा कार्यकर्ता, नर्सिंग स्टाफ, सफाई मित्र, सुरक्षा गार्ड, कार्यालयीन स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से शिविर सफलता पूर्ण सपंन्न हुआ। शिविर में 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिन्हे विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा रक्तदाता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# लांजी-सिविल अस्पताल को कौर सिस्टर की स्मृति में 55 इंच एलईडी टीवी भेंट




लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र की प्रख्यात स्वास्थ्यकर्मी, जिन्हें लोग स्नेहपूर्वक कौर सिस्टर के नाम से जानते थे, की पावन स्मृति में आज उनके परिवार द्वारा सिविल अस्पताल लांजी को एक 55 इंच का एलईडी टीवी भेंट किया गया। यह भावपूर्ण कार्यक्रम उनकी निःस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति समर्पण को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कौर सिस्टर न केवल अपने परिवार की प्रेरणा थीं, बल्कि एक समर्पित स्वास्थ्यकर्मी के रूप में उन्होंने लांजी क्षेत्र में मरीजों की सेवा को अपना सर्वोच्च धर्म माना। उनकी सेवा भावना और संवेदनशीलता आज भी लोगों के दिलों में जीवित है। उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उनके परिवार ने यह छोटा-सा योगदान दिया। इस अवसर पर श्रीमती मोना कौर सिद्धू (विधायक प्रतिनिधि एवं जिला मंत्री, भाजपा) ने अपने परिवार की ओर से इस भेंट को प्रस्तुत किया। उनके साथ उनके पति डॉ. जे.एस. सिद्धू, बड़े भाई अमरीक सिंह सिद्धू, भाभी श्रीमती परमजीत कौर सिद्धू और बड़ी बहन रानी उपस्थित रहीं। श्रीमती मोना कौर सिद्धू ने कहा, हमारी माँ भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी सेवा, संवेदना और संस्कार हमें हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। यह भेंट उनकी उस भावना को जीवित रखने का एक छोटा-सा प्रयास है, जिसके माध्यम से वे लोगों के जीवन में रोशनी लाती थीं। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले, मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, देवेश ऐड़े, योगेश कुर्राहे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष योगेश रामटेक्कर, सोहन उपराडे, सचिन अग्रवाल, जनपद सदस्य महेंद्र पटले, ग्राम पंचायत कुम्हारीखुर्द सरपंच नेहल तामेश्वर गौतम, समस्त स्वास्थ्य विभागीय अधिकारीगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और लांजी क्षेत्र के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल कौर सिस्टर की स्मृति को सम्मानित करने का एक अवसर था, बल्कि उनके द्वारा स्थापित सेवा और समर्पण के मूल्यों को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक संकल्प भी था। सिविल अस्पताल लांजी में यह एलईडी टीवी मरीजों और उनके परिजनों के लिए सुविधा और मनोरंजन का साधन प्रदान करेगा, जो कौर सिस्टर की सेवा भावना का एक प्रतीक बनकर रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कौर सिस्टर के योगदान को याद करते हुए उनके परिवार के इस प्रयास की सराहना की और उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# ओबीसी आरक्षण पर आज से शुरू होगी सुनवाई

## फैसला न हो पाने से प्रदेश के करीबन 80 हजार अभ्यर्थी प्रभावित

भोपाल। मध्य प्रदेश में 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर से शुरू होने जा रही है। 22 सितंबर से ओबीसी आरक्षण को लेकर लगातार सुनवाई होगी। ओबीसी आरक्षण पर अंतिम फैसले वाले प्रदेश के कर्मचारियों और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं को है। मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण पर फैसला न हो पाने से प्रदेश के करीबन 80 हजार अभ्यर्थी प्रभावित हैं, करीब 9 हजारी सरकारी नौकरियां होल्ड पर बनी हुई हैं।

फैसला होने के बाद यह पद या तो सामान्य वर्ग के खाते में जाएंगे या फिर 27 फीसदी आरक्षण के तहत इसका लाभ ओबीसी वर्ग को मिलेगा। लंबे समय से अटके इस मामले का सबसे बड़ा खामियाजा उन युवाओं को उठाना पड़ा है, जो नौकरी के आस में निर्धारित उम्र की सीमा ही पार का चुके हैं।



### इस तरह उलझता रहा ओबीसी आरक्षण

2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण का फैसला लिया और इसे 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी किया गया। मार्च 2020 में सरकार के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई और कोर्ट ने 27 फीसदी आरक्षण पर रोक लगा दी। सितंबर 2021 में राज्य सरकार ने आरक्षण को लेकर गाइडलाइन जारी की। राज्य शासन ने ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने की अनुमति दे दी। अगस्त 2023 में मामला फिर हाईकोर्ट पहुंचा। जबलपुर हाईकोर्ट ने 87-13 फॉर्मूला लागू करते हुए एमपीपीएससी को 87 फीसदी पदों पर भर्ती की अनुमति देते हुए, 13 फीसदी पदों को होल्ड पर करने के आदेश दिए। 87 का मतलब अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति जनजाति व सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित कुल आरक्षण के 87 फीसदी। 28 जनवरी 2025 में ओबीसी आरक्षण को लेकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 87-13 के फार्मूले को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज दी। 13 फरवरी 2025 को राज्य सरकार 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची। एमपी सरकार ने मामले में जल्द सुनवाई के लिए आवेदन दिया।

### 13 फीसदी पद होल्ड पर रखे गए

मध्य प्रदेश में मार्च 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ सरकार ने ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया था। हालांकि मार्च 2020 में हाईकोर्ट ने कमलनाथ सरकार के निर्णय पर रोक लगा दी थी। आरक्षण का मामला अटकने की वजह से इस दौरान पीएससी और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा की गई भर्तियों में से करीब 9 हजार पदों के रिजल्ट पर रोक लगा दी। ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा कहते हैं कि इसका असर सिर्फ 9 हजार अभ्यर्थियों पर नहीं पड़ा, बल्कि उन सभी अभ्यर्थियों पर पड़ा, जो इन परीक्षाओं में बैठे थे। इनमें से कई नौकरी के इंतजार में ही ओवर एज हो गए। इनमें सामान्य और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी शामिल हैं।

### अनहोल्ड किए जाने की उठती रही मांग

ओबीसी आरक्षण के मामले में लगातार होल्ड किए गए 13 फीसदी पदों को अनहोल्ड किए जाने की मांग लगातार उठती रही है। एडवोकेट धर्मेन्द्र सिंह कुशवाहा कहते हैं कि जब सरकार कह रही है कि वह 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, तो फिर सरकार 13 फीसदी पदों को अनहोल्ड क्यों नहीं कर रही। हाल ही में जो पीएससी के परिणाम आए हैं, उसमें भी 13 फीसदी पद होल्ड कर लिए गए। पिछले दिनों हुई बैठक में भी महाधिवक्ता प्रशांत सिंह इसको लेकर बात टालते रहे।

# 800 करोड़ की सिंचाई परियोजना, 98 फ़ीसदी काम पूरा, एक बूंद पानी की सिंचाई नहीं

**- 129 गांव की 50000 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई?**

भोपाल। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा 800 करोड रुपए की लागत से खरगोन और खंडवा जिले के 128 गांव के 50 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई के लिए परियोजना तैयार की गई थी।

इस परियोजना में सरकार के 800 करोड रुपए खर्च हो चुके हैं। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का दावा है, योजना का 98 फ़ीसदी काम पूरा हो चुका है। जबकि हकीकत में 50 फ़ीसदी कम भी पूरा नहीं हुआ है। कंपनी ने कागजों पर काम बताकर योजना के पैसे निकाल लिए हैं।

इस परियोजना में पानी इंदिरा सागर नहर से लिया जाना था। अभी तक पंप हाउस तैयार नहीं हुए हैं। किसानों के खेतों तक पाइप लाइन डालकर कनेक्शन दिया जाना था। 3150 किलोमीटर में पाइप लाइन डालनी थी, यह काम भी अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इस परियोजना का काम जीबीपीआर इंजीनियरिंग हैदराबाद को दिया गया है। कागजों में 98 फ़ीसदी योजना पूरी हो गई है। इस मामले में एनवीडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष आईसीपी केसरी ने कंपनी द्वारा सही ढंग से काम नहीं करने पर कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए थे। उस आदेश का पालन नहीं किया गया। इंदिरा सागर परियोजना से जो पानी लेना था। उसके लिए पंप हाउस में बिजली कनेक्शन ही नहीं है। जब इस मामले ने तूल पकड़ा,तब कहा जा रहा है, अभी परियोजना पूरे होने में 1 साल का समय लगेगा। 800 करोड रुपए खर्च होने के बाद भी यदि एक बूंद पानी सिंचाई के लिए नहीं मिल रहा है इससे समझा जा सकता है, कंपनी और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी किस तरह से इस परियोजना में काम कर रहे हैं।

# कोल इंडिया के अगले चेयरमैन होंगे बी.साईराम

भोपाल। कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी इकाई नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कंपनी में बतौर सीएमडी के पद पर तैनात बी. साईराम अब सिंगरौली में स्थापित कोल इंडिया के अगले चेयरमैन होंगे। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के सीएमडी बी. साईराम का चयन कोल इंडिया के चेयरमैन पद के लिए हो गया है। लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) ने बी. साईराम के नाम की अनुशंसा इस पद के लिए की। सिंगरौली जिले में स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एनसीएल में सीएमडी पद पर तैनात बी. साईराम के पास कोयला क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक काम करने का अनुभव है। वे अपने कार्यकाल के दौरान सीएमडी एनसीएल, निदेशक (तकनीकी), सीसीएल, कार्यकारी निदेशक, कोल इंडिया जैसे बड़े पदों पर काम कर चुके हैं। इसके साथ उन्होंने कोयला क्षेत्र में खदान नियोजन, विस्तारीकरण एवं संचालन, दीर्घकालिक विकास, सतत खनन, लॉजिस्टिक्स, डिजिटलीकरण और नियामक जैसे क्षेत्रों में व्यापक कार्य किया है। एनसीएल सिंगरौली के सीएमडी बी. साईराम ने एनआईटी रायपुर से खनन अभियांत्रिकी में स्नातक किया है। उन्होंने एनटीपीसी स्कूल ऑफ बिजनेस, दिल्ली से ऊर्जा प्रबंधन में एमबीए भी किया है। उन्होंने सिंगापुर के नानयांग बिजनेस स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया है। इसके साथ ही उन्होंने जर्मनी, फ्रांस और पोलैंड में वैश्विक खनन परिदृश्य की व्यापक अध्ययन के लिए बने भारतीय प्रतिनिधिमंडल में हिस्सा लिया है, जो बी. साईराम की दीर्घकालिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सिंगरौली जिले में स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के जनसंपर्क अधिकारी रामविजय सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह बड़ी खुशी का मौका है और हमारे एनसीएल परिवार के लिए गर्व का विषय है।

# गरबा पर बीजेपी विधायक का फरमान

भोपाल । भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने गैर हिंदुओं को गरबा आयोजन से दूर रहने की चेतावनी दी है। राजधानी में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि गैर हिंदू गरबा में आ सकते हैं, शर्त यह है कि उन्हें सनातन धर्म अपनाना होगा। तुलसी पत्र खिलाकर और एक चम्मच गंगाजल पिलाकर उनका हिंदू धर्म में स्वागत करने को तैयार हैं।

सोमवार से नवरात्रि शुरू हो रही है। शहर में कई जगह गरबा का आयोजन हो रहा है। इस आयोजन में गैर हिंदुओं के प्रवेश को लेकर पिछले कुछ वर्षों से माहौल एकदम बदला हुआ है। विश्व हिंदू परिषद और उससे जुड़े कई हिंदूवादी संगठन मतांतरण और लव जिहाद की कोशिशों का आरोप लगाकर गैर हिंदुओं का इस आयोजन में उग्र विरोध करते रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से इन संगठनों ने अलग-अलग चेतावनियां दी हैं। प्रशासन को भी पत्र सौंपे हैं। इस संदर्भ में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा एक कदम और आगे बढ़े हैं।

### हिंदू बनना चाहते हैं, तो उन्हें गरबा में आएं

पत्रकारों से औपचारिक चर्चा में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अगर कुछ लोगों को लगता है कि उनके माता-पिता ने धर्म छोड़कर गलती की है और वे गलत धर्म में पैदा हुए हैं। वे हिंदू बनना चाहते हैं, तो उन्हें गरबा में आना चाहिए। माथे पर तिलक लगाना चाहिए। देवी का प्रसाद खाना चाहिए।

# मप्र में आंदोलन को लेकर 'भभकी' तक सीमित है कांग्रेस

भोपाल। प्रदेश में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी जनहित के मुद्दों पर सिर्फ राजनीति करने तक सीमित है। यही वजह है कि पिछले दो महीने के भीतर मप्र कांग्रेस ने जनहित के मुद्दे पर एक भी बड़ा आंदोलन नहीं किया है। यह स्थिति तब है जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जनहित से जुड़े हर बयान में सरकार को आंदोलन करने की धमकी देते हैं। ऐसे में चाहे बाढ़ आपदा पीड़ितों को मुआवजा का मामला हो या फिर खाद संकट या फसल बीमा का मामला। पटवारी ने बिगड़ती कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर भी आंदोलन की धमकी दी है। पटवारी पिछले दो महीने के भीतर एक बार भी जनहित के मुद्दे पर सड़क पर नहीं उतरे हैं।

दो महीने पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर में अपराधिक प्रकरण दर्ज होने के विरोध में कांग्रेस ने 8 जुलाई को अशोकनगर जिला मुख्यालय पर बड़ा प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन को कांग्रेस ने 'न्याय सत्याग्रह' नाम दिया था। इसके बाद प्रदेश में बाढ़ आपदा, नकली खाद-बीज वितरण, खाद संकट, सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार, फसल बीमा की राशि नहीं मिलना समेत अन्य मुद्दे शामिल हैं। इस सब मामलों में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेताओं को सरकार के खिलाफ आंदोलन की धमकी दी है। इतना ही नहीं भोपाल के लव-जिहाद और प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भी कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी थी, लेकिन कांग्रेस एक मुद्दे को लेकर सड़क पर नहीं उतरी। न ही कांग्रेस के नेताओं ने जनहित के मुद्दे को लेकर कोई आंदोलन किया। हालांकि पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर 'वोट चोरी' के मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता प्रदेश भर में कार्यक्रम कर रहे हैं।

### इन मुद्दों पर दे चुके हैं आंदोलन की धमकी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सरकार को आंदोलन की धमकी देते हैं। जुलाई में गुना जिले में बाढ़ के बाद पटवारी ने सरकार को पीड़ितों को तत्काल मुआवजा नहीं देने पर आंदोलन की धमकी दी थी। कर्मचारियों की पदोन्नति नहीं होने पर भी सरकार को चेतावनी दी थी। इसी तरह ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण नहीं देने के विरोध में भी मप्र कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन की धमकी दी थी। नकली खाद-बीज की बिक्री एवं खाद संकट के विरोध में भी पटवारी ने सरकार को चेतावनी दी थी। अपराध एवं मादक पदार्थों की बिक्री के विरोध में भी पटवारी ने आंदोलन की धमकी दी थी। भ्रष्टाचार के मामले में भी पटवारी सरकार को चेतावनी देते रहते हैं। खास बात यह है कि पटवारी एक मुद्दे को लेकर भी आंदोलन खड़ा नहीं कर पाए हैं। जिसकी वजह कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी बताई जा रही है।

### जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद से पटवारी के तेवर ढीले

कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन सृजन अभियान के बाद मप्र में 71 जिलाध्यक्षों के नाम की एक साथ घोषणा की थी। प्रदेश में आधे से ज्यादा जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति का विरोध हुआ था। जिसमें भोपाल एवं इंदौर में सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला। इंदौर पटवारी का गृह जिला है, फिर भी वहां के नेता इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के विरोध में केंद्रीय कार्यालय तक विरोध प्रदर्शन करने पहुंच गए थे। बताया गया कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद उठे विरोध के बाद पटवारी के तेवर ढीले पड़ गए हैं। क्योंकि कुछ जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति से पार्टी के कुछ नेता नाराज हैं।

# सत्ता-संगठन में समन्वय की कमान अब शिवप्रकाश के हवाले

## नेता एवं अधिकारियों में तालमेल के लिए छोटी समिति करेगी सेतु का काम

भोपाल। प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारी और नेताओं के बीच हो रही आपसी खींचतान को लेकर भाजपा ने अब समन्वय बनाने के लिए कमान पार्टी के राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश को सौंप दी है। शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक के बाद कुछ ऐसा ही संदेश बाहर आया है, कि नेताओं और अफसरों के बीच समन्वय बनाने के लिए जो छोटी समिति बनाई गई है जिसकी कमान शिवप्रकाश सभालेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल काफी दिनों से इसको लेकर प्रयासरत थे, कि किसी भी प्रकार से सत्ता और संगठन में समन्वय जरूरी है जिससे जनता में पार्टी की छवि को कोई नुकसान न हो। अब इस तरह की बैठक प्रत्येक माह होगी जिसमें शिवप्रकाश प्रदेश के नेताओं और अधिकारियों के बारे में तालमेल को लेकर चर्चा करेंगे।

### गुटबाजी पर लगेगा विराम

इसके अलावा पार्टी में चल रही गुटबाजी को विराम देने में यह बैठक काफी महत्वपूर्ण रही है। प्रदेश के कुछ दिग्गज नेताओं का अपने क्षेत्र में क्षत्रप की भूमिका में रहने से नए नेताओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर शिवप्रकाश ने इन दिग्गज नेताओं को नसीहत भी दी है।

### नेताओं की जुबान पर लगाम लगाने का प्रयास

भाजपा के कुछ नेताओं की जुबान फिसलने और उससे पार्टी की छवि को नुकसान होने को लेकर भी पार्टी नेतृत्व काफी नाराज है। इन नेताओं की बदजुबानी और उससे भी आगे उनके पुत्रों की हरकत से पार्टी की छवि को नुकसान पहुचा है। ऐसे में पार्टी आलाकमान द्वारा नेताओं की भाषा ओर उनके पुत्रों के आचरण को लेकर भी नाराजगी जहिर की है। प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल कई बार ऐसे नेताओं को पार्टी के कार्यालय में बुलाकर अनुशासन का पाठ भी पडा चुके हैं लेकिन इन नेताओं पर कोईअसर नहीं हो रहा है।

# होम-स्टे से रुका पलायन...

## - मप्र में टूरिज्म के हॉट स्पॉट बने गांव

भोपाल। अगर आप गांव की सादगी के साथ आरामदायक रहन-सहन का अनुभव लेना चाहते हैं तो मप्र अब आपका अगला डेस्टिनेशन हो सकता है। इसकी वजह यह है कि मप्र में सरकार ने ग्रामीण टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए होम-स्टे का जो अभियान शुरू किया है उसमें उत्तरोत्तर सफलता मिल रही है। होम-स्टे से जहां गांवों में पलायन रूका है, वहीं रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य 1,000 होम-स्टे बनाकर मप्र को ग्रामीण टूरिज्म में देश का नंबर-1 राज्य बनाना है। ये होम-स्टे केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि अतिथि देवो भव: की परंपरा को जीवंत करने वाले सांस्कृतिक अनुभव स्थल होंगे। दरअसल, घूमने-फिरने के शौकीनों के लिए मप्र के गांव अब नया ठिकाना बन रहे हैं। इनमें तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इसी साल फरवरी से अगस्त तक प्रदेश में पर्यटन वाले इलाकों में 70 नए गांव और ठिकाने इस कैटेगरी में जुड़ चुके हैं। साल की शुरुआत में इनकी संख्या 321 थी, जो अब 400 पार हो गई। जिन जगहों पर गांव और होम स्टे की संख्या बढ़ी, उनमें उज्जैन में 78 से बढ़कर 95, भोपाल में 59 से 82, कान्हा नेशनल पार्क में 18 से 35, पेंच नेशनल पार्क में 9 से 17, जबलपुर में 11 से 17, इंदौर में 30 से 34, ओरछा में 29 से 36, खजुराहो में 22 से 27 और महेश्वर में 5 से बढ़कर 11 डेस्टिनेशन पर होम स्टे शुरू हो गए हैं। इन्हें तीन कैटेगरी होम स्टे, फार्म स्टे और ग्राम स्टे के अंतर्गत जोड़ा गया है। मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ने से अब गांव की अर्थ-व्यवस्था को मजबूती मिल रही है। प्रदेश में होम-स्टे की संख्या बढ़ाई जायेगी। ग्रामीण संस्कृति और परिवेश को समझने विदेशों और शहरों से पर्यटक आकर रुकने लगे हैं और उनकी संख्या बढ़ती जा रही है।

# बढ़ेंगे 8 हजार बूथ, भाजपा कांग्रेस बनाएगी नए बीएलए

## प्रत्येक 1200 मतदाताओं पर एक मतदान केंद्र बनाने का निर्णय

भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1500 मतदाताओं के स्थान पर 1200 मतदाताओं की संख्या सीमित करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश में 8 हजार से अधिक मतदान केंद्र बढ़ेंगे। इसे देखते हुए भाजपा और कांग्रेस ने इन मतदान केंद्रों के लिए नए बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 65 हजार मतदान केंद्र हैं। मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ने से मतदाताओं को वोटिंग के लिए लंबी लाइन में लगने से निजात मिलेगी।

भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि हमने मप्र के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को मांग और सुझाव पत्र में सौंपा है। इसमें विभिन्न सुझाव देने के साथ ही पूछा है कि नए मतदान केंद्र बनाने की प्रक्रिया कब तक पूरी कर ली जाएगी, ताकि उसके अनुसार राजनीतिक दलों द्वारा अतिरिक्त बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति की जा सके। यह कार्य जितने जल्दी होगा, राजनीतिक दल उतनी जल्दी बीएलए नियुक्त कर सकेंगे।

### कांग्रेस गंभीर मतदाता सूची का सत्यापन करेगी

मप्र में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री संजय कामले ने बताया कि पार्टी मतदाता सूची की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और हमारे नेता राहुल गांधी वोट चोरी जैसे गंभीर मुद्दे पर लगातार आवाज उठा रहे हैं। मप्र में हम जल्द से जल्द सभी बीएलए नियुक्त कर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। प्रत्येक मतदाता का सत्यापन कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी सही मतदाता का नाम गलत तरीके से न काटा जाए और कोई भी पात्र मतदाता वोट डालने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी निर्वाचन आयोग के कार्यों पर कड़ी निगरानी रखेगी और यदि कोई भी गलत तरीके से मतदाता सूची में नाम जोड़ने या काटने का प्रयास करेगा, तो पार्टी इसका सक्रिय विरोध दर्ज करेगी।

# मप्र के 10 टाइगर भेजे जाएंगे ओडिशा, राजस्थान और छत्तीसगढ़

भोपाल। मध्य प्रदेश ने उड़ीसा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ टाइगर भेजने की तैयारी तेज कर दी है। इन राज्यों के अधिकारियों को टाइगरों की सुरक्षा और प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए पत्र लिखा है। बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व से करीब 10 टाइगरों का चयन कर छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा भेजा जाएगा। इनमें नर-मादा टाइगरों की जोड़ी भी शामिल होगी, ताकि इन राज्यों में टाइगरों की संख्या बढ़ने के साथ ही जीन पूल भी सशक्त हो सके। बांधवगढ़, पेंच और कान्हा टाइगर रिजर्व में टाइगर की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में संख्या बढ़ने से क्षेत्र कम पढ़ रहा है, जिससे टाइगरों का टेरेटरी को लेकर संघर्ष भी बढ़ रहा है।

### एनटीसीए के निर्देश पर हो रहा है ट्रांसलोकेशन

नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी मिलने के बाद यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। खास बात यह है कि ट्रांसलोकेशन पर आने वाला पूरा खर्च संबंधित राज्य ही वहन करेंगे। यह पहली बार है जब मध्यप्रदेश इतने बड़े स्तर पर टाइगरों को बाहर भेजेगा। वर्तमान में प्रदेश में 785 टाइगर हैं, जो देश में सबसे अधिक है और यही कारण है कि यहां से अन्य राज्यों को टाइगर उपलब्ध कराना संभव हो पाया है। चयनित टाइगरों को अत्याधुनिक वाहनों में सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया में अधिकृत पशु चिकित्सक मौजूद रहेंगे और हर चरण पर निगरानी रखी जाएगी, ताकि बाघों को किसी भी तरह की परेशानी न हो।



### एमपी में होगी अधिकारियों की ट्रेनिंग

ट्रांसलोकेशन को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश अक्टूबर 2025 में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें छत्तीसगढ़, राजस्थान और ओडिशा के वन अधिकारी मध्य प्रदेश आकर टाइगरों की देखभाल, ट्रैकिंग और संरक्षण से जुड़ी बारीकियां सीखेंगे। यह ट्रेनिंग सेशन भविष्य में भी इन राज्यों को अपने बाघों के बेहतर प्रबंधन में मददगार साबित होगा।

# उज्जैन सिंहस्थ 2028 अब नए कानून के तहत होगा आयोजित

भोपाल। उज्जैन सिंहस्थ 2028 अब नए कानून के तहत आयोजित होगा। दरअसल राज्य सरकार 70 साल पुराने मध्य भारत सिंहस्थ मेला एक्ट-1955 को खत्म कर नया कानून लाने की तैयारी में है। इसका ड्राफ्ट लगभग तैयार हो चुका है और शीतकालीन सत्र में बिल पेश किए जाने की उम्मीद है। नए कानून में कलेक्टर को व्यापक अधिकार दिए, जाएंगे और उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दंड के साथ तीन साल तक की सजा का प्रावधान होगा।

जानकारी अनुसार सरकार ने कहा है कि सिंहस्थ के लिए नए प्रावधान इसलिए जरूरी हैं ताकि मेला क्षेत्र को सुरक्षित और व्यवस्थित रखा जा सके। नगरीय विकास विभाग ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के 2017 के एक्ट का भी अध्ययन कर रेखांकित किया गया है। बताया गया कि 2016 के बाद मेला क्षेत्र में कई अतिक्रमण और स्थायी निर्माण हो गए हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए कड़ा कानून जरूरी है।

नए एक्ट के तहत मेला प्राधिकरण बोर्ड का गठन होगा, जिसमें संभागायुक्त, आईजी और कलेक्टर शामिल होंगे। यह बोर्ड सीधे मुख्यमंत्री की निगरानी में काम करेगा। पुराने एक्ट में केवल पेनल्टी का प्रावधान था, जबकि नए कानून में आर्थिक दंड और सजा दोनों शामिल होंगे।

मेला क्षेत्र को अलग-अलग बीट में बांटा जाएगा और राजस्व अधिकारियों को एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी जाएंगी। इस काम के लिए तीन से छह माह में एरियल सर्वे होगा और अतिक्रमण रोकने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आधारभूत सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण, साफ-सफाई, दुकानों, शौचालयों और शुल्क व्यवस्था जैसी तैयारियां भी नए कानून के दायरे में आएंगी।

# बिना अपराध किए महिला रही ढाई साल से ज्यादा जेल में, हाईकोर्ट ने किया दोषमुक्त

भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक महिला को न्याय दिलाते हुए, उसे दोषमुक्त करार दिया, जो बिना किसी अपराध के करीब ढाई साल से ज्यादा जेल में रही। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वानी की एकलपीठ ने यह फैसला सुनाया।

मामला भोपाल निवासी रेखा बाई यादव उर्फ कौशल्या बाई से जुड़ा है। उन पर आरोप था कि उन्होंने एक अन्य महिला के स्थान पर खड़े होकर भूखंड की फर्जी रजिस्ट्री में अंगूठा लगाया।

# अबरार ने अभिषेक की पारी का अंत किया



दुबई। अबरार अहमद ने अभिषेक शर्मा की पारी का अंत कर भारत को तीसरा झटका दिया। अभिषेक शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और 39 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 123 रन के स्कोर पर तीसरा विकेट गंवाया है।

पाकिस्तान को दूसरी सफलता मिली है और भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव खाता खोले बिना आउट हो गए हैं। अभिषेक और गिल ने लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन पाकिस्तान ने गिल के बाद सूर्यकुमार का विकेट लेकर वापसी की कोशिश की है।

भारतीय टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के रूप में पहला झटका लगा है। फहीम अशरफ ने गिल को बोल्ड किया जो अर्धशतक लगाने से चूक गए। गिल ने 28 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 47 रन बनाकर आउट हुए। गिल और अभिषेक के बीच पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई।

### अभिषेक ने 24 गेंदों में जड़ा पचासा

अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं और शुभमन गिल के साथ पाकिस्तान पर पूरी तरह दबाव बना रहे हैं। भारतीय उपकप्तान भी अर्धशतक के करीब हैं।

### पावरप्ले में भारत ने 69 रन बनाए

पावरप्ले समाप्त हो चुका है। शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा ने टीम को आतिशी शुरुआत दिलाई। भारत ने शुरुआती छह ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 69 रन बना लिए हैं।

### भारत ने पूरे किए 50 रन

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शुरुआत की है। भारत ने पावरप्ले खत्म होने से पहले ही 50 रनों का आंकड़ा छू लिया है। भारत ने पांच ओवर की समाप्ति के बाद बिना किसी नुकसान के 55 रन बनाए हैं।

### भारत की पारी शुरू

पाकिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पारी शुरू हो गई है। अभिषेक शर्मा ने शाहीन अफरीदी की पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर शुरुआत की है। अभिषेक के साथ शुभमन गिल क्रीज पर मौजूद हैं।

### पाकिस्तान की पारी समाप्त

पाकिस्तान ने भारत के सामने एशिया कप के मुकाबले में 172 रनों का लक्ष्य रखा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन पाकिस्तान ने भारत की खराब फील्डिंग का फायदा उठाया और 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाजी साहिबजादा फरहान ने 58 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से शिवम दुबे को दो विकेट मिले, जबकि हार्दिक पांड्या और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।

मोहम्मद नवाज रन आउट होकर पवेलियन लौट गए हैं। सलमान आगा ने बुमराह की गेंद पर एक रन लेने की कोशिश की, आगा को क्रीज पर पहुंच गए, लेकिन नवाज क्रीज तक नहीं पहुंच सके थे। सूर्यकुमार ने इसे देखा और गेंद थ्रो कर दी। नवाज 19 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 21 रन बनाकर आउट हुए।

# यशस्वी जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने पर तोड़ी चुप्पी

दुबई । भारतीय टीम का एशिया कप 2025 में प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने लीग स्टेज के सभी मुकाबले जीतकर सुपर-4 में प्रवेश किया है, जहां उसका पहला मुकाबला पड़ोसी देश पाकिस्तान से होगा। भारतीय स्क्वॉड में अधिकांश खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को मेन स्क्वॉड में जगह नहीं मिली, जिनमें यशस्वी जायसवाल का नाम भी शामिल है। इस बीच, जायसवाल ने एशिया कप स्क्वॉड से नजरअंदाज किए जाने पर अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि खिलाड़ियों का चयन चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत और प्रदर्शन पर ध्यान दे रहे हैं।

यशस्वी ने टेस्ट और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन टी20 जैसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के लिए उन्हें अभी भी संघर्ष करना पड़ रहा है। एशिया कप के लिए टीम चयन के समय यशस्वी का नाम शामिल न होने से कई सवाल उठे थे। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा के वरिष्ठ खिलाड़ियों के जाने के बाद टीम के ऊपरी क्रम में अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन ने जिम्मेदारी संभाली। इसके अलावा, उपकप्तान के रूप में शुभमन गिल की एंट्री के बाद जायसवाल को भारतीय टीम में आने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।



यशस्वी ने कहा, ये सब चयनकर्ताओं के हाथ में होता है। वे इसे टीम संयोजन के नजरिए से देखते हैं। मैं मेहनत जारी रखूंगा और मुझे पता है मेरा समय आएगा। तब तक, मैं खुद पर काम करता रहूंगा और बेहतर करता रहूंगा। 23 टी20 मैचों में यशस्वी ने 723 रन बनाए हैं, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 164.31 का रहा। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। उनकी बल्लेबाजी की निरंतरता भारतीय टीम के लिए भविष्य में बड़ी ताकत साबित हो सकती है।

भारत ने शुक्रवार को ओमान को 21 रन से हराकर एशिया कप के ग्रुप लीग चरण का अंत जीत की हैट्रिक के साथ किया। अब भारतीय टीम 48 घंटे से भी कम समय में दुबई में सुपर 4 मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। इस मुकाबले में टीम का पूरा ध्यान जीत पर होगा, जबकि युवा खिलाड़ियों जैसे यशस्वी को अपने खेल को और निखारने का मौका मिलने का इंतजार रहेगा। यशस्वी की प्रतिक्रिया से साफ है कि वह निराश नहीं हुए हैं और अपने समय के इंतजार में मेहनत जारी रखेंगे, जिससे भविष्य में भारतीय टीम में उनकी वापसी निश्चित ही देखने को मिल सकती है।

# भारतीय धरती पर तेज गेंदबाजों से सीरीज पलटने की उम्मीद है सैमी को

अहमदाबाद। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के मुख्य कोच डैरेन सैमी ने भारतीय सरजमीं पर अपनी टीम के तेज गेंदबाजों की ताकत पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम का तेज गेंदबाजी आक्रमण इतना मजबूत और विविधता से भरा है कि किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख पलट सकता है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में और दूसरा 10 अक्टूबर को दिल्ली में खेला जाएगा।



मीडिया से बातचीत में सैमी ने कहा, टीम में चार अलग-अलग तरह के तेज गेंदबाज हैं, जिनकी अपनी खासियतें हैं और यही हमारी असली ताकत है। शमर जोसेफ, जेडन सील्स, अल्जारी जोसेफ और एंडरसन फिलिप सभी विभिन्न परिस्थितियों में विकेट निकालने में सक्षम हैं। इसके साथ ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स भी विकल्प के रूप में मौजूद हैं।उन्होंने विशेष रूप से शमर को कुशल, जेडन सील्स को गेंद को दोनों तरफ स्विंग कराने में माहिर और अल्जारी जोसेफ को अपने कद, गति और उछाल के कारण खतरनाक बताया।

सैमी ने उम्मीद जताई कि उनका तेज गेंदबाजी संयोजन भारतीय हालात में भी बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण साबित होगा और टेस्ट मैच में 20 विकेट लेने की क्षमता रखता है। कोच ने न्यूजीलैंड की भारत में पिछली साल की सफलता से भी प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने कहा, पिछले साल कीवी टीम ने भारत में 3-0 से जीतकर इतिहास रचा। हमें उनसे सीखना चाहिए कि किन परिस्थितियों में उन्होंने कौन-सी रणनीति अपनाई। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी भी परिस्थितियों को समझकर प्रदर्शन करेंगे। भारतीय हालात में पारंपरिक तौर पर स्पिन गेंदबाजों का दबदबा रहता है, लेकिन सैमी का मानना है कि उनकी तेज गेंदबाजी यूनिट इस बार असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, टीम का यह संयोजन किसी भी विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को चुनौती देने में सक्षम है। अब यह देखना बाकी है कि अहमदाबाद और दिल्ली में इंडीज के तेज गेंदबाज सैमी की उम्मीदों पर कितना खरे उतरते हैं। क्या वेस्टइंडीज भारतीय धरती पर इतिहास रच पाएगी या भारतीय बल्लेबाज अपनी मजबूती साबित करेंगे, यह सीरीज के पहले दो मुकाबलों में ही तय होगा।

# पाक टीम से सावधान रहें - दीप दासगुप्ता

दुबई। पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारतीय टीम को गंभीरता से उतरना होगा। दासगुप्ता के अुनसार भारतीय टीम ने पहले मैच में पाक पर एकतरता जीत दर्ज की थी पर इसके बाद भी उसे इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेना होगा। इस पूर्व क्रिकेटकीपर बल्लेबाज के अनुसार पाक टीम का प्रदर्शन अभी अच्छा नहीं है पर वह एक मुश्किल टीम रही है। पाक टीम की गेंदबाजी मजबूत है हालांकि उसकी बल्लेबाजी कमजोर है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में दूसरी बार पाकिस्तान से खेलेगी। दासगुप्ता ने कहा है प्रतिद्वंद्वी हमेशा खतरनाक होते हैं और उन्हें कम नहीं आंका जा सकता है। पाक का प्रदर्शन भले से पिछले कुछ साल से अच्छा नहीं रहा है पर उनके पास अच्छे खिलाड़ी भी हालांकि वे एक ईकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। टी20 प्रारुप में किसी को भी कम नहीं आंका जा सकता है।

# पीठ में दर्द की समस्या से जूझ रहे पैट कमिंस एशेज में सभी टेस्ट मैंच खेलने की उम्मीद

सिडनी। पीठ में दर्द की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस एशेज के सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलना चाहते है। कमिंस ने एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। कमिंस ने स्वीकार किया कि एशेज से पहले वे पूरी तरह से प्रतीक्षा करने और देखने की स्थिति है। कमिंस ने कहा, लक्ष्य पांच टेस्ट मैच है। हर गर्मियों में आप पांच टेस्ट मैच खेलने का लक्ष्य रखते हैं। यह मैच थोड़ा अलग हो सकता है क्योंकि आप बाकी मैचों से थोड़े अलग अंदाज में आ रहे हैं। लेकिन शुरुआती लक्ष्य पांच विकेट लेना है। एक बार जब हम करीब पहुंच जाएंगे, तब हम शायद अधिक यथार्थवादी परिस्थितियों पर बात करूंगा। सच कहूं तब यह कहना अभी बहुत दूर की बात है, लेकिन फिलहाल हमारा लक्ष्य इन सबके लिए तैयार रहने का प्रयास करना है।

कमिंस ने इशारा किया कि पहले तीन टेस्ट मैचों के कार्यक्रम में आठ दिनों का स्पष्ट अंतराल रखा गया था, इसलिए बैकअप लेना कोई समस्या नहीं हो सकती। लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि यह संभावना नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया पूरी गर्मियों में एक अपरिवर्तित आक्रमण के साथ टिकेगा। उन्होंने कहा, ज्यादातर सालों में, कम से कम एक गेंदबाज तब खेल ही जाता है। जॉश हेजलवुड पिछले साल आखिरी हाफ में नहीं खेल पाए थे। जाहिर है, परिस्थितियां बदलती हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको बस एक नए गेंदबाज की जरूरत है, जो आकर टेस्ट मैच में बिना पलक झपकाए 40 ओवर गेंदबाजी कर सके।



उल्लेखनीय है कि इस हफ्ते अ ा ॅ स ्ट ् े ि ल य ा इ ' कोच एंड्रयू मैकडॉनाल्ड ने कहा कि कमिंस इस सीरीज में 'हिस्सा लेने वाले है। इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होगा। मैकडॉनाल्ड ने कहा ि क कमिंस एशेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगे। लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि 5 टेस्ट मैचों की योजना कभी भी तेज गेंदबाजी के लिए नहीं थी। हालांकि कमिंस अभी भी आशान्वित हैं। पैट कमिंस पांचों एशेज टेस्ट खेलने का लक्ष्य बना रहे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज को श्रृंखला के करीब आने पर ही पता चलेगा कि वह एक व्यावहारिक विकल्प है या नहीं। हालांकि कमिंस इस लेकर आशांवित है।

# अफगानिस्तान के नूर और मुजीब अचारसंहित उल्लंघन में फंसे

दुबई । अफगानिस्तान के स्पिनर नूर अहमद और मुजीब उर रहमान पर श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप मैच में आईसीसी आचार संहिता उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इस कारण दोनो के ही खाते में एक-एक नकारात्मक अंक दर्ज किये गये हैं। नूर पर अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के आरोप लगे है। वहीं मुजीब पर खेल उपकरणों के गलत उपयोग के आरोप लगे हैं। मुजीब ने मैच के दौरान अपने तौलिये से ही स्टंप तोड़ दिए थे। वहीं नूर ने श्रीलंका की पारी के 16वें ओवर में अंपायर के गेंद को वाइड करार देने पर नाराजगी जतायी थी। नूर पर अंपायर आसिफ याकूब और वीरेंद्र शर्मा, और तीसरे अंपायर फैसल अफरीदी व चौथे अंपायर रोहन पंडित ने आरोप लगाए हैं। इन दोनो अफगान खिलाड़ियों ने अपने अपराध स्वीकार कर लिए हैं और मैच रेफरी रिची रिचडर्सन की दी हुई सजा को स्वीकार कर लिया है।

# मंधाना एकदिवसीय में सबसे अधिक शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना एकदिवसीय ों में सबसे अधिक शतक लगाने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गयी हैं। वहीं विश्व में वह दूसरे नंबर पर हैं। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में पचास गेंदों पर ही शतक लगा दिया था। इसी के साथ ही मंधाना ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 16 वां शतक लगाया है। मंधाना ने 63 गेंदों मे 125 न बनाये। वहीं एकदिवसीय में सबसे अधिक 17 शतक का रिकार्ड ऑस्ट्रेलिया की मैग लैंनिग के नाम पर है। सबसे तेज शतक भी लैंनिग के नाम है । लैंनिग ने 45 गेंदों में ही न्यूजीलैंड के खिलाफ नॉर्थ सिडनी में शतक लगाया था।

# मिथुन मन्हास बन सकते हैं नये बीसीसीआई अध्यक्ष

मुम्बई। दिल्ली क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के नय अध्यक्ष बन सकते हैं। मन्हास अगर अध्यक्ष बनते हैं तो वह वह इस पद पर पहुंचने वाले पहले मुकाबला अनकैप्ड क्रिकेटर होंगे। 45 साल के मन्हास का नाम बोर्ड अध्यक्ष के लिए बीसीसीआई की आम बैठक में सामने आया है। बोर्ड अध्यक्ष के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख रविवार है और इसके लिए चयन 28 सितंबर को होगा। पिछले कुछ साल से बोर्ड अध्यक्ष पूर्व क्रिकेटर बनते आये हैं।

साल 1997/98 सत्र से मन्हास का करियर शुरु हुआ था। वह मध्यक्रम के बल्लेबाज रहे हैं। राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे दिग्गजों के दौर में उन्हें अवसर नहीं मिल पाया पर घरेलू क्रिकेटर में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर के राष्ट्रीय टीम में रहने के कारण मन्हास ने घरेलू क्रिकेट में अधिकतर समय दिल्ली टीम की कप्तानी की है।

मन्हास ने साल 2007/08 सत्र में दिल्ली की टीम की ओर से रणजी में 57.56 की औसत से 921 रन बनाए। साल. 2015 में उन्होंने दिल्ली से जम्मू और कश्मीर के लिए रणजी ट्रॉफी खेलनी शुरुआ की। थे. क्रिकेट के अवसरों की तलाश में बाद में राजधानी शहर में चले गए.

इस क्रिकेटर ने कुल मिलाकर 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले जिसमें 9714 रन बनाए 45 से अधिक की औसत से 27 शतक लगाए। इनमें से 8554 रन 206 रणजी ट्रॉफी पारियों में बनायेहैं। उन्होंने 130 लिस्ट ए मैच भी खेले जिसमें 4126 रन बनाए और 91 टी20 मैच खेले जिसमें दिल्ली के लिए 1170 रन बनाए।

मन्हास ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन फ्रेंचाइजी की ओर से भी खेल है। . उन्होंने अपने करियर की शुरुआत दिल्ली डेयरडेविल्स से की जहां उन्होंने 2008 से 2010 के बीच खेला। वहीं वह साल 2011 से 2013 के बीच अब-पुणे वॉरियर्स में चले गए। उन्होंने 2014 में चेन्नई सुपर किंग्स में एमएस धोनी की कप्तानी में खेला। सात सत्र में लीग में 55 मैचों में उन्होंने 22.34 की औसत से 514 रन बनाए।

2017 में वह पंजाब के सहायक कोच बने। वहीं बांग्लादेश अंडर-19 टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के अलावा आरसीबी और गुजरात टाइटंस में सहायक कोच की जिम्मेदारी संभाली है।

# जतिंदर सिंह ने भारतीय टीम से एनसीए में प्रशिक्षण की गुहार लगाई

अबु धाबी। जतिंदर सिंह की कप्तानी में ओमान टीम को एशिया कप 2025 में भारत के खिलाफ 21 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, हार के बावजूद ओमान के बल्लेबाजों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ओमान ने 20 ओवर में चार विकेट खोकर 167 रन बनाए। आमिर कलीम ने 64 रन, हम्माद मिर्जा ने 51 और कप्तान जतिंदर ने 32 रन का योगदान दिया। मैच के बाद जतिंदर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से गुहार लगाई कि उनकी टीम को नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में प्रशिक्षण की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों की तकनीक, मानसिक तैयारी और फिटनेस में सुधार होगा और एसोसिएट देशों और टेस्ट खेलने वाले देशों के बीच की खाई पाटने में मदद मिलेगी।



जतिंदर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे लगता है कि अगर हम भारत को अपना दूसरा घर बना सकें, एनसीए में ट्रेनिंग ले सकें, टी20 मैच खेल सकें और क्लब तथा रणजी टीमों के साथ अभ्यास कर सकें, तो हमारे लिए यह बहुत फायदेमंद होगा। हम एक एसोसिएट नेशन हैं और हमें टेस्ट खेलने वाले देशों के साथ खेलने के मौके नहीं मिलते। ओमान की टीम पहली बार एशिया कप में खेली थी और ग्रुप ए के सभी मैच हारने के बावजूद जतिंदर ने अपने खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि उन्हें खिलाड़ियों पर गर्व है और जिस तरह उन्होंने हालात का सामना किया, वह काबिले तारीफ है।

जतिंदर ने आगे कहा, हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें एशिया कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिला। मुझे लगता है कि अगर ऐसे टूर्नामेंट बार-बार आयोजित किए जाएं, तो अधिक एसोसिएट देशों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि टेस्ट खेलने वाले देशों और एसोसिएट देशों के बीच की खाई कम हो और खिलाड़ी अनुभव हासिल कर सकें। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी ओमान की टीम के प्रदर्शन की सराहना की। मैच के बाद उन्होंने कहा, ओमान ने शानदार क्रिकेट खेला। सूर्यकुमार मैदान पर ओमान के खिलाड़ियों से बातचीत करते भी नजर आए, जिससे साफ हुआ कि भारतीय टीम ने विरोधी टीम के प्रयास की ईमानदारी से सराहना की। इस हार के बावजूद ओमान की टीम ने अपने जज्बे और खेल भावना का परिचय दिया, जबकि जतिंदर सिंह ने भविष्य में प्रशिक्षण और विकास के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड से समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। यह पहल एसोसिएट देशों के क्रिकेट विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

# इरफान पठान और शाहिद अफरीदी के बीच जुबानी जंग जारी

नई दिल्ली। एशिया कप के मैदान पर भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच मुकाबला जारी है, वहीं दोनों देशों के पूर्व क्रिकेटरों के बीच जुबानी जंग भी तेजी से बढ़ती जा रही है। इस विवाद की शुरुआत अगस्त में हुई थी, जब इरफान पठान ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अफरीदी के साथ फ्लाइट में हुए टकराव का जिक्र किया। उन्होंने खुलासा किया कि एक बार उन्होंने रज्जाक से पाकिस्तानियों के खाने के बारे में मजाकिया अंदाज में सवाल किया और अफरीदी इस पर प्रतिक्रिया नहीं दे पाए।



इरफान पठान ने इंटरव्यू में कहा था, मैंने रज्जाक से पूछा कि पाकिस्तानियों का मांस कैसा होता है और क्या कुत्ते का मांस उपलब्ध होता है। मुझे सुनकर रज्जाक हैरान रह गए और पूछे, 'अरे इरफान, तुम यह क्यों पूछ रहे हो?' मैंने जवाब दिया कि अफरीदी इतना लंबा समय भौंकता रहा है। इसके बाद अफरीदी कुछ नहीं कह पाए। इस बयान के बाद अफरीदी नाराज हो गए और उन्होंने मीडिया से कहा कि वे केवल तभी जवाब दे सकते हैं जब किसी ने उनकी आंखों में आंख डालकर बात की हो। उन्होंने सवाल किया, मैं केवल तभी जवाब दे सकता हूं जब वह मेरे सामने बात करे। मैं उसके झूठ का कैसे जवाब दूं?

अफरीदी के जवाब के बाद इरफान पठान ने सोशल मीडिया के माध्यम से ताजा तंज कसा है। पठान ने शनिवार सुबह ट्वीट किया, आप लोग सही कहते हैं- 'ये पड़ोसी एक्स खिलाड़ी और मीडिया इरफान पठान के नाम से आसक्त हैं। इस बयान में पठान ने साफ संकेत दिया कि अफरीदी की हालिया टिप्पणियां सीधे उनके बारे में थीं और विवाद में उनकी भूमिका को लेकर अब नए रंग नजर आ रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह जुबानी जंग दोनों पूर्व क्रिकेटरों के बीच व्यक्तिगत स्तर पर बढ़ रही है और मीडिया ने इसे और व्यापक बना दिया है। एशिया कप जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के दौरान यह विवाद फैंस और सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहा। पठान और अफरीदी दोनों ही अपने-अपने देश के सम्मान और क्रिकेट इतिहास को लेकर भावनात्मक रूप से संवेदनशील हैं। अब सवाल यह है कि क्या यह जुबानी जंग मैदान पर खेल को प्रभावित करेगी या यह केवल सोशल मीडिया और मीडिया हेडलाइंस तक सीमित रहेगी। दोनों ही पूर्व क्रिकेटरों की इस बातचीत ने क्रिकेट फैंस के बीच रोचक बहस शुरू कर दी है, और लोग उत्साहित हैं कि आगे दोनों के बीच क्या बयानबाजी सामने आती है। इस मामले में साफ है कि खेल की गरिमा के साथ-साथ व्यक्तिगत टकराव भी कभी-कभार सामने आ जाता है, जिसे लेकर फैंस के बीच उत्सुकता लगातार बनी रहती है।

# विश्वकप क्रिकेट के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का उत्साह बढ़ाएं - अक्षय

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने कहा है आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए सभी लोगों को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का समर्थन करते हुए उसका हौंसला बढ़ना चाहिये। अक्षय के अनसार प्रशंसकों को महिला क्रिकेटरों के मैचों के प्रति भी वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिये जैसा वे पुरुष क्रिकेटरों के लिए दिखाते आ रहे हैं। अक्षय ने साल 2017 विश्व कप फाइनल देखने के अपने अनुभव को याद करते हुए कहा , मुझे 2017 विश्व कप फाइनल आज भी याद है।

कार्यालय-प्रबंधक शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गढी-जिला बालाघाट म0प्र0

क्र ---JDVSJBP27/2025 निविदा विज्ञप्ति :- दिनांक 09.09.2025

संचालनलय पशु पालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गढी-जिला बालाघाट म0प्र0 पर निम्न कार्यों हेतु e-procurementप्रणाली Portal http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन कृषि मजदुर ठेकेदार से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि | निविदा प्रपत्र का मुल्य रू.में | अमानत राशि (EMD) रू.में | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JDVSJBP 27/2025 | 13 एकड़ कृषि भूमि में वर्ष 2025-26 हेतु बरसीम घास उत्पादन हेतु खेत तैयार कर बरसीम घास लगाना, कटवाना, प्रक्षेत्र पर पहुंचवाना एवं चौकीदारी | 24/09/2025 | 2000.00 | 9000.00 | 15/10/2025 शाम 5 बजे तक |

1. निविदा प्रपत्र उक्त बेवसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते हैं ।
2. निविदा संबंधी समस्त जानकारी बेवसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं ।
3. निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 4.50लाख मात्र है ।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, प्रथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-19000/25

स्वच्छता ही सेवा

प्रबंधक
शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र
गढी-जिला बालाघाट म0प्र0

# अमेरिकी राष्ट्रपति के वीजा बम ने तोड़ा भारतीयों का दिल!

## किसी की शादी कैंसिल, किसी की मां के निकले आंसू

नई दिल्ली। विदेश में फंसे कई भारतीय एच-1बी वीजा होल्डर्स के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वीजा फीस 100,000 डॉलर करने का फैसला किसी बुरे सपने जैसा था। वीजा फीस की चौंकाने वाली घोषणा, जिसके बाद बड़ी टेक कंपनियों ने विदेश में अपने कर्मचारियों को एक दिन के भीतर वापस लौटने का निर्देश दिए। ऐसे में उन्हें पारिवारिक कार्यक्रमों और लंबे समय से प्लान की गई यात्राओं को बीच में ही छोड़कर करीब के एयरपोर्ट पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।

परेशान और तनावग्रस्त, एक रेडिट यूजर सरमुच ने अपने और एच-1बी वीजा होल्डर परिचितों के सामने आने वाली मुश्किलों का ब्यौरा दिया है। ये लोग अमेरिका के बाहर फंस गए थे। उस वक्त सभी कन्फ्यूज हो गए, जब अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियों ने शनिवार को कर्मचारियों को ईमेल किया, जिसमें उन्हें 21 सितंबर को सुबह 9ः31 बजे तक वापस अमेरिका आने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि जिनके दिलों में रहन नहीं है, उनके लिए यह शर्म की बात है। आपको मेरी मां को रोते हुए देखने की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि वह कुछ महीनों में पहली बार मुझसे मिलने वाली थीं, क्योंकि हम कुछ सालों में पहली बार एक सप्ताह साथ बिताने वाले थे! रेडिट यूजर ने कहा कि यह गलत है। हम इसके लायक नहीं थे। भावनात्मक नुकसान बहुत ज्यादा है, परिवार अलग हो गए और अहम पल छूट गए। उन्होंने कहा कि वीजा से अलग भी एक जिंदगी है, क्योंकि हम सभी इंसान हैं।



### ट्रंप के फैसले से अफरा-तफरी

बाद में व्हाइट हाउस ने साफ किया कि कंपनियों को अमेरिका में फिर से दाखिल होने पर अपने एच-1बी वर्कर्स के लिए ज्यादा फीस देने की जरूरत नहीं होगी, जिससे कई लोगों को राहत मिली। लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। कई अन्य एच-1बी वीजा होल्डर्स ने ट्रंप के शुक्रवार देर रात के ऐलान के बाद के घंटों को घबराहट और चिंता की भावना से भरा बताया। कई लोगों को तो उड़ान भरने के इंतजार के दौरान ही इन वीजा नियम में बदलावों के बारे में पता चल गया, जिससे कुछ लोगों ने अपनी प्लानिंग पूरी तरह से कैंसिल कर दी, क्योंकि बड़ी टेक कंपनियों ने भी एच-1बी वीजा वाले कर्मचारियों को अगली सूचना तक अमेरिका छोडने़ से मना कर दिया। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अनिश्चितता के कारण अपनी शादी की यात्राएं रद्द कर दीं।

### आदेश में स्पष्टता की भारी कमी

एक व्यक्ति ने बताया कि यह एक यात्रा प्रतिबंध है! अगर किसी व्यक्ति के पासपोर्ट पर वैध एच-1बी वीजा लगा हो, तब भी अगर वह यात्रा कर रहा हो या छुट्टियों पर हो, तो आप अमेरिका में तब तक एंट्री नहीं मिल सकती जब तक उसके पास 100,000 डॉलर के भुगतान का सबूत न हो। कोई नहीं जानता कि प्रोसेस क्या है, बारीकियां क्या हैं। पूरी तरह से अफरा-तफरी मची हुई है। एक अन्य ने कहा किजो लोग एयरपोर्ट पर बोर्डिंग लाइनों में खड़े हैं, जो लोग कल अपनी शादी के लिए निकल रहे हैं, ऐसी ही चीजें। वे इसलिए यात्रा कैंसिल कर रहे हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि अब क्या किया जाए। ट्रंप के ऐलान और आधिकारिक निर्देशों या स्पष्टता के अभाव के कारण परिवार कंफ्यूजन में रहे, जब तक कि ट्रंप प्रशासन की ओर से सफाई नहीं दी गई।

### ट्रंप प्रशासन पर फूटा गुस्सा

एक व्यक्ति ने बताया कि लोगों को यह नहीं पता कि वे वापस आ पाएंगे या नहीं, कंपनी के लिए 100,000 डॉलर पाने की प्रक्रिया क्या होगी। किसी को कुछ नहीं पता। और इस बारे में कोई स्पष्टता जल्द ही नहीं मिलने वाली। नए आवेदकों के लिए 100,000 डॉलर की फीस के साथ भारतीयों के लिए अमेरिकी सपना लगभग खत्म हो सकता है, जो एच-1बी वीजा धारकों में सबसे बड़ी तादाद में हैं। एक व्यक्ति ने कहा कि यह एक अजीब समय है। इस प्रशासन को अभी सिर्फ छह-सात महीने ही हुए हैं और सब कुछ पागलपन भरा लग रहा है। लोग सचमुच यह सवाल करने लगे हैं कि क्या वे अमेरिका में अपना जीवन संवार पाएंगे, क्योंकि अब हर चीज को लेकर अनिश्चितता का स्तर बहुत ऊंचा है।

## यूपी एटीएस ने भिवंडी में फिर की छापेमारी, फिलिस्तीन में पैसे भेजने के आरोप में तीन गिरफ्तार

ठाणे। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ते (यूपी एटीएस) ने शनिवार देर रात तक छापेमारी कर मुंबई से सटे भिवंडी के विभिन्न इलाकों से तीन युवकों को गिरफ्तार किया। इन युवकों पर करीब 3 लाख रुपये जमा करने और यह रकम फिलिस्तीन भेजने का आरोप है। तीनों पर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है। जांच एजेंसियां ??इनसे गहन पूछताछ कर रही हैं। गिरफ्तार युवकों के नाम मोहम्मद अयान मोहम्मद हुसैन (22 वर्ष, निवासी सहारा अपार्टमेंट, ताहेरा मैरिज हॉल के पास, भिवंडी) अबू सुफियान तजम्मुल अंसारी (22 वर्ष, निवासी गुलजार नगर, भिवंडी) और जैद नोटियार अब्दुल कादिर (22 वर्ष, निवासी वेताल पाड़ा, भिवंडी) हैं। जांच में पता चला था कि भिवंडी से लाखों रूपये की रकम फिलिस्तीन भेजी जा रही थी। उसके बाद शुक्रवार को भिवंडी पहुंची यूपी एटीएस की एक टीम ने जांच शुरू की। इस दौरान, टीम ने अबू सुफियान तजम्मुल अंसारी को उसके घर से हिरासत में लिया। उससे पूछताछ करने पर उसने अपने दो अन्य साथियों मोहम्मद अयान मोहम्मद हुसैन और जैद नोटियार अब्दुल कादिर के नाम बताए। टीम ने शांतिनगर और निजामपुरा पुलिस की मदद से दोनों को गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई। उन पर धन उगाही करने और पैसे आतंकवादियों को विदेश भेजने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ता इन तीनों युवकों को आगे की पूछताछ के लिए शनिवार देर रात लखनऊ स्थित एटीएस कार्यालय ले गया। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले हफ्ते दिल्ली पुलिस ने अंबरनाथ तालुका के नेवाली नाका इलाके से एक संदिग्ध आतंकवादी आफताब कुरैशी को गिरफ्तार किया था। तब भी उल्हासनगर की हिल लाइन पुलिस ने आफताब के घर की तलाशी ली थी। उसे गिरफ्तार कर आगे की पूछताछ के लिए दिल्ली ले जाया गया। अब, इसके बाद, भिवंडी के इन तीनों पर संदिग्ध राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है। जांच एजेंसियां ??इनसे गहन पूछताछ कर रही हैं। दो साल पहले नवरात्रि और दशहरा के आयोजनों के मद्देनजर पुलिस विभाग सतर्क हो गया था और जगह-जगह छापेमारी की गई थी। उस समय, राष्ट्र-विरोधी और आतंकवादी गतिविधियों को वित्तपोषित करने के आरोपी पीएफआई संगठन के तीन पदाधिकारियों को भिवंडी शहर से हिरासत में लिया गया था।

## पीएम मोदी का देश के नाम संबोधन : आत्मनिर्भर भारत और जीएसटी सुधारों पर जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश को संबोधित करते हुए नवरात्रि की बधाई दी और आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र का लक्ष्य पाने के लिए देश को आत्मनिर्भर बनना होगा और इसके लिए एमएसएमई सेक्टर पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। पीएम मोदी ने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी अभियान और मैन्यूफैक्चरिंग को गति दें और निवेश के अनुकूल माहौल बनाएं।

पीएम मोदी ने बताया कि कल, 22 सितंबर से नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू होंगे। इसके तहत केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रहेंगे। रोजमर्रा की चीजें या तो टैक्स फ्री होंगी या केवल 5प्रतिशत टैक्स देना होगा। इससे गरीब, मध्यमवर्गीय, न्यू मिडिल क्लास, युवा किसान, महिलाएं और व्यापारी सभी लाभान्वित होंगे। उन्होंने इसे एक तरह का 卐जीएसटी बचत उत्सव卐 करार दिया और कहा कि इससे देशवासियों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी।

पीएम मोदी ने जीएसटी सुधारों के इतिहास पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले लाखों कंपनियां अलग-अलग टैक्स के जाल में फंसी हुई थीं। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक भेजना महंगा और जटिल था। 2017 में जीएसटी लागू होने से 卐वन नेशन, वन टैक्स卐 का सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री ने एमएसएमई और स्वदेशी उत्पादों को लेकर भी जोर दिया। उनका कहना था कि भारत में बने सामान की गुणवत्ता बेहतर है और हमें इसे दुनिया में पहचान दिलानी होगी। उन्होंने हर भारतीय से अपील की कि गर्व से कहो मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं।

उन्होंने कहा कि इन सुधारों और स्वदेशी अभियान से कारोबार आसान होगा, निवेश बढ़ेगा और हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी का साथी मिलेगा।

## यदि संपन्न हैं तो आरक्षण की क्या जरुरत- सुप्रिया सुले

मुंबई। सांसद सुप्रिया सुले ने कहा है कि यदि आर्थिक रुप से संपन्न हैं तो आरक्षण की क्या जरुरत है। उन्होंने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि, मेरे माता-पिता शिक्षित हैं। मैं एजुकेटेड हूं और मेरे बच्चे पढ़े-लिखे हैं। ऐसे में यदि मैं भी आरक्षण की मांग करती हूं तो मुझे इसको लेकर शर्म आनी चाहिए। हालांकि, सुप्रयि सुले ने इस पर और अध्ययन करने और जाति के साथ ही आर्थिक आधार दोनों का एक प्रॉपर कॉम्बिनेशन तैयार कर उसके बेस पर आरक्षण देने की बात कही है। भारतीय राजनीति में आरक्षण हमेशा से ही सेंसिटिव इश्यू रहा है। इस लिहाज से सुप्रिया सुले का यह बयान काफी अहम है।

इससे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एसपी के प्रमुख और सुप्रिया सुले के पिता शरद पवार ने आरक्षण मुद्दे पर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि देशभर में आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने में केंद्र सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण है। सरकार को संसद के जरिए संविधान में संशोधन कर आरक्षण पर फैसला लेना चाहिए। एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार ने एक कार्यक्रम में कहा, आरक्षण के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उचित समय पर संविधान में संशोधन करके सुलझाना चाहिए। शरद पवार ने कहा कि आरक्षण के मुद्दे पर समाज में दरार पैदा हो रही है, जिससे समाज में कटुता और दुराव पैदा हो रही है।

सुप्रिया सुले ने कहा कि आरक्षण जरूरतमंदों को मिलना चाहिए। देश में आरक्षण राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा रहा है। दरअसल, सुप्रिया सुले से आरक्षण पर सवाल पूछा गया था। इस पर उन्होंने कहा कि सभी के लिए अवसर की समानता होनी चाहिए। सुप्रिया सुले ने कहा, आरक्षण उन्हें मिलना चाहिए जिनको सही मायने में इसकी जरूरत है। शरद पवार ने आरक्षण को लेकर तमिलनाडु का उदाहरण दिया था। प्रदेश में 72 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। पवार ने कहा था, 'अगर आरक्षण के मुद्दों को सुलझाना है, तो राष्ट्रीय स्तर पर ही निर्णय लिए जाने चाहिए। केंद्र सरकार को इस पर फैसला लेना होगा। अगर तमिलनाडु में 72 प्रतिशत आरक्षण दिया जा सकता है, तो उचित समय पर संविधान में संशोधन करके आरक्षण के मुद्दे को सुलझाने के लिए संसद में निर्णय लिया जाना चाहिए।' बता दें कि देश के वंचित तबके को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। जाति के आधार पर रिजर्वेशन की सुविधा दी जा रही है। कुछ साल पूर्व केंद्र ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को भी आरक्षण के दायरे में लाया है। इस देश में कई बार इस बात को लेकर बहस चलती रहती है कि क्या कास्ट बेस्ड रिजर्वेशन उचित है या फिर इसे खत्म कर आरक्षण के लिए नया फॉर्मूला अपनाना चाहिए। मतलब आर्थिक आधार पर या फिर सिर्फ जरूरतमंदों को ही इसका लाभ मिल सके, जिसके लिए सरकार मानक तय करे।

## कानपुर-दिल्ली फ्लाइट में दिखा चूहा मची हड़कंप, यात्रियों को किया डी-बोर्ड

कानपुर। कानपुर एयरपोर्ट पर एक विमान में अचानक चूहे के दिखाई देने से हड़कंप मच गया। रविवार को दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली इस फ्लाइट में चूहे के केबिन में घूमते होने की सूचना मिलने पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी यात्रियों को डी-बोर्ड कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से कानपुर पहुंचने के बाद यह फ्लाइट दोपहर 2ः50 बजे पुनः दिल्ली के लिए रवाना होने वाली थी। उड़ान भरने से कुछ समय पहले ही क्रू मेंबर ने केबिन में चूहे को देखा। इसके बाद एयरपोर्ट स्टाफ ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## उपमुख्यमंत्री डीके बोले- सड़कों में गड्ढे होना ईश्वर का प्रकोप, कर्नाटक में मचा सियासी बवाल

बेंगलुरु। बारिश के चलते बेंगलुरु में सड़कों की हालत बेहद खराब है और चौतरफा गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। इस पर राज्य के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का कहना है कि ये ईश्वरी प्रकोप है। इससे कर्नाटक में सियासी बवाल मच गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शेहजाद पूनावाला ने सरकार की इस दलील पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन ट्रकिंग प्लेटफॉर्म ब्लैकबक के बेल्लांदूर रिंग रोड पर अपने ऑफिस ट्रांसफर की धमकी के बाद, अब कई टेक कंपनियां भी बेंगलुरु छोड़ने पर विचार कर रही हैं। समस्या को सुलझाने की सबसे कम मंशा है। कर्नाटक के लोग सबसे ज्यादा टैक्स चुकाते हैं, लेकिन उन्हें गारंटी की बजाय केवल गड्ढे, बिगड़ती बुनियादी ढांचा और नागरिक समस्याएं मिल रही हैं, खासकर बेंगलुरु में।

राज्य की सड़कों की बुरा हाल, जलभराव और गड्ढों को लेकर डिप्टी सीएम डीके शिवाकुमार की खूब आलोचना हो रही है। इसी बीच गड्ढों की समस्या को लेकर डिप्टी सीएम और बेंगलुरु विकास मंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर राजनीतिक बवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार का बचाव करते हुए सड़कों पर गड्ढों की समस्या के लिए प्राकृतिक आपदा और भारी बारिश को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही उन्होंने बताया कि शहर में करीब 7,000 गड्ढों की मरम्मत हो चुकी है और 5,000 की मरम्मत की जा रही है। शिवकुमार ने कहा, 'सड़कों पर गड्ढे जानबूझकर नहीं बनाए जाते हैं। ये प्राकृतिक कारणों खासकर भारी बारिश का परिणाम हैं।

## उज्जैन सिंहस्थ 2028 अब नए कानून के तहत होगा आयोजित

**भोपाल। उज्जैन सिंहस्थ 2028 अब नए कानून के तहत आयोजित होगा। दरअसल राज्य सरकार 70 साल पुराने मध्य भारत सिंहस्थ मेला एक्ट-1955 को खत्म कर नया कानून लाने की तैयारी में है। इसका ड्राफ्ट लगभग तैयार हो चुका है और शीतकालीन सत्र में बिल पेश किए जाने की उम्मीद है। नए कानून में कलेक्टर को व्यापक अधिकार दिए जाएंगे और उल्लंघन करने वालों पर आर्थिक दंड के साथ तीन साल तक की सजा का प्रावधान होगा।**

जानकारी अनुसार सरकार ने कहा है कि सिहंस्थ के लिए नए प्रावधान इसलिए जरूरी हैं ताकि मेला क्षेत्र को सुरक्षित और व्यवस्थित रखा जा सके। नगरीय विकास विभाग ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश के 2017 के एक्ट का भी अध्ययन कर रेखांकित किया गया है। बताया गया कि 2016 के बाद मेला क्षेत्र में कई अतिक्रमण और स्थायी निर्माण हो गए हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए कड़ा कानून जरूरी है।

### मेला प्राधिकरण बोर्ड को होगा गठन

नए एक्ट के तहत मेला प्राधिकरण बोर्ड का गठन होगा, जिसमें संभागायुक्त, आईजी और कलेक्टर शामिल होंगे। यह बोर्ड सीधे मुख्यमंत्री की निगरानी में काम करेगा। पुराने एक्ट में केवल पेनल्टी का प्रावधान था, जबकि नए कानून में आर्थिक दंड और सजा दोनों शामिल होंगे।

### राजस्व अधिकारी को होंगी एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां

मेला क्षेत्र को अलग-अलग बीट में बांटा जाएगा और राजस्व अधिकारियों को एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी जाएंगी। हर तीन से छह माह में एरियल सर्वे होगा और अतिक्रमण रोकने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आधारभूत सुविधाओं, संक्रमण नियंत्रण, साफ-सफाई, दुकानों, शौचालयों और शुल्क व्यवस्था जैसी तैयारियां भी नए कानून के दायरे में आएंगी।

### ...और अधिक व्यापक होगा नया कानून

1955 के एक्ट में मेला अधिकारी को ही सीमित अधिकार थे, जो केवल जगह आवंटन, शर्तें तय करने और शुल्क वसूली तक सीमित थे। लेकिन नया कानून अधिक व्यापक और कठोर होगा ताकि सिंहस्थ मेला 2028 बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था के साथ आयोजित हो सके।

## चुनाव आयोग एक्शन में, बीजेपी और डीएमके के सहयोगी दलों समेत 42 तमिल पार्टियों के रजिस्ट्रेशन किए रद्द

चेन्नई,। चुनाव आयोग निष्क्रिय राजनीतिक दलों के खिलाफ सख्त हो गया हैं। आयोग ने अगले साल होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की 42 पार्टियों का रजिस्ट्रेनश रद्द कर दिया है, इनमें सत्ताधारी डीएमके और बीजेपी के सहयोगी दल भी शामिल हैं। आयोग ने लगातार 6 साल तक चुनाव न लड़ने पर देशभर में 474 राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है। चुनाव आयोग के इस सफाई अभियान की जद में अकेले तमिलनाडु की 42 पार्टियां आई हैं।

तमिलनाडु में पिछले तीन वित्तीय सालों (2021-22, 2022-23, 2023-24) में अपना सालाना ऑडिट अकाउंट जमा नहीं करने वाले 39 और राजनीतिक दलों की पहचान की गई है। ये ऐसे दल हैं जिन्होंने चुनाव तो लड़ा, लेकिन चुनाव खर्च की रिपोर्ट दाखिल नहीं की। राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन के लिए बनाई गई गाइडलाइन में कहा है कि अगर कोई पार्टी लगातार छह साल तक चुनाव नहीं लड़ती है, तो उसे पंजीकृत दलों की सूची से बाहर कर दिया जाएगा। इस नियम के तहत 42 तमिल पार्टियों पर एक्शन लिया गया है।

आयोग ने जिन तमिल पार्टियों पर एक्शन लिया है उनमें, पापनासम के विधायक एमएच जवाहिरुल्ला के नेतृत्व में मनिथानेया मक्कल काची (एमएमके), थिरुचेंगोडे के विधायक ईआर ईश्वरन के नेतृत्व में कोंगुनाडु मक्कल देसिया काची (केएमडीके) और जॉन पांडियन के नेतृत्व में तमिलागा मक्कल मुनेत्र कड़गम शामिल हैं। एमएमके, जिसके दो विधायक हैं और केएमडीके, जिसका एक विधायक और एक सांसद है, उन्होंने पिछला विधानसभा और लोकसभा चुनाव डीएमके के टिकट पर लड़ा था। चुनाव आयोग का यह फैसला इसलिए भी अहम है क्योंकि एमएमके और केएमडीके दोनों ही सत्तारूढ़ डीएमके की सहयोगी हैं।

बीजेपी की सहयोगी जॉन पांडियन की टीएमएमके ने पिछला लोकसभा चुनाव तेनकासी में कमल के निशान पर लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, जबकि तमीमुन अंसारी की एमजेके, जिसने 2016 का विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके के चुनाव चिन्ह पर लड़ा था, इसके बाद के पार्टी चुनावों से दूर रही। इस तरह सूची से हटाई गई अन्य पार्टियों में थमिमुन अंसारी के नेतृत्व वाली मणिथानेया जननायगा काची शामिल है, जिसने नागपट्टिनम सीट से चुनाव लड़ा था। एनआर धनपालन के नेतृत्व वाली पेरुंथलाइवर मक्कल काची, जिसने पेरम्बूर सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली, दोनों ही 2016 और 2021 के विधानसभा चुनावों में एआईएडीएमके के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आयोग का कहना है कि चुनावी प्रणाली को साफ-सुथरा बनाने की व्यापक और सतत रणनीति के तहत पिछले छह साल में चुनाव नहीं लड़ने और बाकी मानदंडों का उल्लंघन करने की वजह से कुल 474 पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया गया है। आयोग की तरफ से राजनीतिक पार्टियों की लिस्ट को ज्यादा पादर्शी बनाने के लिए बड़े पैमाने पर यह कैंपेन चलाया जा रहा है। पिछले दो महीने में कुल 808 राजनीतिक दलों को सूची से बाहर किया जा चुका है। साथ ही आयोग ने 359 अन्य गैर-मान्यता प्राप्त सियासी दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। अगर ये सियासी दल जरूरी दस्तावेज और शर्तें पूरी नहीं करते हैं तो जल्द ही आयोग इन पार्टियों को भी अपनी सूची से हटा सकता है, जिससे बाद पंजीकृत पार्टियों की लिस्ट से हटाए जाने वाले दलों की कुल संख्या 833 हो जाएगी।

चुनाव आयोग के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त सियासी दलों को आयोग में रजिस्टर्ड किया जाता है। रजिस्ट्रेशन के बाद इन पार्टियों को चुनाव चिन्ह, टैक्स छूट जैसे विशेष अधिकार हासिल होते हैं, लेकिन नियमों के मुताबिक अगर कोई राजनीतिक दल लगातार छह साल तक कोई चुनाव नहीं लड़ता है, तो उसे रजिस्टर्ड पार्टियों की सूची से हटा दिया जाता है।

## मेरा फोन तक नहीं उठाते हो, पूरी चौकी को निलंबित करवा दूंगा

### -सीतापुर से बीजेपी विधायक तिवारी ने खुलेआम दी पुलिस को धमकी

लखनऊ। यूपी के सीतापुर से बीजेपी विधायक ज्ञान तिवारी ने खुले तौर पर पुलिस को धमकी दी है। बीजेपी विधायक तिवारी ने कहा कि पूरी चौकी को निलंबित करवा दूंगा। इसकी लिखित रिपोर्ट अभी भेजो। तुम्हारा दिमाग खराब है तुम मेरा फोन तक नहीं उठाते हो। एक जनप्रतिनिधि को खुद चौकी पर आना पड़ रहा है। आपके पास मेरा नंबर भी नहीं है क्या। योगी राज में अगर पीड़ित की सुनी ही नहीं जाएगी तो फिर क्या सपा में उसकी सुनी जाएगी। ऐसे उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक सीतापुर की बहादुरगंज पुलिस चौकी में शुक्रवार की देर शाम एक युवक ने शिकायत की कि उसके ठेकेदार ने उसकी 10 हजार रुपए मजदूरी नहीं दी। जब वह मांगने गया तो ठेकेदार उसे धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बल्कि ठेकेदार ने कहा कि अगर युवक ने उल्टा उसे पांच हजार रुपए नहीं दिए तो उसके खिलाफ लूट का केस दर्ज करवा देगा। पीड़ित ने इसकी शिकायत सेवता से बीजेपी विधायक ज्ञान तिवारी से की। शिकायत मिलने के बाद विधायक रामपुर मथुरा क्षेत्र की बहादुरगंज पुलिस चौकी पहुंच गए।

विधायक जब थाने पहुंचे तो देखा कि एक आदमी पुलिस की बैरक में खाट पर लेटा था। इसके बाद विधायक ने चौकी इंचार्ज को बुलाया जो कि उस समय फील्ड में थे। एक सिपाही आया। विधायक ने बैरक में लेटे हुए आदमी के बारे में पूछा तो पता चला कि वह वहीं ठेकेदार है, जिसने पीड़ित युवक को धमकी दी थी और पीड़ित की मजदूरी नहीं दी थी।

इतना सुनते ही विधायक आग बबूला हो गए और उन्होंने चिल्लाते हुए सिपाही को फटकार लगाई। विधायक ने सिपाही से कहा कि दिमाग खराब है तुम्हारा, चल नहीं पा रहे हो, दग जाओगे, गरीबों का खाओगे तो बीवी-बच्चे सब कोढ़ी हो जाएंगे। विधायक ने कहा कि आपने आरोपी ठेकेदार को दरोगा के कमरे में कैसे लिटाया है। तुम्हारा दिमाग खराब है। तुम मुलजिमों को यहां बुलाकर लिटाओगे। मैंने देखा की ये यहां लेटा था और तुम कह रहे हो की तुमने देखा नहीं। कोई भी आएगा और ऐसे चौकी में लेट जाएगा। मैं तुम्हारे खिलाफ मुकदमा करुंगा।

इसी बीच चौकी इंचार्ज चौकी वहां आ गए। विधायक ने चौकी इंचार्ज को डांटते हुए कहा कि मैं तेरे को तीन बार फोन लगा चुका हूं। तुमने मेरा फोन तक नहीं उठाया। तेरे पास विधायक का नंबर क्यों नहीं है। एक जनप्रतिनिधि को चौकी आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने भी पुलिस पर वसूली के आरोप लगाए। ग्रामीणों ने भी चौकी पर अव्यवस्था, मनमानी व वसूली की शिकायतें कीं। विधायक ने एसपी को फोन किया और पूरे मामले की जानकारी दी।

# पिकअप वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो व्यक्ति की हुई मौत

## खमरिया में दर्दनांक सड़क हादसा, दो परिवार में छाया मातम, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा से वारासिवनी हाईवे मार्ग स्थित खमरिया के आगे चिंदरई देवी के समीप रविवार की सुबह करीब १० बजे एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया। केले से भरी पिकअप वाहन चालक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दुसरे व्यक्ति की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे दोनों मृतक के परिवारजनों एवं ग्राम में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से मृत व्यक्ति की लाश बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खमरिया निवासी ३० वर्षीय निर्देश नेवारे अपने रिस्तेदार पाथरी (वारासिवनी) निवासी ४२ वर्षीय शोभित राउत के साथ खमरिया से मोटरसाइकिल में पाथरी (नेवरगांव वा.) की ओर जा रहे थे एवं वारासिवनी की ओर से केले से भरा पिकअप वाहन लालबर्रा की ओर आ रहा था। तभी खमरिया के आगे चिंदरई देवी के समीप पिकअप वाहन चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार पाथरी निवासी शोभित राउत की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं खमरिया निवासी निर्देश नेवारे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद मार्ग से गुजरने वाले लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी और तत्काल घायल निर्देश नेवारे को सिविल अस्पताल वारासिवनी में भर्ती किये जहां प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए वहां से उसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान खमरिया निवासी ३० वर्षीय निर्देश नेवारे की भी मौत हो गई। इस तरह से रविवार की सुबह करीब १० बजे लालबर्रा से सिवनी हाईवे मार्ग खमरिया के आगे घटित दर्दनांक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है एवं मोटरसाइकिल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त भी हो चुका है। वहीं पिकअप वाहन चालक को मामूली चोटे आई है। खमरिया के आगे भीषण सड़क हादसा घटित होने की जानकारी लगने के बाद लालबर्रा पुलिस घटना स्थल पहुंचकर मृत व्यक्ति का शव बरामद कर आवश्यक कार्यवाही करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। पुलिस ने घटना स्थल से पिकअप वाहन को जप्त कर लिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





### पिकअप वाहन की टक्कर से दो व्यक्ति की हुई मौत - गुलेन्द्र

जनपद सदस्य गुलेंद्र भगत ने बताया कि पिकअप वाहन की जबरदस्त टक्कर से रविवार को खमरिया के आगे बाईक सवार दो व्यक्ति की मौत हो गई, जिसमें एक व्यक्ति पाथरी एवं दुसरा खमरिया निवासी है। दोनों मोटरसाइकिल से नेवरगांव ला. की ओर जा रहे थे तभी खमरिया के आगे चिंदरई देवी मंदिर के समीप केले से भरा पिकअप वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई एवं दुसरे की जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हुई है। श्री भगत ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है एवं मृत व्यक्ति के परिजनों को शासन की योजना का लाभ दिलवाया जायेगा।

# एक 25 वर्षीय लड़की की फांसी लगाने से मौत

## बैहर थाने की कम्पाउंडर टोला की घटना, मेडिकल दुकान में काम करती थी रंजना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। बैहर थाना में आने वाले कम्पाउंडर टोला में अपने परिवार के साथ किराए से रह रही एक लड़की की फांसी लगाने से मौत हो गई ।मृतिका रंजना पिता बृजलाल उइके 25 वर्ष ग्राम मदनपुर धुर्वा टोला थाना बैहर निवासी है। इस लड़की ने किस वजह से फांसी लगाई, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। बैहर पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृजलाल उइके ग्राम मदनपुर धुर्वा टोला निवासी मलाजखंड थाना में आरक्षक पद पर पदस्थ है। जिनके परिवार में दो पत्नी और उनके बच्चे हैं। बृजलाल उइके बैहर के कम्पाउंडर टोला में किराए के मकान में रहते थे। उनकी दोनों पत्नी अलग-अलग कमरे में रहती है।बड़ी पत्नी के दो बेटी है और छोटी पत्नी के एक बेटा और एक बेटी है। बृजलाल उइके की बड़ी पत्नी की बेटी रंजना उइके बैहर के एक मेडिकल दुकान में काम करने जाती थी। 20 सितंबर को भी रंजना उइके बैहर मेडिकल दुकान काम करने गई थी। किंतु वह 5 बजे करीब वह घर आ गई थी। उस समय घर में कोई नहीं था। इसी दौरान रंजना उइके ने कमरे के अंदर म्याल में अपनी चुनरी बांधकर फांसी लगा ली। इसके कुछ ही देर बाद उसका भाई आया और उसने रंजना उइके को फांसी पर लटके देखा। जिसने तुरंत ही परिवार की अन्य लोगों को बताया। रंजना उइके को फांसी से उतार कर बैहर अस्पताल लेकर गये। किंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिये। रंजना उइके की फांसी लगाने से संभवत मौके पर ही मौत हो चुकी थी। जिसकी सूचना बैहर थाने में दी गई। सहायक उप निरीक्षक मुकेश नरताम ने अस्पताल पहुचकर मौके की कार्रवाई की। 21 सितंबर को शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात रंजना उइके का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं। रंजना उइके ने किस वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सहायक उप निरीक्षक श्री नरताम द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

# जंगली सूअर के हमले में कृषक घायल

## कटंगी वन परिक्षेत्र के ग्राम सिरपुर की घटना

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। कटंगी वन परिक्षेत्र में आने वाले ग्राम सिरपुर में वन्य प्राणी जंगली सूअर के हमले में एक कृषक घायल हो गया। 21 सितंबर को दोपहर में यह घटना उस समय हुई जब यह कृषक अपने खेत फसल में सोडा छिड़काव करने के लिए गया था। जंगली सूअर के हमले में घायल कृषक बस्तीराम पिता झनकलाल भलावी 60 वर्ष ग्राम सिरपुर थाना कटंगी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषक बस्तीराम भलावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। जिनके परिवार में पत्नी दो बेटे और एक बेटी है सभी की शादी हो चुकी है। बस्तीराम भलावी का खेत जंगल किनारे लगा हुआ है। 21 सितंबर को 11 बजे करीब कृषक बस्तीराम भलावी अपने बैलों को लेकर अपने खेत सोडा की छिड़काव करने के लिए गया था । बैलों को खेत में बांधकर बस्ती राम भलावी ने अपनी खेत की फसल में सोडा का छिड़काव किया और खेत की पार में खड़ा था उसी समय खेत समीप जंगल में बंदरों के चिल्लाने की आवाज आई। उसी दौरान जंगली सुअर जंगल तरफ से दौड़ते आई और कृषक बस्तीराम। भलावी पर हमला कर दिया और उसके दाहिने पैर की जांघ को चीरते हुए भाग गया । जंगली सूअर के हमले में कृषक बस्तीराम भलावी खेत बंधी में गिर गया था। जो जैसे तैसे उठा और लकड़ी टेकते हुए अपने घर पहुंचा। जिसे 108 एंबुलेंस से कटंगी की अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कृषक बस्तीराम को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।



# 10 चक्का ट्रक ने बुलेट मोटरसाइकिल को चपेट में लिया

## तीन युवक घायल- दो युवक हायर सेंटर रेफर

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। भरवेली रोड पर स्थित आंवलाझरी पेट्रोल पंप के पास ट्रक ने बुलेट मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। ट्रक की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार तीन युवक घायल हो गए। तीनों युवक भरवेली निवासी है। तीनों घायल युवक को जिला अस्पताल बालाघाट में लाया गया। जहा से अधिक चोट लगने से घायल दो युवक तौसीफ खान पिता मुस्ताक खान 21 वर्ष, सचिन पिता करण डहारे 25 वर्ष दोनों भरवेली निवासी को जिला अस्पताल से हायर सेंटर गोंदिया रेफर किया गया है। एक अन्य घायल युवक भावेश बिसेन का नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 सितंबर की रात्रि 10 बजे करीब यह तीनों युवक बुलेट मोटरसाइकिल में बालाघाट से भरवेली जा रहे थे तभी आंवलाझरी बजाज पेट्रोल पंप के पास बैहर की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा रहे 10 चक्का ट्रक ने बुलेट मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। ट्रक की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार तौसीफ खान और सचिन डहारे गंभीर रूप से घायल हो गए। वही भावेश बिसेन को मामूली चोटे आई। तीनों घायल को जिला अस्पताल बालाघाट में लाया गया। जहा से गंभीर रूप से घायल तौसीफ खान और सचिन डहारे को बेहतर उपचार हेतु उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। परिजनों ने उन्हें गोंदिया के निजी अस्पताल में भर्ती के हैं वहीं घायल भावेश बिसेन का इलाज नगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।




आवश्यकता है
डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल काली पुतली चौक, बालाघाट







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट